


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 24 अगस्त, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 16 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-7 | अंक-234

### जयशंकर की टैरिफ वॉर पर अमेरिका को दो टूक, बोले

# भारत रेड लाइन्स से नहीं करेगा समझौता

**नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ को लेकर जारी विवाद पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अहम टिप्पणियाँ की हैं। जयशंकर ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत अपनी 'रेड लाइन' से कभी समझौता नहीं करेगा, चाहे बात किसानों के हितों की हो या रणनीतिक स्वायत्तता की। अमेरिका द्वारा लगाए टैरिफ पर जयशंकर ने कहा, इसे तेल का मुद्दा बताया जाता है लेकिन चीन पर कोई टैरिफ नहीं लगाया गया।

जानकारी के मुताबिक, अमेरिका के साथ ट्रेड को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, बातचीत अभी भी चल रही है लेकिन हमारी कुछ रेड लाइन्स हैं। सबसे अहम है किसानों और छोटे उत्पादकों के हित, यह ऐसा मुद्दा है जिस पर समझौता संभव नहीं है।

जयशंकर ने अमेरिका पर सवाल उठाते हुए कहा, इसे तेल का मुद्दा बताया जाता है लेकिन चीन, जो रूस से सबसे बड़ा आयातक है, उस पर कोई टैरिफ नहीं लगाया गया। भारत को निशाना बनाने वाली दलीलें

इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2025 में विदेश मंत्री जयशंकर ने यूरोप और अमेरिका को लेकर कहा, अगर आपको भारत से तेल या रिफाइंड उत्पाद खरीदने में समस्या है, तो इसे न खरीदें, लेकिन यूरोप खरीदता है, अमेरिका खरीदता है। अगर पसंद नहीं तो हमसे मत खरीदिए।



**तेल खरीदने पर हमें निशाना बनाने वाली दलीलें चीन पर क्यों नहीं होतीं लागू**

उन्होंने आगे कहा, यह हास्यास्पद है कि एक व्यापार-समर्थक अमेरिकी प्रशासन के लिए काम करने वाले लोग दूसरों पर व्यापार करने का आरोप लगा रहे हैं। अमेरिका और पाकिस्तान के बीच संबंधों पर बोलते हुए उन्होंने कहा, उनका एक-दूसरे के साथ इतिहास रहा है और अपने इतिहास को नजरअंदाज करने का भी उनका इतिहास रहा है।

जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में कहा, अब तक हमने ऐसा कोई अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं देखा है, जिसने विदेश नीति को वर्तमान राष्ट्रपति की तरह सार्वजनिक रूप से संचालित किया हो। यह अपने आप में एक बदलाव है, जो केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप का दुनिया के साथ व्यवहार करने का तरीका, यहाँ तक कि अपने देश के साथ व्यवहार करने का तरीका पारंपरिक रूढ़िवादी तरीके से बहुत बड़ा बदलाव है।

## टैरिफ विवाद के बीच भारत का बड़ा एक्शन, 25 अगस्त से अंतर्राष्ट्रीय डाक सेवा बंद

**नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारत ने अमेरिका के लिए अंतर्राष्ट्रीय डाक सेवाओं को निलंबित कर दिया है। इस रोक में 100 डॉलर तक की यह ऐलान ऐसे वक्त में हुआ है, जब अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 7 अगस्त से अमेरिका में 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। साथ ही रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत से नाराजगी जताते हुए, ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया है।

दरअसल, डाक विभाग ने शनिवार को घोषणा की कि वह 25 अगस्त से संयुक्त



राज्य अमेरिका के लिए सभी डाक सेवाओं को निलंबित कर रहा है, क्योंकि ट्रंप प्रशासन के नए सीमा शुल्क नियम इस महीने के अंत में लागू होने वाले हैं। डाक विभाग ने कहा कि 29 अगस्त से अमेरिका के लिए निर्धारित सभी अंतर्राष्ट्रीय डाक वस्तुएं, चाहे उनका मूल्य कुछ भी हो, देश-विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) टैरिफ ढांचे के अनुसार सीमा शुल्क के अधीन होंगी। डाक विभाग ने अमेरिकी प्रशासन द्वारा 30 जुलाई, 2025 को जारी कार्यकारी आदेश संख्या 14324 पर ध्यान दिया है, जिसके तहत 800 अमेरिकी डॉलर तक के मूल्य के सामानों पर शुल्क-मुक्त न्यूनतम छूट 29 अगस्त, 2025 से वापस ले ली जाएगी। संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए भेजी जाने वाली सभी अंतर्राष्ट्रीय डाक वस्तुएं, चाहे उनका मूल्य कुछ भी हो, देश-विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक ▶10पर

# 5 साल में करें 5 यूनिकॉर्न तैयार, ताकि हर साल हों 50 रॉकेट लॉन्च : मोदी

### अब चाँद और मंगल तक नहीं रहेंगे सीमित, गहरे अंतरिक्ष में पहुँचेगा भारत

**नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नेशनल स्पेस डे के मौके पर देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बार की थीम 'आर्यभट्ट से गगनयान तक' है, जिसमें अतीत का आत्मविश्वास और भविष्य का संकल्प दोनों झलकते हैं।

पीएम मोदी ने कहा, स्पेस सेक्टर से जुड़े वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि भारत लगातार अंतरिक्ष विज्ञान में नए माइलस्टोन बना रहा है और यह देश के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि भारत अब 'अंतरिक्ष यात्री पूल' तैयार करने जा रहा है और इसमें युवाओं को जुड़ने के लिए आमंत्रित किया। हाल ही में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर तिरंगा फहराने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उस पल ने हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया।



पीएम मोदी ने बताया कि भारत सेमी क्राइअजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी नई तकनीक पर तेजी से काम कर रहा है। जल्द ही गगनयान मिशन लॉन्च होगा और आने वाले वर्षों में भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा।

पीएम मोदी ने कहा, अभी हम चाँद और मंगल तक पहुँचे हैं। अब हमें गहरे अंतरिक्ष में उन हिस्सों में भी झाँकना है, जहाँ मानवता के भविष्य के लिए कई जरूरी रहस्य छिपे हैं। प्रधानमंत्री ने स्पेस सेक्टर में हुए सुधारों पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि पहले इस क्षेत्र को कई पाबंदियों में बांधा गया था लेकिन अब प्राइवेट सेक्टर के लिए दरवाजे खोल दिए गए हैं। आज देश में 350 से ज्यादा स्टार्टअप्स स्पेस-टेक में काम कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने स्टार्टअप्स से अपील की कि वे अगले 5 सालों में कम से कम 5 यूनिकॉर्न तैयार करें और भारत को उस स्थिति तक ले जाएँ कि हर साल 50 रॉकेट लॉन्च कर सकें।

भारत ने इतिहास रचते हुए 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सफलतापूर्वक उतारा था। इसी मिशन में प्रज्ञान रोवर भी सफलतापूर्वक तैनात किया गया।

इस सफलता के बाद भारत चाँद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा और साउथ पोल पर लैंडिंग करने वाला पहला देश बना। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को यादगार बनाने के लिए सरकार ने 23 अगस्त को 'नेशनल स्पेस डे' घोषित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक अब सिर्फ विज्ञान तक सीमित नहीं है बल्कि यह जीवन में आसानी का भी साधन बन गई है।

### सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात पर बोले अमित शाह

# उनके अनुभव से देश को होगा लाभ



**नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को उपराष्ट्रपति पद के एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। गृह मंत्री शाह ने उन्हें अनुभवी एवं दूरदर्शी नेता बताते हुए उनके उज्ज्वल योगदान देने पर विश्वास जताया।

अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस मुलाकात की जानकारी दी। सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की तस्वीरें पोस्ट करते हुए अमित शाह ने 'एक्स' पर लिखा, उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। वे एक अनुभवी नेता हैं, जिनके पास व्यापक संगठनात्मक और प्रशासनिक अनुभव है। मुझे विश्वास है कि वे अपने व्यापक अनुभव के साथ भारत के राष्ट्रीय विमर्श में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

वहीं, सीपी राधाकृष्णन ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, आज नई दिल्ली में हमारे गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर और उनकी शुभकामनाएं पाकर बहुत खुशी हुई।

इससे पहले, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी शनिवार को सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राधाकृष्णन को उनकी उम्मीदवारी के लिए बधाई दी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सीपी राधाकृष्णन के साथ मुलाकात की तस्वीरें भी शेयर कीं। उन्होंने लिखा, थिरु सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुझे विश्वास है कि थिरु राधाकृष्णन एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति साबित होंगे और भारत के लोगों की एक सशक्त आवाज बनेंगे।एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया।उल्लेखनीय है कि जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के बाद यह चुनाव हो रहा है। ▶10पर

## हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से बाहर किया जाए : विहिप




**हल्द्वानी, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** विहिप द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता में संगठन के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री बजरंग लाल बांगड़ा ने मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर हिंदू समुदाय को सौंपने की बात कही। उन्होंने कहा कि हिंदुओं द्वारा दिए जाने वाले चढ़ावे का उपयोग हिंदू समुदाय के उत्थान के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई राज्य सरकारों के साथ बातचीत चल रही है और जल्द ही कुछ सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है।

उन्होंने अवैध धर्मांतरण पर आई तेजी पर चिंता व्यक्त करी और अनेक राज्य सरकारों से वार्ता की बात कही उत्तराखंड सरकार द्वारा हाल ही में पुराने धर्मांतरण कानून में संशोधन करने की सराहना की। अवैध धर्मांतरण और जनसंख्या असंतुलन पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने राज्य सरकारों से सख्त धर्मांतरण कानून बनाने की अपील की। ▶10पर

### केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर बोला हमला, कहा

# चिल्ला-चिल्लाकर मेरा गला बैठ गया

**नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने हाल ही में संसद के मानसून सत्र में विपक्ष के हंगामे को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा, मेरा गला भी बैठ गया है। विपक्ष को चिल्ला-चिल्लाकर मैं अनुरोध करता हूं कि बहस होने दीजिए।



रिजिजू ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में संसद विपक्ष की होती है और सरकार जवाब देने के लिए जिम्मेदार होती है। उन्होंने कहा, विपक्ष को सवाल पूछने ही होंगे। अगर सवाल पूछने वाले ही भाग जाएं तो सरकार क्या करेगी? हम उनसे लगातार कह रहे हैं कि वे हंगामा न करें।

किरेन रिजिजू ने कहा कि अगर संसद नहीं चलती है, तो नुकसान विपक्ष का है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को संसदीय चर्चाओं में कोई रुचि नहीं है और वे संसद में बहस और चर्चा में विश्वास नहीं करते। उन्होंने कहा कि विपक्ष हंगामा करके केवल सुर्खियां बटोरना चाहता है। रिजिजू ने कहा कि संसद का यह मानसून सत्र देश के दृष्टिकोण से तो सफल रहा, लेकिन विपक्ष के दृष्टिकोण से पूरी तरह विफल रहा। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रहित में विधेयक पारित करेगी, लेकिन अगर विधेयक बिना चर्चा के पारित हो जाते हैं तो यह अच्छा नहीं है।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में हारने के बाद कांग्रेस ने मतदाता सूची में संशोधन करने का अनुरोध किया था। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें किसी ने एक नोट दिया था कि क्या बोलना है, लेकिन वे बोलते-बोलते भटक गए।

रिजिजू ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वे सी आई एस एफ नहीं थे, बल्कि सदन के मार्शल थे। उन्होंने कहा, सेना या सी आई एस एफ को सदन में कैसे लाया जा सकता है? कांग्रेस झूठ बोल रही है।

रिजिजू ने कहा कि विपक्ष को उनके पार्टी नेताओं द्वारा ऊपर से आदेश दिया गया है कि वे जाकर हंगामा करें और सुर्खियां बटोरें। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने गृह मंत्री का माइक छीनकर सारी हदें पार कर दीं।

रिजिजू ने कहा कि सरकार के लिए यह सत्र पूरी तरह सफल रहा है, क्योंकि इसमें कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक क्रांतिकारी विधेयक पेश किया है, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी भी मंत्री को कानून से ऊपर नहीं माना गया है। उन्होंने सवाल किया कि विपक्ष को इस विधेयक से क्या आपत्ति है।

## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 29°
न्यूनतम : 22°

# चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री

### 30 मौजूदा सीएम की कुल संपत्ति में 57% सिर्फ नायडू के पास, ममता के पास सिर्फ 15 लाख

**नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। देश के मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के पास कुल 1632 करोड़ रुपए की संपत्ति है। इसका करीब 57% हिस्सा चंद्रबाबू के पास है। उनके पास 810 करोड़ रुपए की चल संपत्ति (कैश डिपॉजिट, जेवर आदि) और 121 करोड़ रुपए




की अचल संपत्ति (मकान, जमीन आदि) है। चंद्रबाबू पर 10 करोड़ रुपए का कर्ज भी है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास सिर्फ 15.38 लाख रुपए की चल संपत्ति है। ममता के पास किसी प्रकार की अचल संपत्ति नहीं है। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ▶10पर


# ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में विधायक केसी वीरेंद्र गिरफ्तार

### 12 करोड़ की नकदी और 6 करोड़ के गहने-गाड़ी जब्त

**बेंगलुरु, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए चित्रदुर्ग के विधायक केसी वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। पिछले 24 घंटे में ईडी ने देशभर में लगभग 31 ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान, करीब 12 करोड़ रुपए की नकदी, 6 करोड़ रुपए के गहने और गाड़ियां जब्त की गईं।



ईडी ने शुक्रवार को ऑनलाइन और ऑफलाइन जुआ के मामले में चित्रदुर्ग के विधायक केसी वीरेंद्र और अन्य के खिलाफ छापेमार कार्रवाई शुरू की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), बेंगलुरु जोनल कार्यालय ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 22 अगस्त और 23 अगस्त को गंगटोक, चित्रदुर्ग जिला, बेंगलुरु शहर, हुबली, जोधपुर, मुंबई और गोवा समेत देशभर में 31 स्थानों पर एक तलाशी अभियान चलाया गया। जांच में सामने आया है कि आरोपी किंग-567 और राजा567 जैसी कई ऑनलाइन जुआ वेबसाइट चला रहे थे। इसके अलावा, आरोपी का भाई केसी थिप्पेस्वामी दुबई से 3 व्यावसायिक संस्थाओं का संचालन कर रहा है, जिनका नाम डायमंड सॉफ्टेक, टीआरएस टेक्नोलॉजीज और प्राइम9 ▶10पर





# न्यूयॉर्क में टूर बस राजमार्ग पर पलटी, 5 की मौत 32 घायल, पीड़ितों में भारतीय भी हो सकते हैं

न्यूयॉर्क,23 अगस्त (एजेंसियां)।

**पश्चिमी न्यूयॉर्क के एक प्रमुख राजमार्ग पर 50 से ज्यादा यात्रियों से भरी एक टूर बस नियंत्रण खोकर पलट गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 32 घायल हो गए। पीड़ितों में भारतीय नागरिक भी हो सकतें हैं। कई पीड़ितों को एयर लिफ्ट कर चिकित्सा केंद्रों में पहुंचाया गया।**

न्यूयॉर्क पुलिस ने यह हादसा शुक्रवार को हुआ। सभी बस यात्री नियाग्रा फॉल्स देखकर न्यूयॉर्क शहर वापस लौट रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जेम्स ओ कैलाघन ने कहा, अज्ञात कारणों से बस नियंत्रण खो बैठी और राजमार्ग पर पलटते हुए खाई में गिर गई। गनीमत यह है कि बस किसी दूसरे वाहन से नहीं टकराई।


पुलिस ने बताया कि बस में 52 यात्री और वाहन कंपनी के दो कर्मचारी सवार थे। दुर्घटना के कारणों की अभी जांच चल रही है, लेकिन यांत्रिक खराबी और चालक की लापरवाही की संभावना से इनकार किया गया है। एरी काउंटी मेडिकल सेंटर में 24 घायलों को भर्ती कराया गया है। इनमें से दो की सर्जरी होनी है। उन्हें गहन चिकित्सा केंद्र में रखा गया है।

न्यूयॉर्क स्थित यूनाइटेड मेमोरियल मेडिकल सेंटर के प्रवक्ता ने बताया कि दो मरीजों को उनके यहां भर्ती कराया गया। दोनों का इलाज किया गया और उन्हें छुट्टी दे दी गई। रोचेस्टर विश्वविद्यालय के मेडिकल सेंटर में दुर्घटना में घायल छह लोगों का इलाज चल रहा है। अस्पताल ने बताया कि दो गंभीर रूप से घायल हैं और चार की हालत स्थिर है। इनमें एक बच्चा भी है।

गैरलाभकारी आपातकालीन हवाई चिकित्सा परिवहन प्रदाता मर्सी फ्लाइट ने कहा कि उसने कई मरीजों को हवाई मार्ग से अस्पताल पहुंचाया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ओ कैलाघन ने बताया कि बस में सवार ज्यादातर लोग भारतीय, चीनी और फिलिपीनो थे। एरी काउंटी के कार्यकारी मार्क पोलोनकार्ज और न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने हादसे पर दुख जताया है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंटेल कंपनी अमेरिकी सरकार को 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने को तैयारः राष्ट्रपति ट्रंप



**वाशिंगटन (अमेरिका)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि संकटग्रस्त सिलिकॉन वैली चिप निर्माता कंपनी इंटेल ने अमेरिकी सरकार को अपने कारोबार में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने पर सहमति जताई है। इसकी कीमत 8.9 अरब डॉलर है। यह 2008 के वित्तीय संकट के बाद ऑटो उद्योग को बचाने के बाद से किसी अमेरिकी कंपनी में सरकार के सबसे बड़े हस्तक्षेपों में से एक है। खबर के अनुसार, राष्ट्रपति ने यह घोषणा संवाददाता सम्मेलन में की। ट्रंप ने कहा कि यह समझौता पिछले हफ्ते इंटेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लिप–बू टैन के साथ हुई बातचीत के बाद हुआ है। ट्रंप ने कहा कि टैन उनके सुझाव पर सहमत हो गए। यह उनके लिए बहुत बड़ा सौदा है। इस सौदे पर इंटेल ने कहा कि अमेरिका उसके शेयरों में 8.9 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इसके अलावा सरकार ने चिप्स एंड साइंस एक्ट के तहत कंपनी को 2.2 अरब डॉलर का भुगतान किया है। चिप्स एंड साइंस एक्ट एक संघीय कार्यक्रम है, जिस पर 2022 में हस्ताक्षर हुए थे। इसके बाद अमेरिकी सेमीकंडक्टर निर्माण को पुनर्जीवित करने के लिए अरबों डॉलर का अनुदान प्राप्त हुआ। टैन ने एक बयान में कहा कि सरकार इंटेल में बोर्ड की कोई सीट नहीं लेगी। सरकार के पास अन्य प्रशासनिक अधिकार नहीं होंगे। टैन ने कहा, इंटेल राष्ट्रपति और प्रशासन का भरोसा जताने के लिए आभारी है। अब हम अमेरिकी प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षेत्र में नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने इस समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में अमेरिकी नेतृत्व को मजबूत करेगा। उधर, अमेरिकी सौदे की खबर से इंटेल के शेयरों में 6 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। 1968 में स्थापित, यह कंपनी उद्योग में अग्रणी रही है। इसने वर्षों से तेज और अधिक शक्तिशाली चिप्स का उत्पादन किया है। इस कारण सिलिकॉन वैली अमेरिकी तकनीकी क्षेत्र की नींव बन गई है। लेकिन स्मार्टफोन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्रांति सहित नवाचार की कई लहरों से चूकने के बाद इंटेल मुश्किल में है।

### जिस पाकिस्तान ने 1971 में किया कत्लेआम.....उसे ही वीजा-मुक्त यात्रा की सेवा दे रही यूनुस सरकार



**ढाका।** पाकिस्तान ने 1971 में बांग्लादेश में ऑपरेशन सर्चलाइट के दौरान भयानक नरसंहार किया था, अब उसी कत्लेआम करने वाले पाकिस्तान को बांग्लादेश सरकार ने वीजा–मुक्त यात्रा की सुविधा देने का फैसला किया है। यह कदम पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार की प्रस्तावित बांग्लादेश यात्रा से पहले लिया गया है, और इस दोनों देशों के संबंधों में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने का फैसला किया है। इस समझौते के तहत, दोनों देशों के सरकारी अधिकारी और राजनयिक पाँच साल तक बिना वीजा के एक–दूसरे के देश में यात्रा कर सकते है। पाकिस्तान सरकार ने पहले ही इस समझौते को मंजूरी दे दी है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने इस एक नियमित मामला बताया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के 30 से अधिक देशों के साथ इसी तरह के समझौते हैं। उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर होने के बाद यह समझौता पांच साल की अवधि के लिए होगा। यह पूछने पर कि क्या यह अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाए जाने के बाद से पाकिस्तान के साथ बढ़ती मित्रता का एक और संकेत है आलम ने हालांकि इस समझौते को एक नियमित मामला बातकर कहा कि बांग्लादेश के 30 देशों के साथ इसी तरह के समझौते हैं।

### ट्रंप की चेतावनीः शिकागो में भी अपराध रोकने हो सकता है संघीय हस्तक्षेप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि शिकागो अगला शहर हो सकता है, जहां अपराध पर काबू पाने के लिए संघीय सरकार कार्रवाई करेगी। ट्रंप ने इससे पहले वाशिंगटन डीसी में अपराध आपातकाल घोषित कर नेशनल गार्ड की तैनाती की थी। अब उनका कहना है कि शिकागो, लॉस एंजिल्स, न्यूयॉर्क, बाल्टीमोर और ऑकलैंड जैसे अन्य शहरों में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जा सकती है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने दावा किया कि उनके प्रयासों से वाशिंगटन दुनिया के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक बन रहा है। ट्रंप ने अन्य डेमोक्रेटिक शहरों की भी निगरानी तेज की इसके तहत वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना, मिसिसिपी, ओहायो, लुइसियाना और टेनेसी जैसे राज्यों से 1,900 से अधिक नेशनल गार्ड जवान तैनात किए गए हैं। राष्ट्रपति ने दक्षिण–पूर्वी डीसी में कानून प्रवर्तन अधिकारियों और जवानों से मुलाकात कर अपने अभियान को और आगे बढ़ाने की बात दोहराई।

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोल्टन के आवास और कार्यालय पर एफबीआई का छापा

वाशिंगटन,23 अगस्त (एजेंसियां)।

**अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने देश के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जॉन बोल्टन के आवास और कार्यालय पर एक साथ छापा मारा है। एफबीआई एजेंट्स ने घंटों उनके आवास और कार्यालय को खंगाला। एजेंट्स ने तलाशी के दौरान मिलीं कुछ फाइलें व अन्य दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। एजेंट्स अपने साथ दस्तावेज और फाइलों के ढेर ले गए। पूर्व एनएसए जॉन बोल्टन ने कई बार राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप की तीखी आलोचना की है।**



खबर के अनुसार, शुक्रवार सुबह संघीय एजेंटों ने ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन के मैरीलैंड स्थित आवास और वाशिंगटन, डी.सी. स्थित कार्यालय की तलाशी ली। यह छापा इस आशंका में मारा गया कि बोल्टन के आवास और कार्यालय में गोपनीय रिकॉर्ड है। इस कार्रवाई पर एफबीआई निदेशक काश पटेल ने सोशल मीडिया पर कहा, कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। एफबीआई एजेंट मिशन पर हैं। अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने पटेल की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अमेरिका की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। न्याय जरूर होगा। हमेशा। एफबीआई एजेंट लगभग छह वाहनों के साथ सुबह लगभग 7 बजे तक बोल्टन के घर पर रहे। इस दौरान स्थानीय मोंटगोमरी काउंटी पुलिस ने बोल्टन के आवास की ओर जाने वाली गली के दोनों प्रवेश द्वारों को अवरुद्ध कर दिया। करीब एक घंटे बाद एफबीआई एजेंट्स आवास से फाइलों का ढेर लेकर निकले। कयास लगाए जा रहे हैं कि बोल्टन लंबे समय से ट्रंप के निशाने पर हैं। बोल्टन ने हाल ही में ट्रंप की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अलास्का में हुई बैठक के बाद आलोचना की थी। सूत्रों ने बताया है कि मैरीलैंड के एक संघीय मजिस्ट्रेट न्यायाधीश ने बोल्टन के आवास और वाशिंगटन के एक अन्य संघीय मजिस्ट्रेट न्यायाधीश ने उनके डाउनटाउन डी.सी. कार्यालय की तलाशी लेने की अनुमति प्रदान की। सीबीएस न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, बोल्टन ने संपर्क करने की कई कोशिशों के बावजूद एफबीआई के छापों पर कोई जवाब नहीं दिया। वह पूर्वी समयानुसार दोपहर दो बजे के बाद अपने आवास लौटे। तब तक एफबीआई एजेंट वहां से जा चुके थे। राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार सुबह पीपुल्स हाउस संग्रहालय के संक्षिप्त दौरे के दौरान पत्रकारों से कहा कि उन्हें बोल्टन के आवास पर मारे गए एफबीआई के छापे की जानकारी नहीं थी। उन्हें टीवी देखने पर इसकी जानकारी मिली। न्याय विभाग के प्रवक्ताओं ने भी टिप्पणी के तत्काल अनुरोधों का जवाब नहीं दिया। उल्लेखनीय है कि बोल्टन ने ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में पदस्थ रहे हैं। 17 महीने तक इस पद पर रहने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद बोल्टन ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में अपने कार्यकाल पर एक किताब द रूम व्हेयर इट हैपेंड लिखी। उन्होंने किताब में ट्रंप पर कठोर टिप्पणियां की। ट्रंप प्रशासन ने इस किताब के प्रकाशन को रोकने की कोशिश की और बाद में उन पर मुकदमा दायर किया। न्याय विभाग ने इस बात की आपराधिक जांच शुरू की कि क्या बोल्टन ने गोपनीय जानकारी प्रकाशित की। जून 2020 में अमेरिकी जिला न्यायाधीश रॉयस लैम्बर्थ ने बोल्टन की किताब के प्रकाशन को रोकने के न्याय विभाग के प्रयास को अस्वीकार कर दिया, लेकिन संबंधित गोपनीय सामग्री पर टिप्पणी की। लैम्बर्थ ने फैसले में कहा कि बोल्टन ने अपने गैर–प्रकटीकरण समझौते के दायित्वों का उल्लंघन करते हुए वर्गीकृत जानकारी का खुलासा करके राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला है। लैम्बर्थ ने यह भी लिखा, बोल्टन ने अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने अपने देश को नुकसान पहुंचाया है।

नवंबर 2020 में ट्रंप ने अपनी पुस्तक में दावा किया कि बोल्टन ने अवैध रूप से बहुत सी गोपनीय जानकारी जारी की। उन्होंने एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में बोल्टन को एक गिरा हुआ व्यक्ति कहा। ट्रंप ने कहा कि संवेदनशील गोपनीय जानकारी को लाभ के लिए प्रसारित करने के लिए उन्हें जेल में होना चाहिए। बाद में बाइडेन प्रशासन ने बोल्टन की जांच बंद कर दी और उनके खिलाफ मुकदमा वापस ले लिया। यह तथ्य छुपा नहीं है कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के 24 घंटे के भीतर उनके प्रशासन ने बोल्टन की अमेरिकी गुप्त सेवा सुरक्षा हटा ली थी। बोल्टन को यह सुरक्षा दिसंबर 2021 में ईरान से मिली धमकी के बाद बाइडेन प्रशासन ने प्रदान की थी।

# अमेरिका ने कसा तंज भारत को बताया वॉशिंग मशीन, पीएम मोदी को बताया महान नेता




वाशिंगटन,23 अगस्त (एजेंसियां)।

**रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद पर बौखलाए अमेरिका के रुख में अभी तक कोई बदलाव नहीं आया है, उसकी तरफ से भारत पर आरोप लगाने का सिलसिला जारी है। ताजा मामला व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो के एक बयान से जुड़ा हुआ है। जिसमें उन्होंने भारत पर बेहद तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नई दिल्ली रूस से सस्ती दरों पर तेल खरीदकर उसे भारी मुनाफे के साथ बाकी दुनियाभर के देशों को बेचकर क्रेमलिन के लिए कपड़े धोने की मशीन की तरह से काम कर रही है।**

रूस से तेल खरीद से मॉस्को को यूक्रेन युद्ध के लिए धन मिल रहा है। जबकि भारत इससे कमाई कर रहा है। नवारो ने ये भी कहा कि उनके देश द्वारा लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ का निर्णय बिलकुल ठीक है। क्योंकि अमेरिका को भारत के साथ व्यापार में घाटा हो रहा है। जिसके पीछे नई दिल्ली द्वारा लगाया गया सबसे ज्यादा यानी महाराजा टैरिफ जिम्मेदार है। यह एक प्रकार से व्यापार में दगा करने जैसा है। उन्होंने कहा, 2022 में यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से पहले भारत ने रूस से कोई तेल नहीं खरीदा था। लेकिन अब जब यह लगभग 35 फीसदी तक हो गया है तो यह कहना कि रूसी तेल की जरूरत नहीं है। यह तर्क बकवास है। नवारो ने हालांकि भारत के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की और कहा कि मोदी एक महान नेता हैं। लेकिन यूक्रेन–रूस युद्ध के बीच शांति का मार्ग उनके देश की राष्ट्रीय राजधानी से होकर ही गुजरता है। भारतीय नेतृत्व की रूस–यूक्रेन संघर्ष को समाप्त कराने में अहम भूमिका है। भारत को इन सबके बीच अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में अपनी भूमिका पर भी ध्यान देना चाहिए। आप अभी जो कर रहे हैं, वह शांति स्थापित करने की बजाय युद्ध को और अधिक भड़का रहा है। यहां बता दें कि अमेरिकी टैरिफ संकट के बीच भारत को रूस के साथ ही चीन का भी समर्थन मिला है।

## कोरोना संक्रमण के बाद से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ा



**पेरिस।** कोरोना संक्रमण के बाद धमनियों में ऐसे परिवर्तन देखे गए हैं जो आमतौर पर उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़े होते हैं। यानी, जो बदलाव सामान्यतः पांच साल या उससे भी बाद में होने चाहिए थे, कोविड–19 ने उन्हें समय से पहले ही पैदा कर दिया है। नए अंतरराष्ट्रीय शोध में बताया गया है कि उम्र बढ़ने के साथ–साथ धमनियां लचीलेपन को खो देती हैं और सख्त होने लगती हैं। यही स्थिति कोविड–19 संक्रमण के बाद भी देखने को मिली। इससे हृदय रोग, स्ट्रोक और दिल के दौरे जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। कोविड–19 संक्रमण का असर सिर्फ फेफड़ों या इम्यून सिस्टम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी रक्त वाहिकाओं पर भी गहरा असर डाल रहा है। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह प्रभाव संक्रमण को झेलने के बाद भी लंबे समय तक बना रह सकता है। यूनिवर्सिटी पेरिस सिटे, फ्रांस की प्रोफेसर रोजा मारिया ब्रूनो के अनुसार, कोविड–19 सीधे तौर पर रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करता है। इसका नतीजा यह होता है कि आपकी रक्त वाहिकाएं आपकी वास्तविक उम्र से अधिक उम्रदराज हो जाती हैं, जिससे हृदय रोग का खतरा और बढ़ जाता है।

# सर्जियो गोर होंगे भारत में अमेरिका के अगले राजदूत, टैरिफ वॉर के बीच ट्रंप का बड़ा फैसला

वाशिंगटन,23 अगस्त (एजेंसियां)।



व्हाइट हाउस के प्रेसिडेंशियल पर्सनल ऑफिस के मौजूदा निदेशक सर्जियो गोर भारत में अमेरिका के अगले राजदूत होंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विश्वासपात्रों में शामिल सर्जियो गोर को दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत की जिम्मेदारी के लिए नामित किया गया है। सर्जियो गोर भारत में अमेरिका के 26वें राजदूत बनेंगे। भारत पर लगाए गए भारी भरकम टैरिफ के बीच ट्रंप ने यह फैसला किया है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने इसकी घोषणा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि वे सर्जियो गोर को भारत में अगला अमेरिकी राजदूत और दक्षिण व मध्य एशिया मामलों के लिए विशेष दूत नियुक्त कर रहे हैं। ट्रंप ने भरोसा व्यक्त करते हुए कहा कि सर्जियो वही व्यक्ति हैं जो हमारे मेक अमेरिका ग्रेट अगेन मिशन को आगे ले जाएंगे।

भारत में अमेरिकी राजदूत नामित किए जाने के लिए सर्जियो गोर ने राष्ट्रपति ट्रंप का आभार व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान होगा! हमारे व्हाइट हाउस ने अमेरिका को फिर से महान बनाने में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

सर्जियो गोर, भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में सेवा देने वाले एरिक गार्सेटी के उत्तराधिकारी होंगे, जिन्होंने इस साल जनवरी तक भारत में अपनी सेवाएं दीं। जिसके बाद पिछले सात महीने से यह पद खाली चल रहा था। गोर सीनेट से मंजूरी मिलने तक अपनी वर्तमान भूमिका में बने रहेंगे। उनकी नियुक्ति को फिलहाल सीनेट से मंजूरी मिलनी बाकी है।

सर्जियो गोर ट्रंप के विश्वासपात्रों में रहे हैं। उन्होंने ट्रंप के लिए दो पुस्तकों का प्रकाशन किया। साथ ही ट्रंप के अभियानों के समर्थन में सबसे बड़े सुपर पीएसी में से एक का संचालन किया। उनका जन्म उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में हुआ था और 12 साल की उम्र में वे अपने परिवार के साथ अमेरिका आ गए थे।

ट्रंप ने ऐसे समय में गोर को भारत का राजदूत बनाने की घोषणा की है जब अमेरिका–भारत के संबंध तनावपूर्ण चल रहे हैं। ट्रंप ने कुछ भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया और अब इसे 27 अगस्त से 50 प्रतिशत करने की योजना है।

# ट्रंप के दावे को झुठलाने पर अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी प्रमुख जेफरी क्रूस बर्खास्त

वाशिंगटन,23 अगस्त (एजेंसियां)।



पेंटागन ने अमेरिकी वायु सेना के लेफ्टिनेंट जनरल और रक्षा खुफिया एजेंसी के प्रमुख जेफरी क्रूस को बर्खास्त कर दिया है। एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी और एक सीनेटर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह कार्रवाई रक्षा खुफिया एजेंसी की प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार करने के कुछ हफ्ते बाद हुई है। इस रिपोर्ट में राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के दावे का खंडन किया गया था। राष्ट्रपति ने दावा किया था कि ईरान के परमाणु स्थल अमेरिकी सैन्य हमलों में नष्ट कर दिए गए थे। जनरल क्रूस की नियुक्ति बाइडेन प्रशासन के दौरान हुई थी। फिलहाल, रक्षा खुफिया एजेंसी की उप निदेशक क्रिस्टीन बोर्डिन को कार्यवाहक निदेशक के रूप में जिम्मा सौंपा गया है। वह इस पद पर जनरल क्रूस के उत्तराधिकारी की घोषणा तक रहेंगी। उत्तराधिकारी के नाम को सीनेट अनुमोदित करेगी। खबर के अनुसार, जेफरी क्रूस, ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद हटाए जाने वाले दूसरे शीर्ष सैन्य खुफिया अधिकारी हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख जनरल टिमोथी डी. हॉग को एक दक्षिणपंथी सिद्धांतकार की शिकायत किए जाने के बाद पद से हटा दिया गया था। रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने नौसेना रिजर्व की प्रमुख वाइस एडमिरल नैन्सी लैकोर और नौसेना विशेष युद्ध कमान की देखरेख करने वाले नौसेना सील अधिकारी रियर एडमिरल जेमी सैंड्स को भी बर्खास्त कर दिया है। तीन अधिकारियों की बर्खास्तगी पर पेंटागन ने तत्काल कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। सीनेट की खुफिया समिति के वरिष्ठ डेमोक्रेट सीनेटर मार्क वार्नर ने कहा कि जनरल क्रूस को बर्खास्त किया जाना परेशान करने वाला है। उनका गैर–पक्षपाती सेवा का लंबा करियर रहा है। वार्नर ने कहा, एक और वरिष्ठ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी की बर्खास्तगी ट्रंप प्रशासन की खतरनाक आदत को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि रक्षा खुफिया एजेंसी विदेशी सेनाओं के बारे में खुफिया जानकारी इकट्ठा करने का काम करती है। इसमें उनकी सेनाओं का आकार, स्थिति और संख्या शामिल है। यह एजेंसी पेंटागन में सेना के लड़ाकू कमांड और योजनाकारों को यह जानकारी प्रदान करती है। एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी (जिन्हें सार्वजनिक रूप से बोलने का अधिकार नहीं है) ने कहा कि जनरल क्रूस अब खुफिया एजेंसी के निदेशक के रूप में काम नहीं करेंगे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें वायु सेना में कोई दूसरा पद दिया जाएगा या वे सेवानिवृत्त होंगे। दो कांग्रेसी अधिकारियों ने कहा कि सांसदों को शुक्रवार को सूचित किया गया कि हेगसेथ ने विश्वास की कमी के कारण जनरल क्रूस को बर्खास्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि जून में ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी सैन्य हमलों के कुछ दिनों बाद रक्षा खुफिया एजेंसी ने एक प्रारंभिक आकलन तैयार किया। इसमें बताया गया कि तेहरान का परमाणु कार्यक्रम केवल कुछ महीनों के लिए ही पीछे चला गया है। इस आकलन को छापा। इस पर व्हाइट हाउस की तीखी प्रतिक्रिया हुई। कुछ दिनों बाद व्हाइट हाउस और वरिष्ठ खुफिया अधिकारियों ने ईरान के खिलाफ एक अधिक सफल अभियान की एक अलग तस्वीर पेश करने की कोशिश की। वार्नर ने क्रूस की बर्खास्तगी को सीधे तौर पर उस ऑपरेशन के बारे में एजेंसी के आकलन से जोड़ा है। वार्नर ने कहा, इस तरह का ईमानदार और तथ्य–आधारित विश्लेषण ही वह चीज है जिसकी हमें अपनी खुफिया एजेंसियों से अपेक्षा करनी चाहिए, चाहे वह व्हाइट हाउस के कथन को बढ़ावा दे या न दे। लेकिन जब खुफिया जानकारी को तोड़मरोड़ कर पेश किया जाता है या दबा दिया जाता है, तो विरोधियों का पलड़ा भारी हो जाता है और अमेरिका कम सुरक्षित रह जाता है।

# भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की समाज बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ


भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**भोलाराम पंवार**
सचिव, सीरवी समाज शमशाबाद
राम किराणा स्टोर, कंदुकूर
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**मांगीलाल सोलंकी**
एरिया मेंबर बापूजीनगर सीरवी समाज जीडिमेट्ला
श्री गणेश हार्डवेयर एंड प्लायवुड, बापूजीनगर, बोईनपल्ली
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की समाज बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ
**बाबूलाल चोयल**
नवनिर्वाचित संरक्षक, सीरवी समाज जीडिमेट्ला
पूर्वाध्यक्ष, सीरवी समाज जीडिमेट्ला
**सुनील सीरवी**
भारतीय जनता पार्टी,
पाली लोकसभा युवा नेता
चौधरी ज्वैलर्स, शापुरनगर, हैदराबाद

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**भंवरलाल सैणचा**
**कालुराम भायल**
गौ भक्त एवं समाज सेवी
भवानी ज्वैलर्स, शापुरनगर
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**रमेश G पंवार**
उपाध्यक्ष, सीरवी समाज तेलंगाना
पारसीगुट्टा, हैदराबाद.
**दिनेश पंवार**
श्री अंबिका प्लायवुड अंड हार्डवेयर, तिरुमलगिरी
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**दुर्गाराम मुलेवा**
नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष, सीरवी समाज जीडिमेट्ला
भगवती ज्वैलर्स, गाजुलारामाराम रोड
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**हीरालाल चोयल**
सचिव, सीरवी समाज बालाजीनगर
श्री देव एन्टरप्राईजेस, यापराल
SUPERFLO & WATERTEC Atlaz
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**मंगलराम पंवार**
नवनिर्वाचित सह-सचिव
सीरवी समाज जीडिमेट्ला
कृष्णा मार्केटिंग, गाजुलरामाराम
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**दिनेश सीरवी**
सह-सचिव, सीरवी समाज बालाजीनगर
महामंत्री, गौपुत्र सेना मारवाड़
दीपक लाईट हाऊस, सैनिकपुरी
Mobile : 9908090701
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**राजु चौधरी**
अध्यक्ष, व्यापारी ट्रेडर्स एसोसिएशन संघटन यापराल.
आई माँ प्रापर्टी, सैनिकपुरी, यापराल
श्री गणेश स्पोर्टस एण्ड गिफ्ट गैलरी
फोन : 9705641021
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**केसाराम काग**
शिक्षा कमेटी अध्यक्ष, सीरवी समाज शमशाबाद
श्री राम किराणा स्टोर, मेन रोड, कडताल
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**सोहनलाल सीरवी**
सह-कोषाध्यक्ष, सीरवी समाज बालाजीनगर
जय भवानी हार्डवेयर, बालाजीनगर
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**तुलसाराम सिन्दड़ा**
अध्यक्ष, सीरवी समाज मल्लापुर
न्यू बालाजी ज्वैलर्स, चिलकानगर
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**चुन्नीलाल पंवार**
उपाध्यक्ष, सीरवी समाज, एल.बी.नगर,
वेलफेयर असोसियेशन
R.K. Boards & Panels, Mangapally, Ibrahimpatnam
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**नेमाराम परिहार, मनोज सोनपुरा**
गौ भक्त
ओम पंजाबी ढाबा, पाईपलाईन रोड, जीडिमेट्ला
मनोज पॉन ब्रोकर्स, गाजुलरामाराम
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**नरेश सोलंकी**
कोषाध्यक्ष, सीरवी समाज बालाजीनगर
श्री माताजी हार्डवेयर, बालाजीनगर
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की समाज बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ
**नरेश परिहार**
सह-सचिव, सीरवी समाज शमशाबाद बड़े
भवानी ज्वैलर्स, तुकुगुडा
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**माणकचंद गेहलोत**
प्रदेश उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय सीरवी
महासभा तेलंगाना
जय भवानी फुड प्रोडक्स, रामेश्वर बंडा, इंद्रेशम
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**भैराराम काग**
समाज सेवी
सुरेश ज्वैलर्स, दूलापल्ली
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की समाज बन्धुओं को हार्दिक बधाई
**मांगीलाल सोलंकी**
उपाध्यक्ष 2, सीरवी समाज शमशाबाद शिक्षा समिति
सचिव, सीरवी समाज तेलंगाना (बगड़ी पीपलाद)
लक्ष्मी ज्वैलर्स, लैमुर
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**आशाराम गेहलोत**
अध्यक्ष, सीरवी समाज शमशाबाद
गणेश ज्वैलर्स, महेश्वरम
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**भेराराम सैणचा**
**भुराराम सैणचा**
गौ भक्त
भगत भजन मंडली, जगतगिरीगुट्टा
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**भगाराम मुलेवा**
अध्यक्ष, श्री आईजी सेवा संघ, बंडलगुडा, चीराला झोन
जे.बी.आर. चौधरी पॉन ब्रोकर्स, राम ज्वैलर्स, कुशाईगुडा
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**सोहनलाल हाम्बड़**
प्रदेश सचिव,
अखिल भारतीय सीरवी महा सभा, तेलंगाना
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**बाबुलाल मुलेवा**
गौ भक्त
चौधरी ग्लास प्लाईवुड एण्ड हार्डवेयर, बालाजीनगर
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**मंगलाराम पंवार**
**दिलीप पंवार**
अध्यक्ष, श्री आईजी गौशाला
श्री लक्ष्मी ज्वैलर्स, चिरयाल
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**वक्ताराम पंवार**
**हरीश सीरवी**
ओम एजेन्सी, अलवाल
Avion LIGHTING
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**बोहराराम परिहारिया**
शिवशक्ति इलेक्ट्रीकल हार्डवेयर
मियापुर क्रास रोड, बोलाराम
फोन : 9985962215
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**भुण्डाराम बर्फा**
नवनिर्वाचित एरिया मेम्बर, सीरवी समाज जीडिमेट्ला
हरीओम ज्वैलर्स, सुचित्रा
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की समाज बन्धुओं को हार्दिक बधाई
**घेवरचन्द चोयल**
सलाहकार, सीरवी समाज बालाजीनगर
**पुष्पा देवी चोयल**
सलाहकार, सीरवी समाज बालाजीनगर
जय माताजी ज्वैलर्स, बालाजीनगर
रमेश टेक्सटाईल्स, बालाजीनगर,
AAI MAA ADS

शुभ ॥श्री आईजी नमः॥ लाभ
**राठौड़ साउंड एंड डिजीटल स्टुडियो**
अपने धार्मिक सांस्कृतिक जागरण कथा करवाने के लिए साउंड सिस्टम भजन कलाकार म्युजिशियन टीम,
Youtube पर सीधा प्रसारण और फोटो, वीडियोग्राफी हेतु संपर्क करें
BRS Rajasthani
शॉप नं 4-42 840 लास्ट बस स्टॉप एक्सेल कॉलोनी, जगतगिरीगुट्टा हैदराबाद 500037

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**जयराम पंवार**
अध्यक्ष, सीरवी समाज बालाजीनगर
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**सोहनलाल हाम्बड़**
नवनिर्वाचित एरिया मेम्बर, सीरवी समाज जीडिमेट्ला
सोहनलाल ज्वैलर्स, कुतुबुल्लापुर
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**भंवरलाल मुलेवा**
पूर्व अध्यक्ष, श्री आईजी गौशाला
श्री राजलक्ष्मी ज्वैलर्स, कीसरा, हैदराबाद
AAI MAA ADS

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की समाज बन्धुओं को हार्दिक बधाई
**श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति राष्ट्रीय**
समिति हेल्पलाईन नं. : 9945886294, हैदराबाद हेल्पलाईन नं. 9347945230
रामलाल सैणचा (गांधीधाम) संरक्षक
बाबुलाल चोयल (सोजत) संरक्षक
इन्द्रलाल सोलंकी (बेंगलुरु) संरक्षक
भैराराम हाम्बड़ (मैसूर) अध्यक्ष
जगदीश सोलंकी (हैदराबाद) महा सचिव

॥ श्री गणेशाय नमः ॥ ॐ ॥ श्री आई माताय नमः ॥
**सीरवी समाज कोरेमुला** (रजि.सं. 122/12)
श्री आईमाताजी का 610 वां अवतरण समारोह
**ग्यारहवां वार्षिक महोत्सव**
शुभस्थल : कोरेमुला बडेर घटकेसर मंडल (तेलंगाना)
-: मांगलिक कार्यक्रम :-
रविवार, 24 अगस्त 2025
सायं 3-15 बजे : बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम
रात्रि 9-11 बजे से भजन संध्या
भजन गायककार : पुखराज सैणचा एण्ड पार्टी (राजस्थान)
बोलियां का कार्यक्रम : मध्यरात्रि 12-15 बजे से
सोमवार, 25 अगस्त 2025
प्रातः पूजा-अर्चना एवं महा आरती
बोलीयाँ लेने वालों के करकमलों द्वारा संपन्न होगा
प्रातः 9-15 बजे से धर्मसभा एवं पधारे हुए मुख्य अतिथियों का सम्मान समारोह
अध्यक्ष व सचिव द्वारा सम्बोधन
कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय विवरण
महाप्रसादी : प्रातः 10-15 बजे से
निवेदन : कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर दर्शन, भजनों व महाप्रसादी का लाभ लेवें।
समाज बन्धुओं से निवेदन है कि सोमवार, 25 अगस्त 2025 को अपने प्रतिष्ठान बंद रखें।
नोट : मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने तक वर्तमान कार्यकारिणी कमिटी का ही संचालन होगा।
**निवेदक : सीरवी समाज कार्यकारिणी समिति कोरेमुला**
संरक्षक : प्रभुराम परिहारिया, अध्यक्ष: कालुराम काग, उपाध्यक्ष 1 : वनताराम पंवार, उपाध्यक्ष 2 : राजाराम पंवार, सचिव : डायाराम लचेटा, सहसचिव : राजाराम गेहलोत, कोषाध्यक्ष : पोकरराम पंवार, खेल मंत्री : ओमप्रकाश हाम्बड़, सलाहकार : पुनाराम हाम्बड़, रमेश हाम्बड़, कार्यकारिणी सदस्य : हुकमाराम सेपटा, ओगड़राम सैणचा, रताराम सोलंकी, जेरूपराम परेरियां, तेजाराम काग, अर्जुनसिंह राठौड़, देवाराम परिहारिया, ताराराम भायल, बाबुलाल परिहार, पूनमचन्द पंवार, खीवाराम परिहारिया, प्रकाश खंडाला, भीकाराम पंवार, छोगाराम गहलोत, बाबुलाल काग, मनोनित सदस्य : चेलाराम पंवार, सुरेशचन्द काग, सवलाराम सेपटा, पुनाराम चोयल
संरक्षक : प्रभुराम परिहारिया 9440084474 | अध्यक्ष : कालुराम काग 9440534548 | सचिव : डायाराम लचेटा 9985059622
AAI MAA ADS

॥ श्री गणेशाय नमः ॥ ॥ श्री आई माताय नमः ॥ ॥ श्री भेरूजी नमः ॥
**सीरवी समाज ट्रस्ट जवाहरनगर-बालाजीनगर (तेलंगाना) हैदराबाद के तत्वावधान में**
**नवम वार्षिक सम्मेलन एवं**
श्री आईमाताजी का 610 वां अवतरण दिवस
शुभ स्थल : श्री आईमाताजी मंदिर (वडेर), आईजी नगर, डेन्टल कॉलेज, श्री आईजी गौशाला रोड, जवाहरनगर (बालाजीनगर)
-: मांगलिक कार्यक्रम :-
रविवार, दि. 24-8-2025
रात्रि 9-15 बजे से जागरण
भजन गायक : श्री हजारी नाथ अंड पार्टी धनला, पाली, राजस्थान
बोलियाँ कार्यक्रम : रात्रि 11-00 बजे से
सोमवार, दि. 25-8-2025
प्रातः 9-15 बजे पूजा, अर्चना
प्रातः 9-30 से मध्याह्न 2-00 बजे तक महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम
प्रातः 10-00 बजे से पधारे हुए मुख्य अतिथियों का सम्मान समारोह
मध्याह्न 12-15 बजे से महाप्रसादी
नोट : समाज बन्धुओं से निवेदन है कि 25 अगस्त को अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सपरिवार पधारकर दर्शन, भजनों व प्रसाद का लाभ लेवें
**निवेदक : सीरवी समाज ट्रस्ट जवाहर नगर बालाजीनगर (तेलंगाना) हैदराबाद**
अध्यक्ष : जयराम पंवार 9182587346 | सचिव : हीरालाल चोयल 9849263035
सीरवी महिला मंडल
अध्यक्षा : रूपा देवी सैणचा 9440301758 | सचिव : तारा देवी काग 8919124806
AAI MAA ADS

॥ श्री आई माताय नमः ॥
**सीरवी समाज मनीकोण्डा नारसिंगी** (रजि.सं. 43/2024)
श्री आईमाताजी का 610 वां अवतरण समारोह
**द्वितीय वार्षिक महोत्सव**
शुभ स्थल : मल्लना टेम्पल, मरीचेट्टु, मनीकोण्डा
रविवार, दि. 24-8-2025
पूजा अर्चना........................सायं 7-00 बजे से
महा प्रसादी........................सायं 7-15 बजे से
जागरण..............................रात्रि 9-15 बजे से
भजन कलाकार : सीरवी भैराराम सैणचा एण्ड पार्टी
सोहनलाल हाम्बड़ (महासभा सचिव (तेलंगाना))
बाबुलाल भायल (अध्यक्ष-सीरवी समाज मनीकोंडा)
देवाराम सोलंकी (भवानी ज्वैलर्स, नानकरामगुडा)
बाबुलाल काग (विनायक ज्वैलर्स, नारसिंगी)
भीकाराम परिहारिया (दुर्गा ट्रेडिंग, मनीकोंडा)
राजाराम राठौड़ (राजश्री ज्वैलर्स, मनीकोंडा)
निवेदन : समाज बन्धुओं से निवेदन है कि 25 अगस्त को अपने प्रतिष्ठान बंद रखें।
**निवेदक : सीरवी समाज कार्यकारिणी मनीकोण्डा नारसिंगी हैदराबाद**
अध्यक्ष : बाबुलाल भायल 9948651925 | सचिव : मोतीलाल मादावत 8919254912
AAI MAA ADS

# यशराज फिल्म्स की खोज थीं गौहर खान और वाणी कपूर, ऐसे शुरू हुआ फिल्मी सफर





भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिष्ठित प्रोडक्शन कंपनियों में से एक 'यशराज फिल्म्स' (वाईआरएफ) ने कई प्रतिभाशाली कलाकारों को बॉलीवुड में लॉन्च किया है। उनमें गौहर खान और वाणी कपूर भी शामिल हैं, जिनकी प्रतिभा को वाईआरएफ ने ही तराशने का काम किया। गौहर ने 2009 में वाईआरएफ की फिल्म 'रॉकेट सिंह: सेल्समैन ऑफ द ईयर' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की, जबकि वाणी कपूर ने 2013 में 'शुद्ध देसी रोमांस' के साथ डेब्यू किया। हालांकि, बाद में वे दोनों वाईआरएफ की कई अन्य फिल्मों में भी नजर आईं।

दोनों अभिनेत्रियों का वाईआरएफ के साथ कनेक्शन उनकी करियर के लिए महत्वपूर्ण रहा है, जिसने उन्हें बॉलीवुड में एक मजबूत पहचान दिलाई।

23 अगस्त 1983 को महाराष्ट्र के पुणे में एक मुस्लिम परिवार में जन्मीं गौहर खान पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं और उनकी बड़ी बहन निगार खान भी एक जानी-मानी टीवी एक्ट्रेस हैं। गौहर ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की और 2002 में फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जहां उन्हें 'मिस टैलेंटेड' का खिताब मिला। गौहर ने मनीष मल्होत्रा, रितु कुमार और नीता लुल्ला जैसे मशहूर डिजाइनरों के लिए मॉडलिंग की। मॉडलिंग में मिली कामयाबी से उनका फिल्मी करियर भी परवान चढ़ा। गौहर ने 2009 में यश राज फिल्म्स की 'रॉकेट सिंह: सेल्समैन ऑफ द ईयर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसके अलावा, 2010 में गौहर खान ने एकता कपूर की फिल्म 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' में एक आइटम नंबर 'पर्दा' में भी अपने हुस्न का जलवा बिखेरा। साथ ही वाईआरएफ की फिल्म 'इशकजादे' (2012) में भी अहम भूमिका निभाई। 'इशकजादे' में उनके आइटम नंबर 'झल्ला वल्ला' और 'छोकरा जवां' को खूब सराहा गया।

गौहर ने 2013 में रियलिटी शो 'बिग बॉस 7' में हिस्सा लिया और विजेता बनीं, जिससे उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ। इसके अलावा, वह 'झलक दिखला जा' और 'तांडव' (2021) जैसे टीवी शोज में भी नजर आईं।

गौहर की पर्सनल लाइफ की बात करें तो वह 'बिग बॉस 7' के सह-प्रतियोगी कुशाल टंडन के साथ रिलेशनशिप में थीं, लेकिन बाद में उनका ब्रेकअप हो गया। गौहर ने 25 दिसंबर 2020 को जैद दरबार से शादी की। 10 मई 2023 को उन्होंने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया।

वहीं, 23 अगस्त 1988 को दिल्ली के एक पंजाबी हिंदू परिवार में पैदा हुईं वाणी कपूर ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की और फिर यश राज फिल्म्स के साथ बतौर सहायक काम किया। 2013 में उनकी पहली फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' रिलीज हुई, जिसमें उनके अभिनय को सराहा गया। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला डेब्यू के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। वाणी ने 'बेफिक्रे' (2016), 'वॉर' (2019), 'चंडीगढ़ करे आशिकी' (2021) और 'रेड 2' (2025) जैसी फिल्मों में काम किया। 'चंडीगढ़ करे आशिकी' में उनके ट्रांसजेंडर किरदार को खूब प्रशंसा मिली। उसी साल, उन्होंने 'बेल बॉटम' में अक्षय कुमार के साथ काम किया, लेकिन यह फिल्म व्यावसायिक रूप से असफल रही।

2022 में उनकी फिल्म 'शमशेरा' रिलीज हुई, लेकिन यह भी असफल रही। 2024 में वह 'खेल खेल में' में नजर आईं, जो एक इटैलियन फिल्म का रीमेक थी। 2025 में वह 'रेड 2' में अजय देवगन के साथ दिखीं, जो उनकी पहली व्यावसायिक सफलता थी। वह नेटफ्लिक्स की थ्रिलर सीरीज 'मंडला मर्डर्स' में भी नजर आईं, जिसमें उन्होंने एक अधिकारी की भूमिका निभाई है। उनके किरदार को काफी सराहा गया है।वाणी कपूर और गौहर खान ने अपने करियर में उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन उनकी प्रतिभा और मेहनत ने उन्हें बॉलीवुड में एक उभरती हुई अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है।



# गोविंदा-सुनीता के तलाक की खबर फिर निकली अफवाह, मैनेजर ने बताई सच्चाई



बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता के तलाक की खबरें काफी दिनों से चर्चाओं में थीं। अब अभिनेता के मैनेजर ने भी इसे सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने बताया कि ये सब बस अफवाहें हैं। बता दें, एक समय सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा था कि अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता का तलाक होने वाला है। लेकिन अभिनेता के मैनेजर ने शनिवार को समाचार एजेंसी से बातचीत करते हुए इसे सिरे से खारिज करते हुए बताया कि भले ही कोर्ट में कुछ कागज जमा किए थे, लेकिन वह मामला पहले ही सुलझ गया था। अब गोविंदा और सुनीता के बीच सब कुछ ठीक है।

तलाक से जुड़ी जो खबरें सामने आई हैं, वे पुरानी घटनाओं पर आधारित हैं और फिलहाल दंपत्ति के बीच सब कुछ ठीक है।जब उनसे पूछा गया कि क्या यह वही 2024 वाला केस है जो सुनीता ने बांद्रा फैमिली कोर्ट में दाखिल किया था, तो उन्होंने पुष्टि करते हुए कहा कि हां, यह वही केस है, लेकिन अब मामला सुलझ चुका है।

शशि ने आगे बताया, यह पुरानी बात है जो फिर से ताजा खबर की तरह फैल रही है। कोई नई बात नहीं हुई है। मुझे लगातार कॉल आ रही हैं, लेकिन सब ठीक है। कपल के बीच लगभग सब कुछ सुलझ गया है। चिंता की कोई बात नहीं है। हम जल्द ही आधिकारिक बयान भी जारी करेंगे।उन्होंने मीडिया में फैल रही गलत जानकारियों को लेकर नाराजगी जाहिर की और कहा, क्या आपने गोविंदा को इसके बारे में बोलते देखा है? फिल्म इंडस्ट्री और मीडिया में लोग गलतफहमी और भ्रामक जानकारी का फायदा उठाते हैं। कोई मूर्ख व्यक्ति इस विवाद से फायदा उठाना चाहता है। बता दें कि इस साल फरवरी में भी ऐसी खबरें सामने आई थीं कि सुनीता ने तलाक के लिए अर्जी दी है और कानूनी नोटिस भी भेजा है। वहीं, गोविंदा पिछले कुछ महीनों से मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। अक्टूबर में बंदूक की सफाई के दौरान उनके पैर में गोली लग गई थी।

# निक्की तंबोली ने उषा नदकर्णी की टिप्पणियों पर दी सफाई

अभिनेत्री निक्की तंबोली ने उषा नदकर्णी की उस टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उषा ने निक्की को 'घमंडी' बोला था। निक्की ने स्पष्ट किया कि वह उषा का बहुत सम्मान करती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह उनकी हर बात से सहमत हों या उनकी चापलूसी करें।

दरअसल, निक्की तंबोली ने उषा नदकर्णी के इंटरव्यू का एक वीडियो क्लिप अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट किया, जिसके कैप्शन में निक्की ने लिखा, मैं उषा जी का बहुत सम्मान करती हूं। लेकिन सिर्फ इसलिए कि आप सीनियर हैं और मैं जूनियर, इसका मतलब यह नहीं कि मैं आपकी हर बात मानूं या चापलूसी करूं। आप मुझे घमंडी कहकर आंक नहीं सकतीं। मुझे अपनी असलियत पता है और मेरे प्रशंसक भी इसे जानते हैं। आपके लिए मेरे सम्मान के अलावा, किसी और को मुझे जज करने का हक नहीं है।

बता दें कि उषा नदकर्णी इंटरव्यू में यह कहती नजर आ रही थी कि निक्की ने उनसे कभी बातचीत शुरू नहीं की और वह मुझे हमेशा घमंडी नजर आईं। दोनों ने इस साल 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' के सेट पर साथ काम किया था। निक्की, जो रियलिटी शो 'बिग बॉस' में फर्स्ट रनर-अप बनकर मशहूर हुई थीं, उन्होंने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए एक वीडियो बनाया, जिसमें उन्होंने कहा, ऐसे मुश्किल शो में फर्स्ट रनर-अप बनना आसान नहीं था।

मैंने अपनी असली शख्सियत के दम पर यह हासिल किया। मेरी फितरत में लोगों की चापलूसी करना नहीं है। मेरे प्रशंसक मुझे मेरे असली रूप के लिए प्यार करते हैं, और उनके साथ मेरा भावनात्मक रिश्ता मेरी असली ताकत है।वहीं, निक्की इन दिनों अपने बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल के साथ अपनी लव लाइफ और घूमने-फिरने में व्यस्त हैं।

दूसरी ओर, उषा नदकर्णी हाल ही में तब चर्चा में आईं, जब उन्होंने अंकिता लोखंडे के व्लॉग में बताया कि 80 साल की उम्र में उन्हें अकेले रहने का डर सताता है। पिछले साल जून में उनके छोटे भाई का निधन हो गया था, जिसके बाद से वह अकेलेपन के डर से जूझ रही हैं। उषा ने 'पवित्र रिश्ता' में सविता के किरदार से दर्शकों का दिल जीता था और कई बॉलीवुड व मराठी प्रोजेक्ट्स में भी काम किया है।



# एटीवी राइड पर निकलीं मोनालिसा बोलीं- 'क्या फन है'

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्री मोनालिसा अक्सर अपनी सोशल मीडिया पोस्ट्स के जरिए फैंस से जुड़ी रहती हैं। उनकी हर नई तस्वीर या वीडियो में उनका अलग और आकर्षक अंदाज देखने को मिलता है, जो लोगों का ध्यान तुरंत खींच लेता है। इस बार उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ नई और दिलचस्प पोस्ट्स शेयर की हैं, जिनमें उनका अनोखा लुक और मस्ती भरा अंदाज साफ नजर आ रहा है।

मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए हैं, जिसमें फैंस को उनका बेहद अलग और मजेदार अंदाज देखने को मिला। वीडियो में वह येलो कलर की एक दमदार ऑल-टेरेन व्हीकल (एटीवी) चलाते हुए नजर आ रही हैं। उनके चेहरे पर जोश और मस्ती साफ झलक रही है, जिससे साफ पता चलता है कि वह इस एडवेंचर को कितना एन्जॉय कर रही हैं। उनके कपड़ों की बात करें तो उन्होंने ब्लैक कलर की स्लीवलेस ड्रेस पहन रखी है, जो उनके लुक को स्टाइलिश बना रही है। उनके चेहरे पर प्यारी मुस्कान साफ दिख रही है। कुछ अन्य तस्वीरों में भी वह ब्लैक ड्रेस में नजर आ रही हैं, जिसमें उन्होंने अपने बालों की दो चोटियां बनाई हुई हैं। साथ ही पिंक कलर की चप्पलें उनके कूल लुक को और भी निखार रही हैं। इस अनोखे लुक में मोनालिसा बेहद खूबसूरत लग रही हैं।पोस्ट के साथ मोनालिसा ने कैप्शन में लिखा है, 'क्या फन है!' इस पोस्ट पर उनके फैंस जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'एटीवी चला रही हैं आप? फुल ऑन झकास फोटो।' दूसरे फैन ने लिखा, 'आपको देखकर मेरा भी बाहर घूमने और मजा करने का मन कर रहा है।'

अन्य फैन ने लिखा, 'ब्लैक ड्रेस में सुंदर लग रही हो आप, और दो चोटियों में तो आप बच्ची जैसी दिख रही हो।' कुछ फैंस ने कहा कि मोनालिसा ने अपनी अंदाज और स्टाइल से एक बार फिर साबित कर दिया कि वह हर रूप में खूबसूरत और आकर्षक लगती हैं।

# मिस्ट्री प्रोजेक्ट अलर्ट : मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने खचाखच भरे फिल्म सेट से दिया हिंट



अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट को लेकर बढ़ती चर्चाओं के बीच, मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने एक नई बीटीएस (बिहाइंड-द-सीन्स) झलक साझा कर फैंस को उत्साहित कर दिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें एक विशाल प्रोडक्शन सेट दिखाई दे रहा है, जहां भारी लाइटिंग रिग्स, जटिल वेंटिलेशन सिस्टम और क्रू मेंबर्स की भीड़ मौजूद है, जो किसी बड़े प्रोजेक्ट की ओर इशारा कर रहा है। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा: यह एक हाउसफुल है जिससे यह साफ है कि यह एक मज़ेदार टीज़र है जो लोगों की जिज्ञासा को और बढ़ा रहा है। साल 2025 में 'मालिक' और 'तेहरान' जैसी फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाकर मानुषी ने दर्शकों का ध्यान खींचा और सराहना भी बटोरी। अब तक उन्होंने जो प्रोजेक्ट्स चुने हैं, वे अलग-अलग जॉनर में रहे हैं-ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि उनका अगला प्रोजेक्ट भी कुछ अनोखा होगा।

क्या वह किसी हाई-कॉन्सेप्ट वेब सीरीज़ का हिस्सा हैं? या फिर किसी पीरियड ड्रामा में नज़र आने वाली हैं जिसमें एक बड़ा स्टारकास्ट हो? या शायद कोई हाई-एंड फैशन कमर्शियल जिसमें सिनेमा जैसा फील हो? बैकग्राउंड में नजर आने वाला विंटेज स्टाइल सेट और विशाल स्केल का प्रोडक्शन किसी म्यूज़िक वीडियो या इंटरनेशनल कोलैबरेशन की ओर भी इशारा कर सकता है।

हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, इसलिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स और फैन फोरम्स पर चर्चाओं का दौर लगातार जारी है। चाहे यह फिल्म हो या किसी लग्ज़री ब्रांड का एंडोर्समेंट, एक बात तो तय है-मानुषी छिल्लर अपने फैंस को कयास लगाने पर मजबूर करना अच्छे से जानती हैं। जब तक इस रहस्यमयी प्रोजेक्ट से पर्दा नहीं उठता, तब तक सभी की नजरें उनके सोशल मीडिया और हर BTS हिंट पर टिकी रहेंगी।

## श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश

# पोथी परमेसर का थान

## अर्थात् परमात्मा का निवास स्थान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी हैं ।



गुरु का स्थान हर युग,समाज, संस्कृती एवं समय में सर्वोपरि रहा है। गुरु जो अज्ञान का अंधकार दूर कर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। सही और गलत के बीच का भेद बताता है। हमें क्या करना चाहिए ,क्या नहीं करना चाहिए इसका मार्गदर्शन करता है। वह हमारा सच्चा मित्र, बंधु बनकर हर परिस्थिति में हमारा साथ देता है । सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मानवीय उच्च मूल्यों का अंगीकार करने की शिक्षा देता है। ऐसे महान गुरु, जुगो जुग अटल धन धन साहेब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश आज सारा विश्व अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मना रहा है ।श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी भारतीय एवं विश्व संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं ।इनके प्रकाश का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक ,साहित्यिक एवं नैतिक दृष्टि से अन्य साधारण महत्व है।

सिख धर्म के संस्थापक, मानवता के पुंज गुरु नानक देव जी ने गुरबाणी को, शब्द गुरु को सर्वश्रेष्ठ माना। उन्होंने ईश्वरीय वाणी द्वारा दुख चिंताओं को दूर किया। धुर की बानी आई। तिनी सगली चिंत मिटाई।।गुरुवाणी द्वारा उन्होंने मध्ययुगीन जातिगत ,धर्मगत तथा बाह्यगत सारे भेदभावों को दूर कर सभी को गले लगाया। सभी को ईश्वर की एक संतान माना ।गुरबाणी द्वारा दीन दुखियों के कष्ट हरे। मध्ययुग में सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं नैतिक स्थिति अत्यंत शोचनीय थी।समाज का शासक एवं शोषित वर्ग सभी अपनी-अपनी बीन बजा रहे थे। धर्म के वास्तविक रूप को कोई नही पहचान रहा था ।अज्ञान केअंधकार में कोई राह बताने वाला नहीं था।उस समय के साधु ,संतों,महात्माओं ने इस अज्ञान के अंधकार को दूर करने का सर्वोपरि प्रयत्न किया। ऐसे में गुरु नानक देव जी ने भी अपनी मृदुल गुरबाणी द्वारा अज्ञान के अंधकार को ज्ञान के प्रकाश से दूर किया। अंधविश्वास,अधर्म के अंधकार में भटके जनमानस को धुर की वाणी द्वारा शब्द गुरु द्वारा आनंद तथा शीतलता प्रदान की। मानवता का संचार किया। सभी को समान भाव से देखा ।उन्होंने गुरबाणी द्वारा प्रेम, समानता एवं सेवा का सरल धर्मोपदेश दिया। इसी धर्मोपदेश को गुरु नानक देव जी के बाद उनके परवर्ती नानक रूपी गुरुओं ने आगे बढ़ाया और गुरबाणी को परमेश्वर का स्थान दिया। सिखों के पांचवे गुरु गुरु अर्जन देव जी ने अपने पूर्ववर्ती गुरु ,भक्तों ,संतों की वाणी जो गुरबाणी से एकरूप थी, उन सभी की वाणी को एकत्रित कर संकलित किया।उन्होंने पोथी परमेसर का थान मानकर गुरु परंपरा द्वारा अपने परवर्ती चार गुरुओं की ,स्वयं की तथा अन्य संतो, भक्तों एवं भट्टों की वाणी के प्रामाणिक स्रोतों को इकट्ठा किया ।उनकी निष्पक्ष रूप से जांच पड़ताल कर संपूर्ण गुरबाणी का संपादन किया ।इस प्रकार श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को संसार के एकमात्र ऐसे धर्म ग्रंथ होने का मान तथा गौरव प्राप्त है जिसको सद्गुरु द्वारा स्वयं अपनी देखरेख में अन्य गुरुओं तथा भक्तों की वाणी को ज्यों का त्यों प्रामाणिक रूप में संकलित किया गया। ऐसे पवित्र प्रामाणिक गुरुवाणी का संकलन जाति ,वर्ण,कुल के दायरे से बाहर निकलकर करना तत्कालीन परिस्थितियों में एक अत्यंत चुनौती पूर्ण कार्य था। गुरु अर्जन देव जी ने इसे गुरुज्ञा मानकर स्वीकार किया। उन्होंने अपनी उदार तथा सारग्रही दृष्टि द्वारा गुरबाणी का गहन अध्ययन, चिंतन किया। गुरबाणी की शिक्षा, संदेश सभी के लिए एक समान हो तथा सभी की वाणी में एकसरता हो इसका विशेष ध्यान रखा ।पश्चात 14 वर्षों के अथक परिश्रम के बाद सन 1604 ईस्वी में गुरुजी के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन एवं निरीक्षण में भाई गुरदास जी ने आदि ग्रंथ साहिब जी की संपादना पूर्ण की। इसके बाद गुरु गोविंद सिंह जी ने अपने पिता गुरु तेग बहादुर जी की वाणी को आदि ग्रंथ साहिब जी में समाहित कर सन 1708 ईस्वी में नांदेड़ महाराष्ट्र की पावन पवित्र भूमि पर सदा के लिए देहधारी गुरुओं की परंपरा को खत्म कर आदि



ग्रंथ साहिब जी को गुरु की पदवी से सुशोभित किया। इस प्रकार श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी सदा के लिए गुरु रूप में प्रतिष्ठित हुए हैं।

बाणी गुरु गुरु है बाणी विच बाणी अमृत सारे।। अर्थात बाणी ही गुरु है और गुरु ही बाणी है ।दोनों अभेद हैं। इसी में सारी अच्छाइयां, मानवता का भला करने वाले अमृतमई गुण समाहित हैं।गुरबाणी हमें परमात्मा से जोड़ती है ।मनुष्य को मानवता के



पथ पर चलने की सत्प्रेरणा देती है ।मनुष्य की हर समस्या का योग्य समाधान गुरबाणी द्वारा प्राप्त होता है।

गुरबाणी मनुष्य को काम, क्रोध लोभ, मोह, अहंकार से बचाती है। मनुष्य को प्रेम एवं विश्वास, विनम्रत, दया, सेवा, परोपकार, प्रिय वचन जैसे सद्गुणों को धारण कर, सत्संगति में रहकर प्रभु का नाम जपते हुए गुरु का सच्चा सेवक, गुरमुख बनने की शिक्षा देती है ।

मानवीय उच्च मूल्यों से परिपूर्ण श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी तत्कालीन समय में जितने महत्व-पूर्ण थे वहीं आज भी तथा आने वाले समय में भी उतने ही प्रासंगिक रहेंगे ।श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में आया प्रत्येक सबद(पद) मानवता का संदेश देता है ।किसी काव्य की सार्थकता और प्रासंगिकता का प्रश्न उसके मानव मूल्यों से संबंध रहता है ।इस संदर्भ में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी खरे उतरते हैं ।श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी मानवीय सर्वोच्च मूल्यों के स्रोत तो हैं ही, साथ ही युगीन परिस्थितियों से जूझने तथा मानवता की रक्षा करने में पूर्णतया समर्थ हैं। मध्यकाल में जब मानवता तार तार हो रही थी ऐसे में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश का उद्देश्य सत्य, शांति एवं समानता को इस धरती पर पुनः स्थापित करना था। मानवीय मूल्यों की इस परम शाश्वत अमूल्य धरोहर को सौंप कर मानवता को चिरंजीविता का आशीर्वाद देने वाली, महिमा मंडित करने वाली श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में आई गुरुओं, भक्तों की वाणी वैसे ही एक रूप हो गई है जैसे दूध में खांड मिल जाती है। सद्य स्थिति में बड़ी तेजी से आधुनिकता का लिबास पहने मानव आगे बढ़ता जा रहा है ।किंतु आधुनिकता की होड़ में अपनी संस्कृति, संस्कार और सभ्यता से मुंह मोड़कर नैतिक मूल्यों का हनन कर रहा है।

हिंसाचार, नैतिक मूल्यों का अध: पतन, वैवाहिक, सामाजिक जीवन में असंगतियां, असंतोष, नशे का सेवन, नारी शोषण, आतंकवाद, मानसिक, शारीरिक विकार आदि अनेकानेक बुराइयों ने एक ऐसे महादानव का सृजन किया है जिसका महामानव बनकर ही अंत किया जा सकता है। ऐसे महामानव का निर्माण करने में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी सर्वदा समर्थ है।श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी ने तत्कालीन परिस्थितियों में मनुष्य को दुष्प्रवर्तियो से सावधान कर मानवता की रक्षा की। साथ ही सदय स्थिति में तथा आने वाले समय के बारे में भी मनुष्य को सचेत किया है ।गुरबाणी में जीवन के हर पहलू पर प्रकाश डालकर जिस सरलता से उन समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया है, वह अद्भुत है। इसीलिए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को कलयुग का जहाज कहा जाता है ।जिसके सहारे मनुष्य दुर्गुणों एवं विकारों के भवसागर से सुरक्षित निकालने में समर्थ सिद्ध हुआ है।

ऐसे कलयुग के जहाज श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी अनेकानेक, अद्वितीय गुणों, विशेषताओं, मानवीय सर्वश्रेष्ठ मूल्यों से भरा महासागर है जिसका कोई पारा वार नही।गुरबाणी अपने आप में एक विराट दर्शन, सर्वव्यापी सोच है ।आज तथा आने वाले समय में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी सारे संसार को अपने दिव्य ज्ञान के प्रकाश से ऐसे ही सदा प्रकाशित करते रहेंगे।

आप जी के पहले प्रकाश को कोटि-कोटि नमन।

**डॉ.राजेंद्र कौर महाजन,**
**हैदराबाद**

## क्या भाग्य की डोर कर्म के हाथों में है, जानें सदियों से चली आ रही भाग्य और कर्म की जुगलबन्दी



अनादिकाल से कर्म और भाग्य के रहस्यों पर विचार-विमर्श होता आया है, किंतु आज तक ऐसा कोई निर्णायक निष्कर्ष नहीं निकला जो सभी को एक साथ संतुष्ट कर सके। प्रश्न सदा यही रहा है, यदि जीवन पूर्णतः भाग्य के अधीन है और भाग्य पूर्वनिश्चित तथा अपरिवर्तनीय है, तो फिर कर्म का महत्त्व कहां रह जाता है। आइए इस रहस्य को एक उदाहरण के माध्यम से सुलझाने का प्रयास करें।

मान लीजिए, एक गाय को 10 मीटर लंबी रस्सी से एक खूंटे में बांध दिया गया है और उसके चारों ओर हरा-भरा घास का मैदान है। रस्सी की लंबाई के अनुसार, गाय 20 मीटर व्यास के वृत्ताकार क्षेत्र में घूम सकती है। यह 20 मीटर का दायरा उसके भाग्य की परिधि है, भाग्य की परिधि जीवन में आने वाले उपलब्ध अवसर और संभावनाएं हैं। यदि गाय सक्रिय होकर चारों ओर घूमे, तो वह इस पूरे क्षेत्र की घास खा सकती है। यदि वह कर्म न करे तो इस क्षेत्र की घास चरने से वंचित रह जायेगी। कहा जा सकता है कि 20 मीटर व्यास के वृत्त का क्षेत्र गाय का भाग्य है और जितनी घास वह खा सकी वह उसका कर्म है, स्पष्ट है कि प्रयास करने पर ही भाग्य का सम्पूर्ण उपयोग सम्भव है। भाग्य की सम्पूर्णता का लाभ तभी संभव है, जब कर्म किया जाए।

उपचार की आवश्यकता- यदि गाय 20 मीटर क्षेत्र की समस्त घास चरना चाहती है, किन्तु उसके कर्म का मार्ग विभिन्न बाधाओं से अवरुद्ध हैं, जैसे, गाय बीमार हो सकती है, उसके मार्ग में कांटे हो सकते हैं इत्यादि। यदि मार्ग से कांटे हटा दिए जाएं, बीमारी का इलाज कर दिया जाए, तो गाय अपने सम्पूर्ण भाग्य का पूर्ण उपभोग कर सकेगी। हमारे जीवन में भी यही सिद्धांत लागू होता है। कई बार ग्रह-स्थितियां या कर्मफलजन्य बाधाएं हमारे मार्ग में रुकावट डालती हैं। यह अवरोध कार्यसिद्धि में देरी, असफलता या अपूर्ण फल का कारण बनते हैं।

ज्योतिषशास्त्र यहां एक सहायक मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। जन्मकुंडली के ग्रह हमारी प्रवृत्तियों, अवसरों और बाधाओं का संकेत देते हैं। यदि कोई ग्रह कार्यसिद्धि में अवरोधक है, तो उसे अनुकूल करने हेतु विशेष उपाय किए जाते हैं। उपाय उस ग्रह की नकारात्मकता को घटाकर सकारात्मकता को बढ़ाते हैं।

## चंद्रग्रहण से मेष, मिथुन सहित अन्य राशियों को मिलेगा लाभ, सितंबर में तेजी से बढ़ेगी धन संपत्ति

इस साल का दूसरे चंद्रग्रहण 7 सितंबर को लगने जा रहा है। कुंभ राशि में पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में चंद्रमा को ग्रहण लगेगा। ग्रहण के दौरान चंद्रमा और राहु दोनों साथ में कुंभ राशि में विराजमान रहेंगे। जबकि सूर्य और केतु चंद्रमा से सप्तम भाव में होकर चंद्रमा पर दृष्टिपात करेंगे। ऐसे में जिन राशियों से तीसरे, चौथे, छठे, नौंवे, 11वें में ग्रहण लगेगा उन राशियों को इस ग्रहण से जमकर लाभ मिल सकता है। चंद्रग्रहण के बाद से ही मेष, मिथुन सहित 5 राशियों को अचानक लाभ, धन संपत्ति वाहन आदि का सुख मिल सकता है। बता दें कि धार्मिक दृष्टि से चंद्रग्रहण को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। चंद्रग्रहण का असर देश और दुनिया पर भी पड़ेगा। चंद्रग्रहण के कारण कुछ स्थानों पर अग्निकांड, युद्ध, रोग, प्राकृतिक आपदा आ सकती है। लेकिन, चंद्रमा पर गुरु की दृष्टि होने से जल्द ही परिस्थितियां अनुकूल हो जाएंगी। साथ ही 5 राशियों को भी लाभ मिल सकता है।



**मेष राशि, अचानक लाभ मिलेगा**

मेष राशि से 11वें भाव में चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। ऐसे में मेष राशि के जातकों को अचानक लाभ मिल सकता है। व्यापारियों के लिए अब समय है अपनी क्षमता और रचनात्मकता दिखाने का। व्यापारी वर्ग के जातक इस अवधि में काफी पैसा कमाएंगे। साथ ही भविष्य में लाभ दिलाने वाली कुछ और भी योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। घर परिवार में अगर आप किसी की सेहत को लेकर परेशान थे तो अब उनकी सेहत में काफी सुधार देखने को मिलेगा। जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

**मिथुन राशि, फंसा धन मिलेगा**

मिथुन राशि से नवम भाव में चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। ऐसे में मिथुन राशि के जातकों को बड़ा धन लाभ मिल सकता है। साथ ही आज आपको अपने फंसा हुआ धन भी वापस मिल सकता है। जिसे लेकर आप काफी समय से बहुत ही चिंतित थे। अब आपकी कई मुश्किलें आसान होंगी। साथ ही अचानक लाभ मिलने के योग भी हैं। पहले किए गया निवेश आपको अब लाभ देगा। लेकिन, आपको स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना होगा। परिवार के बुजुर्ग की सेहत का विशेष ख्याल रखें।

**कन्या राशि, शत्रु को मात देंगे**

कन्या राशि से छठे भाव में चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। इसी के साथ कन्या राशि के जातक अब अपने शत्रु पर जीत हासिल करेंगे। आप हर तरह से अपने शत्रुओं को मात देंगे। इस अवधि में आप कुछ ऐसे कठिन निर्णय ले सकते हैं जिनसे आपको लाभ मिल सकता है। साथ ही नौकरीपेशा वर्ग के लोगों को कार्यस्थल पर अब सराहना मिल सकती है। साथ ही आपको धन संपत्ति का सुख मिलने के योग भी दिखाई दे रहे हैं। बस आपको थोड़ा सावधानी से अपने काम करने होंगे।

**वृश्चिक राशि, वाहन का सुख मिलेगा**

वृश्चिक राशि से चौथे भाव में चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। ऐसे में वृश्चिक राशि के लोगों को वाहन का सुख मिल सकता है। इस दौरान कुछ लोग अपनी ड्रीम कार या बाइक खरीद सकते हैं। साथ ही इस अवधि में आप काफी यात्राएं भी कर सकते हैं। जिनसे आपको काफी लाभ मिल सकता है। यह यात्राएं धार्मिक और कामकाज से संबंधित होंगी। लेकिन, माता की सेहत को लेकर लापरवाही न करें। उनकी सेहत का विशेष ख्याल रखें।

**धनु राशि, साहस में वृद्धि होगी**

धनु राशि से तीसरे भाव में चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है ऐसे में धनु राशि के जातकों के अंदर एक अलग ही साहस देखने को मिलेगा। आने वाला समय धनु राशि के लोगों के लिए करियर में धन लाभ और उन्नति दिलाने वाला है। अगर आप काफी समय से बीमार चल रहे हैं तो आपकी सेहत में सुधार होगा। साथ ही आपके अपने भाई बहन के साथ रिश्तों में सुधार होगा। पैतृक संपत्ति या किसी और संपत्ति को लेकर जो भी विवाद था वह सभी अब खत्म होंगे। जो लोग नौकरी बदलने का प्रयास कर रहे हैं वह सफल होंगे।

## चाहे प्रारब्ध कितना भी कठिन क्यों न हो, वर्तमान कर्म ही आपके अगले क्षण का बनाता है भाग्य

वर्तमान कर्मों का भाग्य पर प्रभाव - वर्तमान जन्म में व्यक्ति के कर्म यानी पुरुषार्थ उसके भाग्य को प्रभावित करते हैं। जन्मपत्री में शिक्षा का स्तर आदि से संबंधित योग रहते हैं, लेकिन व्यक्ति उन ज्योतिषीय योगों के निमित्त उस दिशा में कितनी मेहनत करता है, यह उसके वर्तमान कर्मों पर निर्भर है, जो आगे का भाग्य निश्चित करता है।

इसे इस प्रकार समझा जा सकता है, जैसे कि, जब कोई धार्मिक ग्रंथ, मान लीजिए तीर्थ विशेषांक, वर्षों बाद दोबारा प्रकाशित होता है, तो उसमें यह स्पष्ट किया जाता है कि तीर्थों के नाम, प्रभाव और महत्व स्थायी होते हैं, यानी उनमें कोई बदलाव नहीं होता, परंतु



उनके मार्ग, यातायात के साधन, ठहरने की व्यवस्था आदि में समयानुसार परिवर्तन संभव है। इसलिए तीर्थ यात्रा करने वाले यात्रियों को चाहिए कि वे पुराने विवरणों पर पूर्णतः निर्भर न रहें, बल्कि वर्तमान परिस्थिति और साधनों का भी विचार करें। बस ठीक यही स्थिति ज्योतिष शास्त्र की भी है।

व्यक्ति के पूर्व जन्मों के कर्मों के अनुसार उसका जन्म एक विशेष समय, स्थान और परिस्थिति में होता है। उस समय की ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति उसके जीवन की संभावनाओं, प्रवृत्तियों और प्रवाह का संकेत देती है। आपकी जन्मपत्री आपके जन्म से पहले तक की आपके शुभाशुभ कर्मों की रिपोर्ट है, जिसे जानकर व्यक्ति को समय का बोध होता है, कब आगे बढ़ना है, कब रुककर तैयारी करना है, कब सावधान रहना है।

ग्रहों की चाल और दशाएं ये बताती हैं कि समय कैसा है, अनुकूल, प्रतिकूल या सावधानी वाला। लेकिन समय का कैसे उपयोग करना है, यह व्यक्ति के वर्तमान पुरुषार्थ पर निर्भर करता है। इसलिए कहते हैं, भविष्य तो अभी बना ही नहीं है, क्योंकि व्यक्ति के हर क्षण का कर्म उसके सोचने का तरीका और उसके द्वारा लिया गया निर्णय ही आने वाले भविष्य की परिस्थितियां बना रहा है। आज जो बीज बोऐंगे, वही कल फल बनकर आएगा, अगर बोया ही नहीं तो फल कहां से मिलेगा। ग्रहों की चाल और दशाएं ये बताती हैं कि समय कैसा है, अनुकूल, प्रतिकूल या सावधानी वाला। लेकिन समय का कैसे उपयोग करना है, यह व्यक्ति के वर्तमान पुरुषार्थ पर निर्भर करता है। इसलिए कहते हैं, भविष्य तो अभी बना ही नहीं है, क्योंकि व्यक्ति के हर क्षण का कर्म उसके सोचने का तरीका और उसके द्वारा लिया गया निर्णय ही आने वाले भविष्य की परिस्थितियां बना रहा है। आज जो बीज बोऐंगे, वही कल फल बनकर आएगा, अगर बोया ही नहीं तो फल कहां से मिलेगा।

# अहसास

घर पहुंच कर जब सहज ने बाकी बचे पचास रुपए मम्मी को देने लिए जेब में हाथ मारा तो वह सन्न रह गया। पचास रुपए गायब थे। वह उदास हो गया लेकिन मम्मी ने उसे धैर्य रखने को कहा। साथ ही उन्होंने उसे आगे से सावधानी से सफर करने की शिक्षा भी दी...



**हर** साल की तरह इस बार भी छात्रों का टूर घूमने के लिए जा रहा था। स्कूल की दो मिनी बसें इस उद्देश्य के लिए तैयार थीं।

इस बार टूर चंडीगढ़ तक ही जा रहा था। बड़ी आयु के कुछ छात्र तो शिमला जाने की योजना बना रहे थे लेकिन टूर में छोटी आयु के बच्चे भी शामिल थे। इस लिए प्रिंसीपल साहब ने ज्यादा दूर जाने की अनुमति नहीं दी। उन्होंनें शाम को वापस लौट आना था। गगन और सहज भी टूर में जाने वाले छात्रों में शामिल थे। दोनों पांचवीं कक्षा के छात्र थे लेकिन दोनों का सैक्शन अलग था। गगन थोड़े बिगड़े स्वभाव का था। वह अपने किसी सहपाठी के बैग से कोई न कोई चीज निकाल लेता था। एक बार जब मामा जी की जेब में हाथ मारता पकड़ा गया था तो उसे खूब डांट पिलाई गई।

टूर में जा रहे बच्चों को उनके मम्मी पापा ने कुछ रुपए दिए हुए थे। निश्चित दिन पर सुबह दोनों बसें स्कूल के गेट पर तैयार खड़ीं थी। सहज और उसकासह पाठी मनमीत दोनों ही बस में साथ बैठे हुए थे। उनकी सीट के बिलकुल बराबर वाली सीट पर ही गगन एक और छात्र के साथ बैठा हुआ था। सहज ने अपनी जेब से पैसे निकाले और गिनने लगा। गगन की तिरछी दृष्टि उस की ओर ही थी।

गाने गाता और हंसी मजाक करता हुआ टूर चंडीगढ़ पहुंचा। सभी लोग सीधा सुखना झील गए। गगन के पास दो सौ रुपए थे। झील में कुछ बच्चे बोटिंग का मजा लेने लगे। मनमीत भी इन बच्चों में एक था। सहज बोटिंग करने से डरता था। इसलिए वह अपने कुछेक और मित्रों के साथ झील के किनारे पर घूमता हुआ मनमोहक नजारे देखने लगा। शाम होते ही बसें वापस आने को तैयार थीं। धीरे धीरे छात्र बसों में बैठने लगे। मनमीत बोटिंग करके अभी आया नहीं था। किश्ती चालक मनमीत, उसके कुछ दोस्तों और इंचार्ज अध्यापक को बिठाकर कुछ दूर ले गया था। सहज बस में अपनी सीट पर आ बैठा था। ज्यादा घूमने के कारण उसे नींद आ रही थी। उसके साथ कुछ समय के लिए गगन आ बैठा और बातें करने लगा। गगन ने महसूस किया कि सहज ऊंघ रहा है। वह उसके पास जा बैठा और इधर उधर की बातें करने लगा। सहज हां हूं करके उसकी बातों का जवाब देने की कोशिश करने लगा। फिर उसे पता ही न चला कि उसे कब नींद आ गई। मनमीत के आने से पहले ही गगन उठकर अपनी सीट पर जा बैठा।

इंचार्ज अध्यापकों ने सभी छात्रों की गिनती की। फिर बसें वापस अपनी मंजिल की तरफ रवाना हो गईं।

घर पहुंच कर जब सहज ने बाकी बचे पचास रुपए मम्मी को देने लिए जेब में हाथ मारा तो वह सन्न रह गया। पचास रुपए गायब थे। वह उदास हो गया लेकिन मम्मी ने उसे धैर्य रखने को कहा। साथ ही उन्होंने उसे आगे से सावधानी से सफर करने की शिक्षा भी दी। अगले दिन शाम को सहज ने एक बूढ़ी औरत को सड़क के किनारे पर खड़ा देखा। वह ज्यादा ट्रैफिक के कारण सड़क पार करने से डर रही थी।

सहज जब उस बूढ़ी औरत के पास गया तो वह उसे कुछ जानी-पहचानी सी लगी। फिर उसे याद आया यह तो गगन की परदादी जी हैं। ऐसे लगता था जैसे उन्हें कम दिखाई देता है। सहज गगन की परदादी जी को उसके घर छोड़ने के लिए आने लगा। सहज गगन की परदादी जी को घर तक छोड़कर वापस लौट आया। गगन की परदादी जी ने गगन को बताया कि जो लड़का उसे सड़क पार करवा कर घर तक छोड़ कर गया है, वह बड़ा अच्छा लड़का है। उस में बड़ों के प्रति परोपकार और आदर की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। सहज के बारे में ऐसी बातें सुन कर गगन मन ही मन लज्जित होने लगा।

अगले दिन गगन सहज को एकान्त में ले गया। बोला, क्रसहज, तुमने कल मेरी परदादी जी को सड़क पर करवा कर घर तक छोड़ा, मैं तुम्हारा धन्यवादी हूं।'

'धन्यवाद कैसा ? वो मेरी भी तो परदादी जी हैं। और यह तो मेरा कर्तव्य था।' सहज ने जवाब दिया। गगन ने जेब से पचास रुपए निकाले और सहज की ओर बढ़ा दिए।

'तुम पचास रुपए इनाम देकर मुझे और भी शर्मिंदा कर रहे हो। क्या बुजुर्गों को सड़क पार करवाना हमारा कर्तव्य नहीं है।' सहज उसके पचास रुपए लौटाता हुआ बोला।

'सहज, मुझे समझ नहीं आ रहा कि मैं आपसे कैसे नजर मिलाऊं ?'

'क्या मतलब ? मैं तुम्हारी बात समझा नही' सहज बोला।

'मतलब यह कि टूर के समय मैंने तुम्हारी जेब से पचास रुपए निकाल लिए थे जब तुम सीट पर सो रहे थे। मुझे उस रात नींद नहीं आई। मैं तुम्हारे सामने अपने आप को बहुत छोटा महसूस कर रहा हूं।'

'लेकिन अपनी गलती का प्रायश्चित करके तुम अब छोटे नहीं, बड़े हो गए हो। मुझे उम्मीद है कि तुम मेरे एक अच्छे मित्र बनोगे।' गगन बोला, 'सहज, मैं आगे से आप जैसा बनने की कोशिश करुंगा।'

## कविता

### अगर ना वातावरण बचाया


दूषित हो रहे धरती-पानी,
न रहा कोई चारा,
अगर न वातवरण बचाया,
होगा कैसे गुजारा।
जिस मिट्टी में खेले और बढ़े,
उसकी कद्र न डाली,
घोल रहे धरती में ज़हर,
कर दी हालत माली,
एक दिन हमें पड़ जाएगा,
कर्ज चुकाना भारी।
हर तरफ बेकद्री इसकी,
यह पाक-पवित्र पानी,
इसमें बसी है जान हमारी,
हमने कद्र न जानी।
क्या पीओगे अगर हो गया,
पानी गंदा सारा,
धुआं और जहरीली गैसें
पानी में गईं घुल।
सूख रहे वन-वान्य,
जीवन हो जाएगा गुल,
पहले जैसी जिंदगानी का
अब न रहा नजारा।
आओ हाथ मिलाएं और
करें पर्यावरण की संभाल,
आज के बाद पेड़ लगाए
हर छोटा-बड़ा बाल।
वातावरण बचाने का
मिलकर लगाएं नारा,
अगर न वातावरण बचाया,
होगा कैसे गुजारा।



# होमवर्क, नो टेंशन!



होमवर्क किसी भी बच्चे को पसंद नहीं। स्कूल से लेकर ट्यूशन हर जगह होमवर्क का यह भूत हमारे पीछे-पीछे चलता रहता है। आखिर, क्यों मिलता है यह? और कैसे बिना टेंशन पाले इससे निपटें आइए पढ़ें...



**दोस्तो,** सबसे ज्यादा खीझ आपको किस बात पर आती है ? हम्मम...सोचिए भई ! बिल्कुल ठीक फरमाया। होमवर्क से। स्कूल में तो पढ़ाई करते ही हैं, फिर घर आकर होमवर्क को निपटाने का टेंशन भी रहता है। अगर ट्यूशन भी जाते हैं, तो फिर होमवर्क का टेंशन दोगुना हो जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि ये सब क्यों किया जाता है ?... नहीं न। अरे ! आपको बेहतरीन छात्र बनाने के लिए ये सब किया जाता है। पढ़े हुए को दो से तीन बार लिखकर दोहराने से अच्छी तरह से याद हो जाता है, यह बात तो आप सब भी अच्छी तरह जानते हो। फिर होमवर्क को आप अपने दैनिक कार्य की तरह मजे लेकर करोगे, तो इससे बोझिल होने का अहसास नहीं होगा। साथ ही आपको अपना पाठ्यक्रम भी जल्द याद हो जाएगा।

**सही स्थान हो**

पढ़ने में सबसे जरूरी है सही स्थान का चयन करना। यानी पढ़ने-लिखने का वह कोना शांत होने के साथ आरामदायक भी होना चाहिए। ऐसे स्थान पर बैठकर होमवर्क करने का अपना ही मजा है। फटाफट होमवर्क पूरा होने के साथ पाठ याद भी हो जाएगा। इसके अलावा वहां आपकी जरूरत की सारी किताबें-कापियां, कम्प्यूटर, डिक्शनरी आदि मौजूद हों। अब अगर आपके पास स्टडी रूम न हो तो मम्मी-पापा की मदद से एक स्टडी कॉर्नर भी तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको थोड़ा-सा शांत कोना, एक कुर्सी और टेबल के साथ एक वॉल कैबिनेट या रैक की आवश्यकता होगी। यहां शांति से बैठ जाइए और पूरा कीजिए अपने होमवर्क को।

**कीजिए इसे भी प्लान**

जो भी होमवर्क, मिले उसे लिख लें। आसानी के लिए प्लानर या फिर कैलेंडर भी बना सकते हैं। विषयवार सूची या टाइम-टेबल बना लीजिए, ताकि सभी विषयों को समय दे सकें और होमवर्क समय रहते ही पूरा भी हो जाए। जब भी होमवर्क करना शुरू करें, तो पहले ज्यादा कठिन सवाल को हल कीजिए। उसके बाद सरल वाले को हल कीजिए। इस तरह से होमवर्क करने से आपको ज्यादा बोझ नहीं महसूस होगा। कोई कठिन सवाल यदि होमवर्क में मिले, जिसे आप हल न कर पा रहे हों, तो उसमे उलझ कर समय बर्बाद न करें। उसे अपने मम्मी-पापा या फिर अगले दिन स्कूल में अपने टीचर की मदद से हल कीजिए। पहले एक विषय के होमवर्क को पूरा कीजिए, उसके बाद दूसरे विषयों को हाथ लगाइए। इस तरह से व्यवस्थित ढंग से आपका होमवर्क निपट जाएगा।

**एक ब्रेक तो बनता है**

पढ़ाई के बीच एक छोटा-सा ब्रेक लेना तो बनता है। इस बात से आप भी इत्तेफाक रखते हैं, है न। इससे आप तरोताजाा महसूस करेंगे, फिर पढ़ाई में भी मन लगेगा। पर आपका यह ब्रेक बहुत लम्बा न हो जाए, वरना तो आपका ध्यान भी भटक सकता है।

कभी-कभी हमें बहुत सारा होमवर्क मिल जाता है न।...आप सबका मुंह देखकर लगता है कि अक्सर ही ज्यादा होमवर्क मिल जाता है। खैर, अगर ऐसा लगे, तो होमवर्क करने पर आप खुद को इनाम भी दे सकते हैं। इनाम बतौर कोई फेवरेट टीवी प्रोग्राम देखना या फिर कोई ऑनलाइन गेम भी हो सकता है भई। इसके अलावा आप चाहें तो दोस्तों के संग गप्प महफिल भी जमा सकते हैं या फिर कोई फेवरेट चीज भी खा सकते हैं।

**समय का सदुपयोग**

खाली समय का सदुपयोग और होमवर्क...बात कुछ जंची नहीं, है न। अरे, भई ! अगर आपको स्कूल में दो क्लास के बीच ही खाली समय मिल जाए तो होमवर्क करना शुरू कर दें। इससे दो फायदे हैं, दिन की शुरुआत में होमवर्क करेंगे, तो फ्रेश मूड से आप होमवर्क पूरा कर लेंगे और आपका होमवर्क बोझ भी थोड़ा कम हो जाएगा। साथ ही आपको रिवाइज करने का मौका भी मिलेगा। होमवर्क को खाली मिले स्कूल टाइम में करेंगे, तो कठिन सवालों को टीचर से भी पूछ सकते हैं।

कोई भी काम अधूरा और बाद के लिए मत छोड़िए, इससे आपके ऊपर बोझ बढ़ता ही चला जाएगा और पढ़ाई बोझिल लगने लगेगी। और जब पढ़ाई बोझ लगने लगे, तो पढ़ाई करने का कोई फायदा नहीं होता। क्योंकि, चाहे हम कितनी देर भी किताबों को खोल कर बैठे रहें, पेन से कोरे कागज पर चाहे कितने ही गोले बना लें, याद कुछ भी नहीं होगा। होगा तो सिफ आपको समय बर्बाद। तो आइंदा पढ़ने बैठने से पहले मन बनाकर बैठें।



**इन्हें समझें**

होमवर्क को मुश्किल और भारी समझ कर मत कीजिए। इसे रोज के नियम की तरह कीजिए। जैसी आपकी दिनचर्या। होमवर्क को बहुत भारी काम मत समझिए। ऐसा न हो कि आप पूरा समय होमवर्क और उसकी टेंशन में ही बिता दें और आपके दोस्त आपको पढ़ाकू और किताबी कीड़ा जैसे उपनामों से नवाजे।

इसका मतलब यह भी नहीं है कि आप होमवर्क हड़बड़ाहट में खत्म कर दें। हर सवाल को अच्छी तरह समझकर करें, ताकि आपको याद भी रह जाए।

अब आई बात समझ में न। होमवर्क बोझिल नहीं होता है। दरअसल, उसे हम और आप बोझ बना देते हैं। लेकिन हमारे बताए हुए तरीके से होमवर्क निपटाएंगे, तो फिर देखिए होगा कमाल। आप चुटकियों में अपने होमवर्क को निपटा लेंगे और उसके साथ ही याद भी कर लेंगे। इतनी जल्दी भी क्या है ?...इसे आप अकेले ही मत अपनाइए, अपने दोस्तों को भी बताइए जैसे हमने आपसे इस फंडे को साझा किया। तभी तो सभी दोस्तों का होमवर्क समय पर पूरा होगा और फिर मचाएंगे सब मिलकर धमाल।

## अंतर ढूढो

यहां आपको एक जैसी दो तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। पहली बार देखने में तो आपको अंतर समझ में नहीं आएगा, लेकिन जरा गौर से देखने पर आपको सात अंतर दिखाई देंगे। खोज निकालिए वे अंतर...



## रंग भरो



## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज आय के स्रोत बढेंगे क्योंकि दिन बहुत अच्छा हैं । कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, जिससे सभी कार्य सफल होंगे। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और पूरा दिन सुख–शांतिपूर्वक बीतेगा। परिजनों से निकटता का अनुभव करेंगे। उनका सहयोग भी मिलेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है और परिजनों के साथ किसी रमणीय पर्यटन स्थल पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। अगर स्वास्थ्य को तंदुरुस्त रखना हैं तो डिनर मे कुछ हल्का और सुपाच्य भोजन लेना होगा।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज परिश्रम जरुर करना पडेगा जिससे दिन सुनहरा होगा और व्यापारिक की स्थिति और योजनाएं सफल रहेंगी और कारोबार से संबंधित कार्यों में धन लाभ के योग बनेंगे। हालांकि, भागदौड़ अधिक करनी पड़ेगी, लेकिन परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। पुराना अटका पैसा वापस मिलने की संभावना रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। शाम के समय किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेंने का निमंत्रण आ सकता हैं ।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज समय थोडा मध्यम है अनुकूल माहौल नही मिलेगा अनावश्यक खर्च बढने से मन चिंतित हो सकता है। परिवार का वातावरण आनंदमय रहेगा। वाणी की मधुरता से आप अपना निर्धारित कार्य कर सकेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। बच्चों को संस्कारित बनाने हेतु धार्मिक विधि को समय दें। गाय को चारा खिलाना होगा मानसिक शान्ति का अनुभव होगा पूर्वजों को तृप्ति होगी।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज लाभकारी योग बन रहा हैं निवेश मे जोखिम नही है फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और आय वृद्धि के योग रहेंगे। व्यवसाय–धंधा भी अच्छा चलेगा तथा कार्यस्थल पर मित्रों और सहयोगियों का भरपूर सहयोग मिलेगा। कार्यों में सफलता मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नौकरी में पदोन्नति भी मिल सकती है। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और गृहस्थ जीवन का संपूर्ण आनंद ले सकेंगे। मित्रों के साथ प्रवास का आयोजन होगा। अधिक तैलीय वसा युक्त भोजन आप को हानिकारक रहेगा।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आप कुछ समय रुककर कोई भी अन्तिम निर्णय पर पहुंचे क्योंकि समय मध्यम हैं सामान्य हैं । व्यावसायिक क्षेत्र में छोटी–छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। काम का बोझ अधिक रहेगा और पूरा दिन भागदौड़ में बीतेगा। शारीरिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी वाद–विवाद में उलझ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहना होगा। व्यर्थ वाद–विवाद तथा तकरार में उतरने से भी बचना होगा खर्चा ज्यादा होगा ।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

सुबह ही पीपल वृक्ष मे जल दूध चढाए घी का दीपक प्रज्वलित करें मंदिर मे पीली वस्तु का भोग लगाएं । व्यापार–धंधा अच्छा चलेगा और सहकर्मियों के सहयोग से सभी कार्यों में सफलता मिलेगा। कार्यभार की अधिकता से मानसिक और शारीरिक रूप से थकान का अनुभव कर सकते हैं। कामकाज को लेकर प्रवास पर जा सकते हैं, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। ऊपरी अधिकारी आपके काम से असंतुष्ट रह सकते हैं। सुख सुविधाओं मे खर्चा अधिक होगा स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज भाग्य प्रबल हैं नक्षत्रों का बल भी मिलेगा । कर्ज बिल्कुल भी नही लेना हैं व्यापार–धंधे में लाभ की स्थिति रहेगी। कारोबार विस्तार को लेकर व्यवस्थित रूप से आर्थिक योजना बना सकेंगे। प्रॉपर्टी में निवेश लाभदायक रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और अपने परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा, जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज का दिन तो सामान्य से कुछ बढीया रहेगा। काम का ओवरलोड रहेगा व्यस्तता अधिकता रहेगी, लेकिन भागदौड़ और कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगा। नये कार्यों की शुरुआत करने से बचें। जीवनसाथी और संतानों के स्वास्थ्य का वशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। वाद–विवाद या बौद्धिक चर्चा से दूर रहें क्रोध पर नियंत्रण रखें अपरिहार्य बोलना मुसीबत मे डाल सकता हैं । सही समय का इंतजार करना ही बुद्धिमानी है व्यर्थ के प्रपंच से दूर रहें।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज आप कोई नया बिजनेस शुरू सकते हैं . आपको घर के बड़ों से पूरा सपोर्ट मिलेगा. आर्थिक रूप से पिता आपकी मदद करेंगे. आज आप बच्चों को कहीं घूमाने ले जा सकते हैं. परिवार में खुशहाली और तालमेल बना रहेगा. अगर आपकी संतान विवाह के लायक है, तो उनके लिये कोई अच्छा रिश्ता आ सकता है. सेहत के लिहाज से आप फिट रहेंगे. ऑफिस में अपना काम अच्छे से पूरा करेंगे. शाम को आप परिवार के साथ किसी फंक्शन में जा सकते हैं. मन्दिर में मिट्टी का बर्तन दान करें, आपको सबका सपोर्ट मिलेगा.

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज सुबह.उठते ही किसी बात को लेकर टेंशन बन सकता हैं इसलिए उठते ही सर्व प्रथम धरती को प्रणाम करें कर दर्शन कार्य का भार अधिक होने पर भी सकारात्मकता का अनुभव करेंगे । सामाजिक और धार्मिक कार्यों के प्रति रुझान बढ़ेगा, जिससे समाज में सम्मान बढ़ेगा। व्यापारियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना पड़ेगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा, लेकिन ध्यान रखें कि आपकी बातों से किसी ठेस ने पहुंचे। बिल्ववृक्ष मे जल सींचे एकाएक धन प्राप्त होगा ।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज विशेष लाभ दिख रहा हैं रुका हुआ धन आएगा कर्जमुक्त होने की दिशा मे बढेंगे कारोबार में धनलाभ होगा पद प्रतिष्ठा मे तरक्की के योग बन रहे हैं। कार्यों में सफलता मिलेगी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सामाजिक तथा सार्वजनिक क्षेत्र में प्रशंसा के पात्र बनेंगे। पारिवारिक जीवन में नया खुशी का समाचार मिलेगा मित्रों का भरपूर सहयोग रहेगा । अपनी वाणी पर संयम रखना होगा अन्यथा बनते हुए काम बिगड़ेंगे ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज का शुभ समाचार सुनेंगे वैवाहिक सम्बन्ध बनेगा , दाम्पत्य जीवन का सुख उठाएंगे परिवार के साथ समय व्यतीत करें थकान और चिंता दूर हो जाएगी आप के सभी कार्य निर्धारित रूप से योजना के तहत पूर्ण होंगे। मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। सहकर्मियों की मदद से अधूरे कार्य पूर्ण होंगे। सगे–संबंधियों के यहा उत्सव का निमंत्रण मिलेगा आप समाहरोह का हिस्सा बनेंगे राजनीति जीवन मे पदोन्नति भी मिलेगी मान सम्मानित होंगे।

## आज का पंचांग

दिनांक : 24 अगस्त 2025 , रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : भाद्रपद, शुक्ल पक्ष
तिथि : प्रतिपदा प्रातः 11:50 तक
नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी रात्रि 02:06 तक
योग : शिव दोपहर 12:29 तक
करण : बव प्रातः 11:50 तक
चन्द्रराशि : सिंह
सूर्योदय : 06:00 , सूर्यास्त 06:35 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:08, सूर्यास्त 06:35 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:08, सूर्यास्त 06:35 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:53 , सूर्यास्त 06:26 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : चन्द्रदर्शन

※ पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें ※

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# मुख्यमंत्री सैनी ने शुरू की शहरों की रैंकिंग



**चंडीगढ़, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा को देश का सबसे स्वच्छ और सुंदर राज्य बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब केंद्र के स्वच्छ सर्वेक्षण की तर्ज पर हरियाणा के सभी शहरों की भी स्वच्छता रैंकिंग की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य शहरों में सफाई को लेकर प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ाना और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों को सम्मानित करना है। मुख्यमंत्री ने पंचकूला में एक बैठक की, जिसमें शहरी स्थानीय निकाय, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। उन्होंने अधिकारियों को 'टीम हरियाणा' के रूप में काम करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे राज्य में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा, जिसमें लोगों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वच्छता से जुड़ी छोटी से छोटी शिकायत का तुरंत समाधान किया जाए ताकि लोगों का सरकार पर भरोसा बढ़े। स्वच्छता अभियानों में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और अन्य सामाजिक संगठनों को भी शामिल करने का आह्वान किया गया। बेसहारा पशुओं और अस्पतालों पर विशेष ध्यान मुख्यमंत्री ने शहरों में बेसहारा पशुओं की समस्या पर भी चिंता जताई और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़कों पर एक भी बेसहारा पशु नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को पर्याप्त बजट दिया गया है।

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में निजी अस्पतालों जैसी बेहतर सुविधाएँ मिलनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मरीजों को धैर्यपूर्वक सुना जाए और उन्हें सबसे अच्छी चिकित्सा सुविधा दी जाए। सभी जिला अस्पतालों को सीटी स्कैन, एमआरआई और डिजिटल एक्स–रे जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इस बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव भी मौजूद थे।

## विकास कार्यों में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं: सैनी

**सिरसा, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को सिरसा में अधिकारियों की एक बैठक ली और जिले में विकास कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कार्यों में किसी भी तरह की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के तत्कालीन कार्यकारी अभियंता भानु प्रताप को कार्यों में लापरवाही के लिए चार्जशीट करने के निर्देश दिए। साथ ही, पशुपालन विभाग के एक अधिकारी पर बैठक में गैरहाजिर रहने के लिए विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

सैनी ने वर्ष 2018 से 2022 के बीच की सिंचाई परियोजनाओं में हुई देरी पर अधीक्षण अभियंता से जवाब मांगा, जिनमें कुसुंभी, सुरेरां, आसाखेड़ा माइनर और अन्य डिस्ट्रीब्यूटरी की रिमॉडलिंग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड, लोक निर्माण विभाग और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को भी कई लंबित परियोजनाओं, जैसे नई सीवरेज प्रणाली, अतिरिक्त अनाज मंडी, आरओबी/आरयूबी निर्माण और वाटर ड्रेनेज सिस्टम पर तेजी से काम करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने जिले में नशे के खिलाफ एक कड़ा अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों को नशा सप्लायरों की पूरी चेन तोड़ने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में हाल ही में झारखंड, मध्यप्रदेश और फिरोजपुर से नशा सप्लायरों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने वैध कॉलोनियों में एनडीसी (नो–ड्यूज सर्टिफिकेट) जारी करने में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि वैध कॉलोनियों के नाम प्रकाशित किए जाएं और वहां खाली प्लॉटों के लिए भी एनडीसी जारी की जाए।

# हरियाणा में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने स्पेस के स्कोप की अहमियत समझाई

**करनाल, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** देशभर में नेशनल स्पेस डे को धूमधाम से मनाया गया। हरियाणा के करनाल में इस अवसर पर खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर 'मंगल सेन ऑडिटोरियम' में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शिरकत की। इस दौरान स्कूली छात्र और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से जुड़े लोग भी पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देशवासियों के नाम दिया वीडियो संदेश भी पर्दे पर दिखाया गया।केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने दिन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया



जाने लगा है। 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान–3 चांद पर उतरा था। विक्रम लैंडर को चांद पर उतारा गया था। स्कूल के बच्चों और देश की जनता को अंतरिक्ष के बारे में जानकारी मिल सके इसलिए राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाता है।उन्होंने मंच से बच्चों को 'स्पेस के स्कोप' और इसकी दैनिक जीवन में उपयोगिता समझाई। वैज्ञानिकों के योगदान को अहम बताते हुए कहा, हमारे देश में वैज्ञानिकों का हर क्षेत्र में अहम योगदान है। इसके साथ ही उन्होंने तमाम वैज्ञानिकों को बधाई दी।

बाद में एक्स पर इस कार्यक्रम को लेकर अपने विचार साझा किए। लिखा, करनाल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर सहभागिता करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। इस बार स्पेस डे की थीम 'आर्यभट्ट से गगनयान तक' है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है, और भविष्य का संकल्प भी है। यह देश के लिए गर्व की बात है कि इतने कम समय में ही, राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमारे युवाओं में उत्साह और आकर्षण का केंद्र बन गया है। पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का ही नतीजा है कि भारत स्पेस सेक्टर में एक के बाद एक नए कीर्तिमान रच रहा है, चाहे वह दो साल पहले ही भारत का चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुंचने वाला पहला देश बनना हो या फिर स्पेस में डॉकिंग–अनडॉकिंग क्षमता रखने वाला दुनिया का चौथा देश बनना हो, भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में आज नॉन–स्टॉप गति से आगे बढ़ते ही जा रहा है। इसरो के विधुत कुमार ने कहा कि हमने स्कूल के बच्चों को इसरो की सफलता के बारे में बताया। उन्हें ये भी जानकारी दी कि इस बात को ध्यान में रखें कि रॉकेट लॉन्चिंग ही नहीं बल्कि इसकी जीवन में क्या उपयोगिता है उसकी जानकारी होना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि वह चंद्रयान–1 और मंगलयान में शामिल थे। सेवानिवृत्त होने के बाद अंतरिक्ष से जुड़ी जानकारियों को बच्चों के साथ साझा कर रहे हैं।

## तत्कालीन लेखा सहायक रामनिवास गिरफ्तार 5 लाख कैश और 3 लग्जरी कारें जब्त

**पंचकूला, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के करोड़ों रुपये के गबन मामले में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, पंचकूला की टीम को बड़ी सफलता मिली है। ब्यूरो ने इस मामले में गिरफ्तार आरोपी रामनिवास, जो तत्कालीन लेखा सहायक था, से 5 लाख रुपये नकद और तीन महंगी कारें जब्त की हैं। पंचकूला स्थित ब्यूरो कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, रामनिवास ने सुनील कुमार बंसल और अन्य सह–आरोपियों के साथ मिलकर कुल 68,71,57,066 रुपये का गबन किया था। इस गबन की राशि से खरीदी गई तीन कारों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। इनमें एक जैगवार (उक01उछ–3168), एक फॉक्सवैगन टाइगुन (उक01उघ–1627) और एक टोयोटा फॉर्च्यूनर (क्ठ03–0077) शामिल है। इनमें से दो कारें रामनिवास की पत्नी और एक उसके खुद के नाम पर पंजीकृत है। जाँच के दौरान, रामनिवास ने बताया कि उसने गबन की राशि का इस्तेमाल प्लॉट, सोना खरीदने और शेयरों में निवेश करने के लिए भी किया था।यह मामला तब सामने आया था जब सुनील बंसल ने अपनी सेवानिवृत्ति से ठीक एक दिन पहले एक बैंक खाता बंद करवा दिया था, जिसका इस्तेमाल सरकारी धन के गबन के लिए किया गया था। इस संबंध में 7 मार्च 2023 को पंचकूला के सेक्टर–7 थाने में विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

इस मामले में अब तक मनोज पाल सिंगला, विजय कुमार, सुनील कुमार गर्ग, सुनील कुमार बंसल, यश बिंदल, रामकेश सिंह, हरकेश शर्मा, सुरेन्द्र कुमार, नवीन कुमार, नरेश कुमार, भारत कुमार, हरीश कुमार और रामनिवास सहित कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ये सभी आरोपी इस समय अंबाला की केंद्रीय जेल में बंद हैं।

# दौसा में भारी बारिश, 130 मिमी दर्ज, जनजीवन अस्त–व्यस्त



**दौसा, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** दौसा और लालसोट में हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया है। पिछले 24 घंटों में लालसोट में 119 मिमी और दौसा में 130 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिससे सड़कें दरिया बन गईं और निचले इलाकों में पानी भर गया। लालसोट की गणेश कॉलोनी में लोगों के घरों में पानी घुस गया, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने इसके लिए नगर परिषद की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। इसी बीच, मोरेल बांध का जलस्तर भी बढ़ गया है, जिससे किसानों को राहत मिली है। श्यामपुर खुर्द और सुरतपुरा जैसे गाँवों में भी बारिश ने सड़कों को बुरी तरह जर्जर कर दिया है, जिससे छात्रों और किसानों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द ही सड़कों की मरम्मत करने की माँग की है।

दौसा में दोपहर बाद शुरू हुई बारिश से शहर के कई प्रमुख इलाके, जैसे मानगंज, नई मंडी रोड और रेलवे स्टेशन, पानी में डूब गए। सैंथल रोड और सोमनाथ की कॉलोनियों के रास्तों पर भी भारी जलभराव हुआ, जिससे कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया। पूरे दौसा जिले में भी अच्छी बारिश हुई है। लालसोट में 122 मिमी, निर्झरणा में 73 मिमी और सैंथल सागर पर 70 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इस बारिश से किसानों को फायदा हुआ है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्याएँ पैदा हो गई हैं।

## बीसलपुर बांध के 6 गेट खुले, पानी की निकासी जारी; टोंक जिले में हाई अलर्ट



**टोंक, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान की जीवन रेखा कहे जाने वाले बीसलपुर बांध में लगातार हो रही पानी की आवक के कारण शनिवार को एक बार फिर बांध के छह गेट खोल दिए गए हैं। बांध से प्रति सेकंड 72,120 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है, जिससे बनास नदी का जलस्तर बढ़ गया है और प्रशासन ने निचले इलाकों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। करीब 25 दिनों बाद बांध के छह गेट फिर से खुले हैं।

शनिवार सुबह 6 बजे पहले से खुले हुए गेट नंबर 9 और 10 को 1.5 मीटर से बढ़ाकर 2–2 मीटर कर दिया गया। इसके बाद, सुबह 7:30 बजे गेट नंबर 7 और 8 को भी खोला गया, जिससे पानी की निकासी 36,060 क्यूसेक प्रति सेकंड तक पहुँच गई। लगातार पानी की आवक को देखते हुए सुबह 9 बजे दो और गेट खोले गए, जिससे कुल छह गेटों से पानी की निकासी हो रही है। इनमें से गेट नंबर 7 और 12 को 1–1 मीटर, जबकि गेट नंबर 8, 9, 10 और 11 को 2–2 मीटर खोला गया है। बीसलपुर बांध के अधिशासी अभियंता (दएछ) मनीष बंसल ने बताया कि बांध का जलस्तर 315.50 आरएल मीटर पर बनाए रखा जा रहा है। त्रिवेणी का बहाव भी 4 मीटर पर है, जिससे बनास नदी में पानी का प्रवाह तेज हो गया है।

## क्षेत्रीय वन अधिकारी और वनपाल 20 हज़ार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ़्तार

**बांसवाड़ा, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बांसवाड़ा जिले में क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रथम शान्तिलाल चावला और वनपाल लाडजी गरासिया को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ़्तार किया। एसीबी मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, परिवादी की फर्म द्वारा वन रेंज में नर्सरी सुधार और अन्य मरम्मत कार्यों के बिलों के भुगतान के एवज में दोनों अधिकारी 15 प्रतिशत कमीशन यानी कुल 80,000 रुपये की रिश्वत की मांग कर रहे थे।

परिवादी की शिकायत पर एसीबी ने 22 अगस्त को मांग का सत्यापन कराया। इस दौरान वनपाल लाडजी गरासिया ने क्षेत्रीय वन अधिकारी शान्तिलाल चावला के लिए अग्रिम 20,000 रुपये लेने पर सहमति दी।

इसके बाद, उदयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस प्रहलाद सिंह कृष्णिया की देखरेख में, एसीबी बांसवाड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के नेतृत्व में टीम ने शनिवार को ट्रैप कार्रवाई की। कार्रवाई में वनपाल लाडजी गरासिया को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते ही दबोच लिया गया। पूछताछ में क्षेत्रीय वन अधिकारी शान्तिलाल चावला की संलिप्तता भी सामने आई, जिसके बाद उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# राजस्थान में छठी राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आगाज

**उदयपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** आर.वाई.एस.ए. सोसायटी योगासन भारत एवं राजस्थान विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में 28 से 55 वर्ष वर्ग के लिए आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छठी योगासन स्पोर्ट्स चेम्पियन शीप 2025 का आगाज शनिवार को विद्यापीठ के एग्रीकल्चर महाविद्यालय के सभागार में हुआ। प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों के 350 से अधिक योग विद्यार्थी भाग ले रहे है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, विद्या प्रचारिणी सभा भूपाल नोबल्स के मंत्री प्रो. महेन्द्र सिंह आगरिया, सचिव संदीप कासनीया, अध्यक्ष डिम्पल सोलंकी, प्रो. सरोज गर्ग, उपाध्यक्ष डॉ. रोहित कुमावत ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न आसनों को कर उपस्थित अतिथि एवं विद्यार्थियों को रोमांचित कर दिया। पहले दिन के विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में श्री विद्या फारेस्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने योग गीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियॉ दी। समारोह में गुरू मॉ भुवनेश्वरी




पुरी का संदेश पढ़कर सुनाया गया। प्रतियोगिता को रिकार्डिंग के साथ पूरी पारदर्शिता के साथ करायी जा रही है।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि आसन एक ऐसी विधा है जिसे पूरी बारीकी के साथ करना चाहिए, वो मजबूत है तो जो हम मुक्ति व मोक्ष की बात करते है वह आसानी प्राप्त हो सकती है। सही आसन में साधना करना ही योग है। उन्होंने कहा कि आसन योग का हिस्सा है। जीवन का आधार है। ईश्वर से रूबरू होने का साधन है आसन। आसन में व्यक्ति को अपने आप में झाकने का अवसर मिलता है। आसन मानवीय सरोकार है इसे जिंदा रखना जरूरी है, व्यक्ति को इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।इस अवसर पर भरत पाल सिंह, हरविंदर सिंह, सुरेश कुमार, करणीपाल सिंह, बलराम सिंह, गजराज शक्तावत, राकेश सुथार, रक्षत लयात, डॉ. अमी राठौड, डॉ. रचना राठौड, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, डॉ. ममता कुमावत, सौरभ सिंह, डॉ. सुभाष पुरोहित सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

### साइबर अपराधियों पर योगी सरकार की पैनी नजर

# डाटा चोरी पर लगेगा 250 करोड़ तक का दंड

**लखनऊ, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** योगी सरकार कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं टेक्नोलॉजी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी के तहत प्रदेश में फॉरेंसिक साइंस को बढ़ावा दिया जा रहा है। यही वजह है कि सीएम योगी के निर्देश पर फोरेंसिक साइंस को कानून प्रवर्तन में अनिवार्य किया गया है। योगी सरकार पिछले आठ वर्षों में आधुनिक फोरेंसिक लैब स्थापित करने, साइबर अपराधों से निपटने के लिए अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने और पुलिस-फॉरेंसिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। इसी के तहत नोएडा में शुक्रवार को साइबर क्राइम को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला में डिजिटल युग में बढ़ते साइबर खतरों और उनसे निपटने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी, एडिशनल सीपी अजय कुमार सहित उद्यमियों, बैंकिंग सेक्टर के प्रतिनिधियों, आरडब्ल्यूए के सदस्यों, सोशल वर्कर्स और पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में 250 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति ने साइबर सुरक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाया। कार्यशाला में साइबर ऑडिट, डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट और डाटा सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने बताया कि आने वाले समय में डाटा चोरी पर 250 करोड़ रुपए तक के दंड का प्रावधान होगा। इस दौरान यूपी में फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए किए गए प्रयासों की भी जानकारी दी गई, जिसमें 13 कैबिनेट्स की स्थापना और राज्य के सभी 75 जिलों में मोबाइल फोरेंसिक वैन की तैनाती शामिल है।

डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि आज के दौर में धन से भी अधिक मूल्यवान डाटा है। साइबर क्राइम और डिजिटल डेटा चोरी में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, इसलिए सोशल मीडिया पर डाटा साझा करते समय सावधानी बरतना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जैसे वित्तीय ऑडिट होता है, वैसे ही अब डाटा ऑडिट भी अनिवार्य होगा। उन्होंने डेटा इंश्योरेंस को भविष्य की बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि जैसे फसल, स्वास्थ्य और अग्नि बीमा होता है, वैसे ही आने वाले समय में डिजिटल इंश्योरेंस भी आम आदमी तक पहुंचेगा। इसके अलावा उन्होंने डीएनए कुंडली की अवधारणा पर चर्चा करते हुए बताया कि भविष्य में जेनेटिक साइंटिफिक एनालिसिस के आधार पर नई संभावनाएं सामने आएंगी। कार्यशाला ने स्पष्ट किया कि डिजिटल युग में डेटा सुरक्षा केवल तकनीकी चुनौती नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। योगी सरकार विशेषज्ञों और नागरिकों के संयुक्त प्रयास से ही साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

### योगी सरकार ने जारी किया फर्टिलाइजर उपलब्धता का आंकड़ा

# 5.95 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.9 लाख मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध

**लखनऊ, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** योगी सरकार ने सफाई दी है कि प्रदेश में कहीं भी खाद-उर्वरकों की कमी नहीं है। सभी मंडलों में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता है और किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने कालाबाजारी और ओवर रेटिंग पर कड़ा रुख अपनाया है। सरकार द्वारा समय-समय पर मॉनिटरिंग करने से खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनी हुई है। कृषि विभाग ने शुक्रवार को मंडलवार खाद की उपलब्धता के ताजा आंकड़े जारी किए हैं। प्रदेश में खाद की स्थिति*कृषि विभाग के अनुसार, प्रदेश में कुल 5.95 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.91 लाख मीट्रिक टन डीएपी (डाय अमोनियम फॉस्फेट) और 3.01 लाख मीट्रिक टन एनपीके (नाइट्रोजन फास्फोरस पोटेशियम) की उपलब्धता है। इसका अर्थ है कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों के लिए खाद का पर्याप्त भंडार मौजूद है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और खाद की उपलब्धता व वितरण पर कड़ी नजर रख रही है।सरकार ने दावा किया कि योगी सरकार किसानों के हित में लगातार कदम उठा रही है।



यूरिया का वास्तविक मूल्य 2,174 रुपए प्रति बैग है, लेकिन सब्सिडी के चलते यह किसानों को मात्र 266.50 रुपए में उपलब्ध कराया जा रहा है। समय से खाद, बीज और सिंचाई सुविधाओं की वजह से प्रदेश का खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर 737 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच चुका है। कृषि क्षेत्र से जुड़ा जीएसवीए, जो सपा शासन के दौरान 2 लाख करोड़ रुपए था, अब बढ़कर 7 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

योगी सरकार ने प्रदेश में खाद की उपलब्धता को लेकर विशेष सावधानी बरती है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को समय से यूरिया, डीएपी और एनपीके मिल सके। सीमावर्ती जिलों में तस्करी रोकने के लिए कड़ी चौकसी बढ़ा दी गई है और जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई भी जारी है। इसका असर यह हुआ है कि मंडलवार खाद की उपलब्धता संतुलित है और किसानों को किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा।

### ओड़ीशा के पुरी में 40वें आयटो वार्षिक सम्मेलन की भव्य शुरुआत

# ओड़ीशा की उपमुख्यमंत्री ने किया यूपी पर्यटन के स्टॉल का उद्घाटन

**लखनऊ, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आयटो) का 40वां वार्षिक सम्मेलन ओड़ीशा के पुरी में 22 से 25 अगस्त 2025 तक आयोजित हो रहा है। अधिवेशन का शुभारंभ केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। रिजु-वेनेट इनबाउंड /2030 थीम पर आधारित इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के स्टॉल का उद्घाटन ओड़ीशा की उपमुख्यमंत्री प्रावती परिदा ने किया। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 40वें आयटो वार्षिक सम्मेलन में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने अपने विविध पर्यटन आकर्षणों को प्रदर्शित किया। यूपी पर्यटन के स्टॉल पर भारत की इत्र नगरी कन्नौज, स्पिरिचुअल ट्रायंगल




(अयोध्या-काशी-प्रयागराज) और दीपोत्सव से लेकर रंगोत्सव तक के भव्य वार्षिक आयोजनों की झलक प्रस्तुत की गई। आयोजन में देशभर से 1,000 प्रतिनिधि, टूर ऑपरेटर, होटल व्यवसायी और ट्रैवल मीडिया के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

उत्तर प्रदेश पर्यटन को इस मंच से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच बनाने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन एक ऐसा मंच प्रदान कर रहा है, जहां पर्यटन उद्योग के पेशेवरों और सरकारी हितधारकों की भागीदारी के साथ इनबाउंड टूरिज्म के भविष्य पर विचार-विमर्श होगा।

उन्होंने बताया, आयटो उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान कर रहा है। आयोजन के दौरान पर्यटन क्षेत्र से जुड़े निवेश, नवाचार और तकनीकी सहयोग जैसे मुद्दों पर भी चर्चा कर रहे हैं। सम्मेलन के पहले दिन उत्तर प्रदेश पर्यटन मंडप आगंतुकों का मुख्य आकर्षण रहा। प्रतिनिधियों ने विशेष रूप से इत्र पर्यटन में गहरी रुचि दिखाई। यहां कन्नौज की सदियों पुरानी अत्तर निर्माण परंपरा को घरेलू व अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए एक अनूठा अनुभवात्मक उत्पाद के रूप में प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन के पहले दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नेटवर्किंग सत्रों का भी आयोजन हुआ, जहां उत्तर प्रदेश पर्यटन के अधिकारियों ने अयोध्या के राम मंदिर सर्किट, वाराणसी के रिवर फ्रंट और दुधवा व बुंदेलखंड में इको-टूरिज्म से जुड़ी संभावनाओं पर चर्चा की। आगामी दो दिनों में भी उत्तर प्रदेश पर्यटन अपने प्रचार-प्रसार की गतिविधियां जारी रखेगा।

आयटो सम्मेलन राज्य के लिए पर्यटन क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलने का अवसर है। सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक प्रदेश को भारत के बहुआयामी पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित किया जाए। उत्तर प्रदेश आने वाला हर पर्यटक यहां से न केवल अच्छी यादें लेकर जाए, बल्कि हमारी संस्कृति और आध्यात्मिकता से गहरा जुड़ाव भी महसूस करे। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि आयटो के माध्यम से राज्य सरकार देश के अग्रणी टूर ऑपरेटरों और उद्योग जगत के नेताओं से सीधा संवाद कर रही है।

### एल्गिन क्षेत्र वाले फार्मूले से करोड़ों की बचत और काम बेजोड़

# शारदा नहर की ड्रेजिंग हुई तो 12 जिलों में नहीं आई बाढ़

**लखनऊ, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** पहाड़ी और मैदानी इलाकों में लगातार भारी बारिश से प्रदेश के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। योगी सरकार द्वारा लगातार इन इलाकों में युद्धस्तर पर राहत कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशासनिक कुशलता से प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ का प्रभाव देखने को नहीं मिला है। इस बार लखीमपुर खीरी, सीतापुर, पीलीभीत, बाराबंकी समेत दर्जन जिले ऐसे हैं, जहां बाढ़ का प्रकोप न के बराबर है। इसकी मुख्य वजह सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इन जिलों में बहने वाली नदियों में ड्रेजिंग से नदियों का मूल स्वरूप वापस लौट आया और वह दोबारा अपने मूल प्रवाह में बहने लगीं। इसी के तहत शारदा नहर में ड्रेजिंग की गई। इसका नतीजा यह रहा कि जहां पिछले कई वर्षों से शारदा नहर के तेज बहाव से बाढ़ से प्रभावित जिलों में इस बार बाढ़ का प्रकोप देखने को नहीं मिला और लाखों की जनसंख्या में जनमानस और खेतिहर भूमि पर बाढ़ का प्रभाव देखने को नहीं मिला। इतना ही नहीं ड्रेजिंग कार्य से राजस्व को भी करोड़ों का फायदा हुआ।

प्रदेश के करीब 12 जिलों से होकर शारदा नहर प्रवाहित होती है। ऐसे में मानसून के दौरान जब नेपाल में भारी बारिश होती है तो वहां से शारदा नहर में पानी छोड़ दिया जाता है, जिससे शारदा विकराल रूप धारण कर लेती है। वर्तमान में शारदा नहर में 4 लाख क्यूसेक पानी बह रहा है। इससे प्रदेश के 12 जिलों में बहने वाली शारदा नहर के विकराल प्रवाह से काफी नुकसान होता है। सीएम योगी ने समस्या का संज्ञान लिया। साथ ही सीएम योगी ने लखीमपुर खीरी के शारदा नहर क्षेत्र में वर्षों से चल रही बांध निर्माण की कवायद को महज कुछ मिनटों में सुलझाकर यह साबित कर दिया कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति और व्यवहारिक सूझबूझ से करोड़ों के प्रोजेक्ट को भी कम लागत में और समय रहते पूरा किया जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह निर्णय उनकी प्रशासनिक दक्षता, संवेदनशीलता और ग्रामीणों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण बन गया है। उन्होंने यह दिखाया कि सरकार यदि चाहे तो लंबे समय से लटके हुए और जटिल मुद्दों का समाधान सरल, सस्ता और प्रभावी ढंग से निकाल सकती है। सीएम योगी की सूझबूझ से 180 करोड़ का प्रोजेक्ट महज 22 करोड़ में सिमट गया, समस्या का समाधान भी हो गया और लाखों किसानों और ग्रामीणों का फायदा हो गया। सीएम के निर्णय से शारदा नहर क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बैठक में उच्च अधिकारियों ने बताया था कि मानूसन के दौरान लखीमपुर खीरी की पलिया क्षेत्र बहने वाली शारदा नहर में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिससे हर साल पलिया और निघासन क्षेत्र के लोग बाढ़ की समस्या से जूझते हैं। इसके साथ ही शारदा नहर के प्रवाह से 12 जिलों में बाढ़ का प्रकोप हर साल रहता है। अधिकारियों ने बताया कि यहां पर शारदा नहर और समपरती भूमि बराबर हो गयी है। इससे हर साल बाढ़ का पानी आस-पास के गांव, खेत और रेलवे लाइन को प्रभावित करता है। इससे प्रत्यक्ष रूप से 16 गांव की 80 हजार आबादी और अप्रत्यक्ष रूप से करीब डेढ़ लाख लोग प्रभावित होते हैं। वहीं हर साल 10 हजार हेक्टेयर से अधिक खेतिहर भूमि प्रभावित होती है। उन्होंने इस समस्या से निजात के लिए सीएम के सामने शारदा नहर पर मिट्टी का बांध बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सीएम योगी ने गहनता से समझा। उन्होंने बताया कि बांध के लिए 40 हेक्टेयर जमीन की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए करीब 200 किसानों से जमीन अधिग्रहित करनी होगी। अधिकारियों ने मिट्टी के बांध बनाने की लागत 180 करोड़ बताई।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर शारदा नहर के करीब साढ़े सात किलोमीटर के क्षेत्र में ड्रेजिंग कराई गई। इससे वर्षों की लंबित समस्या का स्थायी समाधान हो गया। साथ ही प्रोजेक्ट का खर्च भी 180 करोड़ से 22 करोड़ में सिमट गई।

# नेशनल स्पेस डे पर बच्चों को मिली अंतरिक्ष की जानकारी

## नई शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप पहल

**लखनऊ, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** योगी सरकार की पहल पर आज प्रदेश के 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों में मनाए गए नेशनल स्पेस डे ने बच्चों को भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों से सीधा रूबरू कराया। 1.48 करोड़ छात्र-छात्राओं ने डिजिटल संसाधनों के जरिये न केवल ग्रहों, उपग्रहों और ब्रह्मांड की उत्पत्ति की जानकारी पाई, बल्कि पहली बार चंद्रयान से लेकर गगनयान तक की पूरी यात्रा को विस्तार से जाना।

छात्रों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखकर और सीखकर भविष्य की तकनीकों को भी पहली बार व्यवस्थित रूप से समझा। इसके साथ ही विद्यालयों में आयोजित विशेष प्रदर्शनी, कार्यशालाओं और रचनात्मक गतिविधियों ने बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान की नई उड़ान समझने का






अवसर दिया। इस अवसर पर बच्चों को समूह चर्चा, चित्रकला प्रतियोगिता, मॉडल प्रदर्शनी और डिजिटल सेशन से जोड़ा गया। इस दौरान उन्हें शिक्षकों और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिला। बच्चों को पहली बार चंद्रयान, आदित्य-एल1 और गगनयान जैसे मिशनों की पूरी कहानी मिली, जिसने भविष्य में न सिर्फ अंतरिक्ष के क्षेत्र में उड़ान भरने को प्रेरित किया बल्कि विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति नई रुचि और उत्साह भी जगा दिया।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियां नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। योगी सरकार चाहती है कि बच्चे, किताबों से ज्ञान अर्जित करते हुए विज्ञान और तकनीक को भी व्यावहारिक रूप से समझें। उन्होंने कहा कि नेशनल स्पेस डे का मकसद बच्चों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति गहरी रुचि पैदा करना और उन्हें भविष्य के करियर विकल्पों की ओर प्रेरित करना है। शिक्षा विभाग पहले ही स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, ड्रोन और रोबोटिक्स लैब जैसी पहलों से बच्चों को नई तकनीकों से जोड़ चुका है। अब स्पेस डे जैसे आयोजन इस दृष्टि को और व्यापक बनाएंगे और बच्चों में शोध व नवाचार की राह खोलेंगे।

### यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की तैयारी

# 500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदार देखेंगे मेड इन यूपी की ताकत

**लखनऊ, 23 अगस्त (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश की समृद्ध परंपरा, उद्यमिता और कारीगरों का हुनर अब वैश्विक मंच पर और अधिक चमकने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होने जा रहा है।

यह मेगा शो न केवल प्रदेश की औद्योगिक शक्ति और सांस्कृतिक पहचान का परिचय देगा बल्कि दुनिया भर के निवेशकों और खरीदारों को मेड इन यूपी की ताकत भी दिखाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में करीब 80 देशों से 500 से अधिक खरीदार के आने की उम्मीद है। इनमें से अब तक 75 देशों के 340 से ज्यादा बायर्स ने आने की पुष्टि भी कर दी है। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में इसमें और तेजी से वृद्धि की संभावना है। इस तरह यूप-ीआईटीएस प्रदेश के उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार के दरवाजे खोलने वाला साबित होगा।

योगी सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना पहले ही प्रदेश को अलग पहचान दिला चुकी है। यूपीआईटीएस में इन उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी लगाकर इन्हें वैश्विक खरीदारों से सीधे जोड़ा जाएगा। इससे न केवल स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को फायदा होगा, बल्कि निर्यात और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर आयोजित यह शो उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय व्यापार का हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य प्रदेश को निर्यात के मामले में शीर्ष पायदान पर ले जाना और निवेश आकर्षित करना है। सरकार चाहती है कि यूपी के हर जिले का हुनर वैश्विक बाजारों तक पहुंचे और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में योगदान दे।

इस मेगा इंटरनेशनल शो को खास बनाने के लिए 17 प्रमुख सेक्टर्स के उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। इन सेक्टर्स में उत्तर प्रदेश की विशेष पहचान बनाने वाले उत्पाद और ओडीओपी विशेष रूप से प्रदर्शित होंगे। 17 प्रमुख सेक्टरों में एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, इरिगेशन, एनीमल हस्बेंड्री, फिशरीज एंड डेयरी, अपैरल्स एंड गारमेंट्स, ऑटोमोबाइल्स, ईवी, ऑटो कंपोनेंट्स, आयुर्वेद, योग, नेचुरोपैथी, यूनानी, सिद्धा एंड होम्योपैथी, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग, टॉयज एंड स्पोर्ट्स गुड्स, एफएमसीजी, फूड एंड बेवरेज, ग्लासवेयर, हैंडीक्राफ्ट हैंडलूम, लेदर गुड्स, आईटी, आईटीईएस, सॉफ्टवेयर, फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल इक्विपमेंट, रिन्यूएबल एनर्जी और माइनिंग शामिल हैं।






# साई और डल झील एसोसिएशन की साझेदारी ने बदली कश्मीर के युवाओं की किस्मत

**श्रीनगर ,23 अगस्त (एजेंसियां) ।**

जम्मू-कश्मीर के साधारण परिवारों से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले तीन युवा एथलीट - मोहसिन अली, सज्जाद हुसैन और मुहम्मद हुसैन - प्रेरणा के प्रतीक बन गए हैं। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 में इन खिलाड़ियों ने राज्य को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक दिलाए। इनकी इस उपलब्धि के पीछे भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और डल झील स्थित नेहरू पार्क प्रशिक्षण केंद्र की अहम भूमिका रही है।

मोहसिन अली, एक कारपेंटर के बेटे, ने पुरुषों की 1000 मीटर कयाकिंग में स्वर्ण जीता। शिकारा चालक के बेटे सज्जाद और सब्जी विक्रेता के बेटे मुहम्मद हुसैन ने सी-2 500 मीटर कैनो स्लैलम में रजत, जबकि हुसैन ने सी-1 कैनो 1000 मीटर में कांस्य पदक हासिल किया। इन पदकों की बदौलत मेजबान जम्मू-कश्मीर ने देशभर के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सातवाँ स्थान प्राप्त किया।

दलदल भरी आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद इन युवाओं ने खेलों में अपनी पहचान बनाई। खिलाड़ियों का कहना है कि यदि साई का सहयोग न होता, तो खेलों में आगे बढ़ना संभव नहीं था। साई केंद्र न केवल प्रशिक्षण बल्कि खिलाड़ियों को आवश्यक सहायता, आहार और मार्गदर्शन भी प्रदान करता है। एथलीटों के कोच जुल्फिकार अली भट्ट ने बताया कि कश्मीर के अधिकांश खिलाड़ी मज़दूर वर्ग से आते हैं और इसी वजह से इस केंद्र का महत्व और बढ़ जाता है।

सज्जाद हुसैन ने साझा किया कि किस तरह उनके कोच अभ्यास के बाद उन्हें स्कूल तक छोड़ते थे ताकि पढ़ाई और खेलों में संतुलन बना रहे। वहीं मुहम्मद हुसैन ने कहा कि इस केंद्र ने उन्हें नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रखकर सही राह दिखाई। मोहसिन अली ने भी माना कि परिवार की कठिन आर्थिक स्थिति के बीच साई का सहयोग ही उनकी सफलता की कुंजी रहा।

कोच जुल्फिकार अली भट्ट ने यह भी जोर दिया कि भारत यदि 2036 ओलंपिक की मेजबानी का लक्ष्य रखता है, तो श्रीनगर में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना अनिवार्य है। उनका मानना है कि ऐसे प्रयासों से डल झील और आसपास के युवाओं की प्रतिभा को वैश्विक मंच तक पहुँचाया जा सकेगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मोहन बागान ने 2030 तक के लिए मुंबई सिटी से मेहताब सिंह के साथ किया करार

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने शनिवार को घोषणा की कि मोहन बागान सुपर जायंट ने मुंबई सिटी एफसी से भारतीय डिफेंडर मेहताब सिंह के साथ पांच साल का करार कर लिया है। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी मेडिकल जाँच पूरी कर ली है और शनिवार को टीम के प्रशिक्षण में शामिल होंगे। मेहताब ने मोहन बागान के साथ दो आईएसएल कप और शील्ड जीते हैं और सेंटर-बैक और राइट-बैक दोनों के रूप में खेल सकते हैं। उन्होंने मुंबई सिटी के लिए कोच डेस बकिंघम के नेतृत्व में एएफसी चैंपियंस लीग में भी हिस्सा लिया है। मेहताब ने कहा, हर खिलाड़ी मोहन बागान के लिए खेलने का सपना देखता है। मेरा भी यही सपना था और अब यह हकीकत बन गया है। यह टीम भारत की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है और इसमें कई अच्छे विदेशी खिलाड़ी और भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी हैं। मेहताब ने एक बयान में कहा, मैंने मुंबई सिटी के लिए एएफसी चैंपियंस लीग में खेला है और उनके साथ दो आईएसएल लीग और कप जीते हैं। मैं अपने नए क्लब में पहले दिन से ही इस अनुभव का इस्तेमाल करूँगा क्योंकि हम अपना पहला चैंपियंस लीग 2 मैच 16 सितंबर को खेलेंगे। मेहताब ने आगे कहा, कोलकाता में फुटबॉल को लेकर उत्साह बिल्कुल अलग है और मोहन बागान के प्रशंसक देश में सबसे ज़्यादा हैं। मैं उनके जुनून को जानता हूँ और डर्बी में उनकी भावनाओं से भी वाकिफ हूँ। अब मैं हरे और मेहरून रंग की जर्सी में जीतना चाहता हूँ और अपनी झोली में और ट्रॉफ़ियाँ जोड़ने की उम्मीद करता हूँ।



### सिंकफील्ड कपः प्रज्ञानानंद ने खेला आसान ड्रॉ, गुकेश ने रोमांचक बाज़ी में बांटे अंक

**सेंट लुइस।** सिंकफील्ड कप के पांचवें दौर में सभी पांच मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। भारत के ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के खिलाफ काले मोहरों से आसान ड्रॉ खेला, वहीं विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने पोलैंड के डूडा यान-क्रिज़्सतोफ के खिलाफ उतार-चढ़ाव भरे खेल में अंक साझा किए। अमेरिका के फबियानो करूआना ने वेस्ली सो के साथ बाज़ी ड्रॉ खेलकर 3.5 अंकों के साथ अपनी बढ़त बनाए रखी। लेवोन अरोनियन ने फ्रांस के अलीरेज़ा फिरोज़जा से और सैमुअल सेवियन ने उज़्बेकिस्तान के नोडिर्बेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेला। लाग्रेव ने प्रज्ञानानंद के खिलाफ जोखिम लेने से बचते हुए महज़ 26 चालों में ही दोहराव के ज़रिए खेल समाप्त कर दिया। दूसरी ओर गुकेश ने क्वीन पॉन ओपनिंग में जटिलताएं पैदा कीं। लेकिन डूडा ने कुछ सटीक चालों से बढ़त बना ली थी। हालांकि, मध्य खेल में डूडा की गलती ने गुकेश को वापसी का मौका दिया और खेल 45 चालों तक चला। नौ दौर के इस टूर्नामेंट के आधे पड़ाव पर करूआना शीर्ष पर हैं। उनके पीछे 3 अंकों के साथ प्रज्ञानानंद और अरोनियन हैं। वहीं 2.5 अंकों पर गुकेश, वाचियर-लाग्रेव, फिरोज़जा, सो और सेवियन संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। डूडा 2 अंकों के साथ पीछे हैं और अब्दुसत्तोरोव 1 अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर हैं। एक दिन के विश्राम के बाद मुकाबले फिर से शुरू होंगे। इसके रोमांचक समापन की उम्मीद है, क्योंकि शीर्ष और आठवें स्थान पर मौजूद खिलाड़ी के बीच सिर्फ एक अंक का अंतर है।

परिणाम (पांचवां दौर) : मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव (फ्रांस, 2.5) ने आर. प्रज्ञानानंद (भारत, 3) से ड्रॉ खेला। डूडा यान-क्रिज़्सतोफ (पोलैंड, 2) ने डी. गुकेश (भारत, 2.5) से ड्रॉ खेला। फबियानो करूआना (अमेरिका, 3.5) ने वेस्ली सो (अमेरिका, 2.5) से ड्रॉ खेला। सैमुअल सेवियन (अमेरिका, 2.5) ने नोडिर्बेक अब्दुसत्तोरोव (उज़्बेकिस्तान, 1) से ड्रॉ खेला। लेवोन अरोनियन (अमेरिका, 3) ने अलीरेज़ा फिरोज़जा (फ्रांस, 2.5) से ड्रॉ खेला।



### एशियन चैंपियनशिप : अर्जुन-एलावेनिल ने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** कजाकिस्तान के शिमकेंट में आयोजित 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के अर्जुन बाबुता और एलावेनिल वलारिवन की जोड़ी ने शनिवार को 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने चीन के डिंगके लू और शिनलू पेंग को 17-11 से मात देकर शीर्ष स्थान हासिल किया। शुरुआती दौर में चीनी खिलाड़ी बढ़त बनाए हुए थे, भारतीय शूटर शुरुआती राउंड में 9.5 और 10.1 स्कोर से पिछड़ गए। लेकिन बाद के राउंड में शानदार वापसी करते हुए अर्जुन-एलावेनिल ने गोल्ड अपने नाम किया। यह एलावेनिल का इस प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण है। इससे पहले उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में भी पहला स्थान हासिल किया था। इससे पूर्व भारतीय तिकड़ी अर्जुन बाबुता, रुद्रांक्श पाटिल और किरण जाधव ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।



# लियोनेल मेसी के नेतृत्व में अर्जेंटीना की टीम नवंबर में आएगी भारत, खेलेगी मैत्री मैच

**नई दिल्ली,23 अगस्त (एजेंसियां) ।**

अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने शुक्रवार को घोषणा की कि लियोनेल मेसी के नेतृत्व में अर्जेंटीना नवंबर-2025 में केरल में एक अंतरराष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैच खेलेगा। यह मैत्रीपूर्ण मैच नवम्बर फीफा विंडो में खेले जाने वाले तीन मैचों का हिस्सा होगा। अर्जेंटीना की टीम दो अन्य मैच ला एल्बीसेलेस्टे लुआंडा और अंगोला में खेलेगी।

एएफए ने कहा, लियोनेल स्कोलोनी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम के पास 2025 के शेष समय में दो फीफा मैत्री मैच होंगे। पहला मैच, अक्टूबर में 6 से 14 तारीख तक, संयुक्त राज्य अमेरिका में खेला जाएगा (प्रतिद्वंद्वी और शहर निर्धारित किए जाएंगे)। दूसरा, नवंबर में 10 से 18 तारीख तक, लुआंडा, अंगोला और केरल, भारत में खेला जाएगा (प्रतिद्वंद्वी निर्धारित किए जाएंगे)।

हालांकि प्रतिद्वंद्वी की पुष्टि नहीं हुई है, मोरक्को, कोस्टा रिका और ऑस्ट्रेलिया के साथ बातचीत हुई है, जबकि जापान से भी जल्द ही बातचीत की संभावना है। त्रिवेंद्रम का ग्रीन फील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम इस मैच का संभावित स्थल है और एएफए के अधिकारी इस साल के अंत में टीम के भारत दौरे से पहले, सुरक्षा उपायों और मैदान का निरीक्षण करेंगे।

2011 के बाद से यह मेसी और अर्जेंटीना का पहला भारत दौरा होगा, जब उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैच खेला था।

केरल में मैच आयोजित करने की यह घोषणा राज्य और रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग के लिए राहत की बात है। क्योंकि अर्जेंटीना ने पहले इस साल भारत आने पर संदेह व्यक्त किया था।

केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान ने मई में कहा था कि टीम 2025 में केरल का दौरा नहीं करेगी, जबकि रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी ने 31 दिसंबर तक दौरा न होने पर अर्जेंटीना खेमे को कानूनी कार्रवाई की धमकी दी थी। केरल सरकार की वाणिज्यिक साझेदार रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी इस बातचीत में सक्रिय भूमिका निभा रही है और राज्य में अर्जेंटीना के आगमन के लिए भी यही कंपनी ज़िम्मेदार है।

रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग ने कहा कि उसने दिसंबर 2024 में अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के साथ हुए समझौते के अनुसार, जून में अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन को 130 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है।

रिपोर्टर्स ब्रॉडकास्टिंग के अनुसार, मेसी दिसंबर में तीन भारतीय शहरों का एक व्यक्तिगत दौरा भी कर सकते हैं। टूर ऑफ़ इंडिया 2025 नामक यह दौरा कोलकाता से शुरू होगा, उसके बाद अहमदाबाद, मुंबई और नई दिल्ली में होगा।

आठ बार के बैलन डीओर विजेता मेसी की प्रतिमा का अनावरण, कॉन्सर्ट और उनके संभावित कार्यक्रम में शामिल हैं।




### केनेडी सेंटर में होगा फीफा वर्ल्ड कप 2026 का ड्रॉ : ट्रंप



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की कि वॉशिंगटन स्थित जॉन एफ. केनेडी सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ड्रॉ की मेजबानी करेगा। ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, इस वर्ष 5 दिसंबर को 2026 फीफा वर्ल्ड कप ड्रॉ केनेडी सेंटर में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति ट्रंप इस समय केनेडी सेंटर के 257 मिलियन डॉलर के नवीनीकरण कार्य की देखरेख कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह सेंटर अगले साल होने वाले अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ समारोह का प्रमुख आकर्षण होगा। फीफा वर्ल्ड कप 2026 अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको संयुक्त रूप से आयोजित करेंगे। यह पहला वर्ल्ड कप होगा जिसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। कनाडा में 13 मुकाबले होंगे, जिनमें से 10 ग्रुप स्टेज के होंगे और ये टोरंटो व वैंकूवर में बराबर बांटे जाएंगे। मैक्सिको को भी 13 मैचों की मेजबानी मिलेगी, जिनमें ग्रुप स्टेज के 10 मैच मेक्सिको सिटी, ग्वाडलजारा और मॉन्टेरी में होंगे। बाकी मुकाबले अमेरिका के 11 शहरों में आयोजित किए जाएंगे। फीफा ने इस भव्य आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। संगठन ने अमेरिका में अपने फील्ड ऑफिस मियामी और न्यूयॉर्क के ट्रंप टॉवर में स्थापित किए हैं।

# दिल्ली प्रीमियर लीगः पुरानी दिल्ली 6 के लिए अब हर मैच फाइनल जैसा




**नई दिल्ली,23 अगस्त (एजेंसियां) ।**

नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रही दिल्ली प्रीमियर लीग में पुरानी दिल्ली 6 का यह सीज़न काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। टीम ने शुरुआत आउटर दिल्ली वॉरियर्स से 82 रनों की करारी हार के साथ की थी, लेकिन इसके बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार दो मैच जीते। हालांकि, इसके बाद लय बिगड़ गई और नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स से 27 रनों और ईस्ट दिल्ली राइडर्स से 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में भी हालात और कठिन रहे, जहां उन्हें दोबारा लगातार साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज से 46 रनों और ईस्ट दिल्ली राइडर्स से 21 रनों से हार झेलनी पड़ी। अब पुरानी दिल्ली 6 शनिवार को वेस्ट दिल्ली लायंस के खिलाफ जीत हासिल करके अपने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेंगे। हालांकि प्लेऑफ़ की उम्मीदें बेहद कमजोर स्थिति में हैं और टीम के लिए अब हर मुकाबला एक नॉकआउट मुकाबले की तरह है। आगामी मुकाबलों पर बात करते हुए पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा कि, हमें अपनी स्थिति का पूरा अंदाजा है और लड़के भी जानते हैं कि दांव पर क्या लगा है। अब सबकुछ आत्मविश्वास और योजनाओं को अनुशासन के साथ लागू करने पर निर्भर करता है। यहां से हर मैच हमारे लिए फाइनल है। टीम एक बार फिर सलामी बल्लेबाज समर्थ सेठ की निरंतरता, देव लाकड़ा की विस्फोटक मिडिल-ऑर्डर बल्लेबाज़ी और कप्तान वंश बेदी के हरफनमौला प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। साथ ही गेंदबाज़ों को भी अहम मौकों पर विकेट निकालने ही होंगे। टीम के पास अभी सेंट्रल दिल्ली किंग्स (25 अगस्त) और साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज (27 अगस्त) के खिलाफ मैच बाकी हैं, ऐसे में शनिवार का यह मुकाबला बेहद अहम होने वाला है।

**टीमः**

वंश बेदी (कप्तान), ऋषभ पंत (मार्की खिलाड़ी), ललित यादव, देव लाकड़ा, आयुष सिंह, समर्थ सेठ, आरूष मल्होत्रा, सार्थक पाल, अग्रिम शर्मा, विवेक यादव, युग गुप्ता, उदव मोहन, प्रणव पंत, प्रिंस मिश्रा, रुषल सैनी, आर्यन कपूर, प्रदीप पराशर, एकांश डोबाल, आदित्य मल्होत्रा, रजनीश दादर, आशीष चौरसिया, कुश नागपाल, ध्रुव चौहान, गौरव सरोहा।

### मारिया शारापोवा और ब्रायन ब्रदर्स टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल



**लंदन।** पूर्व विश्व नंबर-वन टेनिस स्टार मारिया शारापोवा और दिग्गज डबल्स जोड़ी बॉब व माइक ब्रायन को इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। शारापोवा, जो अपने शानदार करियर में करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली केवल 10 महिला खिलाड़ियों में शामिल हैं, 2004 में विंबलडन जीतकर सुर्खियों में आई थीं। इसके बाद उन्होंने 2006 में यूएस ओपन, 2008 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2012 व 2014 में फ्रेंच ओपन जीता। वह पहली रूसी खिलाड़ी बनीं, जिन्होंने डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल किया। 2012 लंदन ओलंपिक में उन्होंने सिल्वर मेडल भी जीता था। शारापोवा ने 2020 में 32 साल की उम्र में संन्यास ले लिया था। ब्रायन ब्रदर्स पुरुष डबल्स में सबसे सफल जोड़ी मानी जाती है। दोनों ने मिलकर 16 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और 438 सप्ताह तक विश्व नंबर-1 जोड़ी बने रहे। 2012 ओलंपिक में स्वर्ण पदक और 2007 में अमेरिका को डेविस कप खिताब दिलाने में भी उनका बड़ा योगदान रहा। इंडक्शन समारोह से पहले शारापोवा ने कहा, यह सफर कड़ी मेहनत और बलिदान से भरा था, लेकिन हर पल इसके काबिल था। वहीं, ब्रायन ब्रदर्स ने इसे बेहद विनम्र अनुभव बताते हुए कहा, अपने करियर की यादगार उपलब्धियों को हॉल ऑफ फेम में देखना गर्व की बात है।

# द हंड्रेड: वेल्श फायर ने बर्मिंघम फीनिक्स को दी शिकस्त, प्लेऑफ़ उम्मीदें बरकरार

**लंदन,23 अगस्त (एजेंसियां) ।**




पुरुषों की द हंड्रेड 2025 में वेल्श फायर ने बर्मिंघम फीनिक्स को शुक्रवार रात 8 विकेट से हराकर प्लेऑफ़ की दौड़ में अपनी उम्मीदों को ज़िंदा रखा। इस जीत के साथ दोनों टीमों के आठ-आठ अंक हो गए हैं और अब दोनों के पास दो-दो मैच शेष हैं।

हालांकि नॉकआउट तक का रास्ता अब भी कठिन है। दोनों टीमों को अपने बाकी दोनों मुकाबले जीतने होंगे और साथ ही उम्मीद करनी होगी कि तीसरे स्थान पर मौजूद नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स अंक गंवाए। इसी दौड़ में साउदर्न ब्रेव (12 अंक) और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स (8 अंक) भी शामिल हैं।

मैच में बर्मिंघम फीनिक्स ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निराशाजनक शुरुआत की। बेन डकेट को राइली मेरेडिथ ने जल्दी ही आउट कर दिया। जो क्लार्क और विल स्मीड ने रन गति बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन बेन केलअवे ने क्लार्क को आउट कर फीनिक्स की पारी को झटका दिया। टीम 58/3 से 85/5 पर लड़खड़ा गई। इसके बाद बेनी हावेल और जैकब बेथेल ने 39 रन जोड़कर संघर्ष किया, मगर अंत तक टीम केवल 138/9 तक ही पहुंच सकी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेल्श फायर ने शानदार शुरुआत की। स्टीव स्मिथ और स्टीफन एस्किनाज़ी ने 72 रन की साझेदारी की। एस्किनाज़ी 42 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन स्मिथ ने पारी संभाले रखी। बीच में जॉनी बेयरस्टो ने ताबड़तोड़ 35 रन (21 गेंद) जोड़े और टीम को जीत की ओर धकेला। अंत में कप्तान टॉम एबेल ने चौका जड़कर जीत दिलाई।

**संक्षिप्त स्कोरकार्डः**

**बर्मिंघम फीनिक्स** - 138/9 (100 गेंदों में), (जैकब बेथेल 38, जो क्लार्क 24; क्रिस ग्रीन 3/27, बेन केलअवे 2/10, राइली मेरेडिथ 2/25)

**वेल्श फायर** - 140/2 (89 गेंदों में) (स्टीवन स्मिथ 47*, स्टीफन एस्किनाज़ी 42, जॉनी बेयरस्टो 35)

**परिणामः** वेल्श फायर 8 विकेट से विजयी।

# हीरो एशिया कप 2025 के लिए भारत पहुंची मलेशिया की टीम

### कप्तान मरहान जलील ने राजगीर पहुंचने पर जताई खुशी, कहा- भारत को हराना आसान नहीं होगा

**नई दिल्ली,23 अगस्त (एजेंसियां) ।**

बिहार में होने जा रहे प्रतिष्ठित हीरो एशिया कप 2025 के लिए शनिवार सुबह मलेशिया की टीम राजगीर पहुंच गई है। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त को शुरु होगा और 7 सितंबर तक चलेगा। मलेशिया की टीम के यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

पिछली बार जकार्ता में हुए फाइनल में मलेशिया को कोरिया के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार मलेशिया के कप्तान मरहान जलील ने साफ कहा कि टीम जीतने के इरादे से आई है। उन्होंने कहा, राजगीर आकर बेहद उत्साहित हूं। हमारी तैयारियां अच्छी रही हैं और हम एक शानदार टूर्नामेंट की उम्मीद कर रहे हैं। मेजबान भारत को हराना आसान नहीं होगा क्योंकि उन्होंने प्रो लीग में कई शीर्ष टीमों के साथ खेला है और उनके पास बेहतरीन अनुभव और अंतरराष्ट्रीय हॉकी का एक्सपोजर है।

उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा चैंपियन कोरिया भी इस टूर्नामेंट में देखने योग्य टीम होगी। उन्होंने कहा कि इस साल हम उनके खिलाफ खेल चुके हैं और वे बेहद फिट और तेज नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकर हमारी कोशिश पहले सुपर 4 में पहुंचने की होगी।




टीम के मुख्य कोच सरजीत कुंदन ने गर्मजोशी भरे स्वागत पर खुशी जताते हुए कहा, सबसे पहले तो हम इस शानदार स्वागत के लिए आभारी हैं। हमें खुशी है कि हम समय से पहले यहां पहुंचे और कुछ वॉर्म-अप मैच भी खेल पाएंगे। हम एक युवा टीम हैं और हमारा लक्ष्य 2028 ओलंपिक और अगले साल के एशियाई खेलों की तैयारी करना है। हाल ही में हमने ऑस्ट्रेलिया और कोरिया का दौरा किया और सुल्तान अजलान शाह टूर्नामेंट भी खेलना है। यहां हमारा मकसद अच्छा खेलना है। हम इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त टीम हैं और उम्मीद है कि पदक जीतेंगे।

### एशिया कप 2025 के लिए बांग्लादेश टीम घोषित, लिटन दास होंगे कप्तान; शांतो-मेहदी बाहर

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को एशिया कप 2025 के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा। इस टीम के खिलाड़ी इससे पहले नीदरलैंड्स के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज़ भी खेलेंगे। टीम की कमान लिटन दास के हाथों में होगी, जिन्होंने हाल ही में श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज़ में बांग्लादेश को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। लंबे समय बाद विकेटकीपर बल्लेबाज़ नुरुल हसन टीम में वापसी कर रहे हैं। वहीं, अनुभवी ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज़ को मुख्य टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि सीनियर बल्लेबाज़ नजमुल हुसैन शांतो भी टीम से बाहर कर दिए गए हैं। सौम्या सरकार को स्टैंडबाय खिलाड़ियों में रखा गया है। बांग्लादेश को एशिया कप में ग्रुप-बी में रखा गया है, जहां उसका सामना अफगानिस्तान, हांगकांग और श्रीलंका से होगा।




# अमेरिका में पाकिस्तानी छात्रों में बेचैनी, सोशल मीडिया जांच और ट्रैफिक उल्लंघन पर सख्ती

**ट्रंप प्रशासन की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग से वीजाधारकों में अनिश्चितता, मामूली उल्लंघनों पर भी नजर**

**नई दिल्ली,23 अगस्त (एजेंसियां)।**

अमेरिका में पढ़ रहे पाकिस्तानी छात्र और अन्य वीजाधारक प्रशासन की कड़ी निगरानी से चिंतित हैं। एक अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप प्रशासन सोशल मीडिया की गहन जांच कर रहा है ताकि किसी भी अमेरिकी विरोधी या चरमपंथी गतिविधि का पता लगाया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि वे अमेरिकी नागरिकों, संस्कृति और संस्थानों के प्रति शत्रुता के संकेत खोज रहे हैं। इस जांच के दौरान मामूली ट्रैफिक उल्लंघन, राजनीतिक प्रदर्शन या दस्तावेजों की कमी भी वीजा रद्द होने का कारण बन सकती है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रैफिक उल्लंघन के मामलों का रिकॉर्ड अब अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के साथ साझा किया जाएगा। उत्तरी वर्जीनिया की एक यातायात अदालत ने हाल ही में दो पाकिस्तानी छात्रों को यह सूचना दी। बाल्टीमोर के छात्र यूनुस खान ने कहा कि वे शिकागो जाने का मन बना रहे थे, लेकिन सुरक्षा कारणों से उन्हें यात्रा टालनी पड़ी। वहीं, समीना अली ने बताया कि फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में शामिल होने के बाद छात्रों में भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस कड़ी निगरानी के कारण पाकिस्तानी समुदाय में भय और असमंजस की स्थिति बन गई है। छात्र अपनी पढ़ाई और भविष्य को लेकर अनिश्चित हैं, क्योंकि कोई भी छोटी गलती उनके अमेरिकी प्रवास को खतरे में डाल सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### टिकटाक की भारत में वापसी की अटकलें तेज, वेबसाइट हुई एक्टिव




**जम्मू।** टिकटॉक जो 2020 में भारत में बैन हुआ था, उसकी वेबसाइट हाल ही में कुछ उपयोगकर्ताओं के मोबाइल और लैपटॉप पर एक्टिव दिख रही है। हालांकि ऐप अभी भी गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर पर उपलब्ध नहीं है, जिससे साफ नहीं हो पा रहा कि टिकटॉक पूरी तरह से भारत में वापस आ रहा है या नहीं। यह संकेत टेस्टिंग या सीमित रोलआउट के हो सकते हैं। कहीं वेबसाइट की उपलब्धता, कहीं भारत-चीन रिश्तों में सुधार की उम्मीदें भारत और चीन के बीच रिश्तों में हाल ही में सुधार के चलते टिकटाक की वापसी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, भारत सरकार ने अभी तक टिकटाक की वापसी के लिए कोई आधिकारिक मंजूरी नहीं दी है। कंपनी की तरफ से भी कोई घोषणा नहीं आई है। फिलहाल टिकटाक भारत में आधिकारिक रूप से बैन ही है और बिना अनुमति काम नहीं कर सकता।

### 1 सितंबर से बजाज आलियांज पॉलिसीधारकों को अस्पतालों में कैशलेस सुविधा नहीं: एएचपीआई

**नई दिल्ली ।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स-इंडिया (एएचपीआई) ने घोषणा की है कि उसके सदस्य अस्पताल में 1 सितंबर से बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के पॉलिसीधारकों को कैशलेस इलाज की सुविधा नहीं देंगे। संगठन के तहत 15,200 से अधिक निजी अस्पताल आते हैं, जिनमें मैक्स हेल्थकेयर और मेदांता जैसे प्रमुख नाम भी शामिल हैं। एएचपीआई का आरोप है कि बजाज आलियांज अस्पतालों को पुराने टैरिफ पर भुगतान कर रहा है, जबकि मेडिकल खर्चों में सालाना 7-8 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है। पुराने टैरिफ, पेमेंट कटौती और मेडिकल इन्फ्लेशन को लेकर असंतोष; अस्पतालों ने रिएम्बर्समेंट विकल्प रखा इसके अलावा कंपनी पर प्री-ऑथ और डिस्चार्ज अप्रूवल में देरी और पेमेंट में मनमानी कटौती के भी आरोप लगाए गए हैं। संगठन का कहना है कि इस स्थिति में अस्पतालों के लिए गुणवत्तापूर्ण इलाज जारी रखना कठिन हो गया है। हालांकि एएचपीआई ने स्पष्ट किया कि इलाज पूरी तरह बंद नहीं होगा। मरीजों को सेल्फ-पे आधार पर इलाज मिलेगा और वे बाद में कंपनी से रिएम्बर्समेंट क्लेम कर सकेंगे। संगठन ने इसी तरह की शिकायत के चलते केयर हेल्थ इंश्योरेंस को भी नोटिस भेजा है और चेतावनी दी है कि 31 अगस्त तक जवाब नहीं मिलने पर उनकी भी कैशलेस सुविधा बंद की जा सकती है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, बजाज आलियांज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी पॉलिसीधारकों को बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है और संवाद के जरिए समाधान निकालने की उम्मीद है।

### रूस से सस्ते तेल का लाभ निजी कंपनियों तक सीमित, रिलायंस और नायरा ने उठाया सबसे ज्यादा मुनाफा, सरकारी कंपनियां पीछे रहीं




**नई दिल्ली।** रूस से सस्ते कच्चे तेल का आयात भारत के लिए आर्थिक रूप से फायदेमंद रहा, लेकिन इसका लाभ सभी को समान रूप से नहीं मिला। निजी क्षेत्र की दो बड़ी कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी ने इस अवसर का सबसे अधिक फायदा उठाया। उद्योग सूत्रों और शिपमेंट डेटा के अनुसार देश की सात प्रमुख रिफाइनिंग कंपनियों ने रोजाना करीब 18 लाख बैरल रूसी कच्चा तेल खरीदा, जिसमें से करीब 8.81 लाख बैरल प्रतिदिन अकेले इन दो निजी कंपनियों के हिस्से में आया। नायरा एनर्जी को रूस की सरकारी कंपनी रोसनेफ्ट नियंत्रित करती है। सरकारी रिफाइनरियों को घरेलू बाजार में तय कीमतों पर ईंधन बेचने की बाध्यता के कारण अपेक्षाकृत कम मुनाफा हुआ। वहीं, निजी कंपनियों ने सस्ते रूसी तेल को रिफाइन कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा। अमेरिकी वित्त मंत्री के अनुसार भारतीय कंपनियों को ऐसे सौदों से अब तक करीब 16 अरब डॉलर का मुनाफा हुआ है। उन्होंने इसे जंग के समय मुनाफाखोरी करार दिया। फिनलैंड की एक संस्था की रिपोर्ट बताती है कि जी7 प्लस देशों ने भारत और तुर्की की 6 रिफाइनरियों से 21 अरब डॉलर के ईंधन उत्पाद खरीदे, जिनमें से लगभग 9 अरब डॉलर के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से बने थे।

## बीते सप्ताह शेयर बाजार में मिला-जुला रुख रहा

**- सेंसेक्स 693 अंक गिरकर 81,306.85 अंक पर बंद**

**- निफ्टी 213 अंक गिरकर 24,870.50 अंक पर बंद**

**नई दिल्ली,23 अगस्त (एजेंसियां)।**




**घरेलू शेयर बाजार में बीते सप्ताह मिला-जुला रुख देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में बाजार में जबरदस्त तेजी रही, जिसका श्रेय जीएसटी व्यवस्था में संभावित सुधारों और प्रमुख कंपनियों में निवेश बढ़ने को दिया जा सकता है। हालांकि सप्ताह के अंत में आईटी और बैंकिंग शेयरों में गिरावट के चलते बाजार फिसल गया। यह सप्ताह निवेशकों के लिए भावनात्मक रूप से उतार-चढ़ाव से भरा रहा।**

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 1,021 अंक की भारी बढ़त के साथ 81,619.59 पर खुला और 676 अंकों की तेजी के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी ने 322 अंकों की छलांग लगाई और 24,876.95 पर बंद हुआ। मंगलवार को भी तेजी बरकरार रही। बाजार ने जीएसटी सुधारों की योजनाओं को सकारात्मक संकेत के रूप में लिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में मजबूती आई। बुधवार को एशियाई बाजारों के कमजोर संकेतों का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। हालांकि शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन दिन के अंत में मामूली तेजी के साथ बाजार बंद हुआ। गुरुवार को रिलायंस और आईसीआईसीआई बैंक में खरीदारी से बाजार ने मजबूती दिखाई। सेंसेक्स 82,000 के पार बंद हुआ। आईटी और बैंक शेयरों की गिरावट की वजह से लगभग एक सप्ताह की तेजी के बाद शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 262.05 अंक गिरकर 81,738.66 पर खुला और 693.86 अंक गिरकर 81,306.85 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 81.55 अंक गिरकर 25,002.20 पर खुला और 213.25 अंक गिरकर 24,870.50 अंक पर बंद हुआ।

### म्यूचुअल फंड उद्योग परिचालन जोखिमों और फर्जीवाड़े से रहे सतर्क: सेबी प्रमुख




मुंबई (ईएमएस)। भारतीय बाजार नियामक सेबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने म्यूचुअल फंड उद्योग को आगाह किया कि उन्हें केवल बाजार जोखिमों तक सीमित न रहकर परिचालन जोखिमों को भी गंभीरता से लेना होगा। उन्होंने कहा कि फर्जी निवेशकों द्वारा जालसाजी के मामलों में कोई व्यक्ति झूठे दस्तावेजों का सहारा लेकर असली निवेशकों की फंड यूनिट्स या राशि निकाल सकता है, जिससे निवेशकों का विश्वास गहराई से प्रभावित होता है। सेबी प्रमुख ने म्यूचुअल फंड एसोसिएशन के एक कार्यक्रम में कहा कि एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को ऐसे धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए और अपराध के बदलते तरीकों पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि धोखाधड़ी के मामलों की जानकारी सभी एएमसी और रजिस्ट्रार एजेंटों के साथ साझा की जाए ताकि भविष्य में दोहराव से बचा जा सके। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य ने भी म्यूचुअल फंड उद्योग से जिम्मेदाराना और नैतिक वृद्धि पर जोर दिया। एएमसी को त्वरित कार्रवाई और पारदर्शिता सुनिश्चित करनी होगी उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और नवाचार के दबाव में उद्योग को अल्पकालिक लाभ की बजाय निवेशकों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिससे दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित हो सके।

## आईआरसीओएन इंटरनेशनल देगी एक रुपए का फाइनल डिविडेंड




**नई दिल्ली,23 अगस्त (एजेंसियां)।**

**रिकॉर्ड डेट 11 सितंबर तय**

रेलवे क्षेत्र की नवरत्न सरकारी कंपनी आईआरसीओएन इंटरनेशनल लिमिटेड ने अपने निवेशकों को 1 रुपए प्रति शेयर फाइनल डिविडेंड देने की घोषणा की है। यह डिविडेंड 2 रुपए फेस वैल्यू पर 50 फीसदी के रूप में दिया जाएगा। कंपनी ने बताया है कि डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 11 सितंबर तय की गई है। आईआरसीओएन ने मई 2025 में अपने चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों के साथ डिविडेंड की घोषणा की थी।

हालांकि, इसका भुगतान 18 सितंबर को होने वाली कंपनी की 66वीं वार्षिक आम बैठक में मंजूरी मिलने के बाद ही किया जाएगा। डिविडेंड का भुगतान 1 अक्टूबर को किया जाएगा। डिविडेंड का लाभ पाने के लिए निवेशकों को रिकॉर्ड डेट तक कंपनी के शेयर अपने डीमैट अकाउंट में रखने होंगे। पिछले कुछ वर्षों में आईआरसीओएन ने नियमित रूप से अच्छा डिविडेंड दिया है। फरवरी 2025 में कंपनी ने 1.65 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड दिया था। वर्ष 2024 में कंपनी ने दो बार 1.80 और 1.30 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड दिया। वहीं, 2023 में 3 रुपए और 2022 में 1.35 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड निवेशकों को मिला था।

### पेट्रोल-डीजल के दामों में हल्का उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शनिवार को हल्का उतार-चढ़ाव देखा गया है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, प्रयागराज और नोएडा जैसे प्रमुख शहरों में ईंधन की कीमतों में मामूली बदलाव दर्ज किया गया। कुछ शहरों में पेट्रोल-डीजल की दरें बढ़ी हैं तो कुछ जगहों पर मामूली राहत भी मिली। शनिवार को लखनऊ में पेट्रोल 94.69 रुपए प्रति लीटर और डीजल 87.81 रुपए प्रति लीटर की दर पर बिक रहा है। लखनऊ समेत यूपी के कई शहरों में बदलाव नोएडा में पेट्रोल 95.12 और डीजल 88.29 प्रति लीटर है। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 94.77 और डीजल 87.67 प्रति लीटर पर स्थिर बना हुआ है। मुंबई, चेन्नई, कोलकाता जैसे मेट्रो शहरों में भी कीमतों में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया।

### वीएलसीसी लिमिटेड पर 3 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने मशहूर वेलनेस और ब्यूटी कंपनी वीएलसीसी लिमिटेड पर मोटापा घटाने वाले भ्रामक विज्ञापनों के लिए 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि सीसीपीए ने यूएस-एफडीए अनुमोदित कूलस्कल्प्टिंग प्रक्रिया का उपयोग करके वसा-हानि और स्लिमिंग उपचार को बढ़ावा देने वाले भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए वीएलसीसी लिमिटेड पर 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि वीएलसीसी का मामला स्लिमिंग और ब्यूटी सेक्टर के विज्ञापनों की एक शिकायत और निगरानी के जरिए सीसीपीए के संज्ञान में आया। जांच करने पर पता चला कि वीएलसीसी लिमिटेड एक ही सत्र में जबरदस्त वजन घटाने के अतिरंजित दावे कर रही थी, जो कूलस्कल्प्टिंग मशीन को दी गई वास्तविक मंजूरी से कहीं ज्यादा था, जिससे उपभोक्ता गुमराह हो रहे थे। इससे पहले सीसीपीए ने कूलस्कल्प्टिंग उपचारों पर भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए काया लिमिटेड पर 3 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। काया लिमिटेड ने सीसीपीए के आदेश का पालन किया है और जुर्माने की राशि जमा कर दी है।

## बैंक घोटाले में हिरेन भानु और पत्नी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस की तैयारी

**एस्प्लेनेड कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया**

**मुंबई,23 अगस्त (एजेंसियां)।**



मुंबई की एस्प्लेनेड कोर्ट ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन हिरेन भानु और उनकी पत्नी गौरी भानु को 122 करोड़ रुपए के कथित घोटाले में भगोड़ा अपराधी घोषित किया है। कोर्ट ने पुलिस को दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इससे पहले मुंबई पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था क्योंकि वे विदेश फरार हो चुके हैं। कोर्ट ने मामले में शामिल पांच आरोपियों की 167.85 करोड़ रुपए कीमत वाली 21 संपत्तियों को कुर्क करने की अनुमति भी दी है।

इस घोटाले की जांच मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) कर रही है। अब तक बैंक के पूर्व महाप्रबंधक हितेश मेहता, पूर्व सीईओ अभिमन्यु भोन सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुंबई पुलिस अब इंटरपोल की मदद से हिरेन और उनकी पत्नी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया में है। यह प्रक्रिया लगभग एक महीने में पूरी हो सकती है। रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद दोनों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तलाशा जाएगा। घोटाले के खुलासे के बाद हिरेन भानु फरार हो गए थे। उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए इस पूरे घोटाले की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिकारी हितेश मेहता पर डाली है। हिरेन ने बताया कि फरवरी में आरबीआई के अधिकारियों की पहली जांच के दौरान मेहता ने अपने अपराध को स्वीकार किया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### टैरिफ विवाद के बीच...

शक्ति अधिनियम टैरिफ ढाँचे के अनुसार सीमा शुल्क के अधीन होंगी। हालांकि, 100 अमेरिकी डॉलर तक के मूल्य की उपहार वस्तुएं शुल्क से मुक्त रहेंगी।

### उनके अनुभव...

जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था।भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए दो पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। निर्वाचन आयोग द्वारा 7 अगस्त 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार, उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 के लिए मतदान और मतगणना 9 सितंबर को होगी। पर्यवेक्षकों के रूप में पंचायती राज मंत्रालय में अपर सचिव आईएएस सुशील कुमार लोहानी (ओडिशा कैडर: 1995) और वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में तैनात अपर सचिव आईएएस डी. आनंदन (सिक्किम कैडर: 2000) की नियुक्ति की गई है।

### हिंदू मंदिरों को...

उत्तराखंड सरकार द्वारा अल्पसंख्यक शिक्षा बोर्ड के गठन का भी स्वागत किया गया तथा साथ ही यह भी अनुरोध किया गया कि केवल उन्हीं शिक्षण संस्थानों को अल्पसंख्यक समुदाय का संस्थान माना जाए जिनमें कम से कम 50% छात्र अल्पसंख्यक समुदाय से हों। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष दीवान सिंह फर्त्याल, प्रदेश संगठन मंत्री अजय, प्रदेश संयोजक पूजा लटवाल, विभाग मंत्री पीयूष शर्मा, नंद किशोर जी, विभाग संगठन मंत्री मनोज जी, जिला मंत्री गिरीश पडलिया, जिला सह मंत्री गिरीश पांडे, जिला संयोजक अंकित पाल जी, सह संयोजक अंकित पडलिया, राम जी अवस्थी, मीरा क्षोत्रिय आदि उपस्थित रहे।

### चंद्रबाबू नायडू...

और नेशनल इलेक्शन वॉच (एन ई डब्ल्यू) की एक रिपोर्ट से इस बात की जानकारी मिली है।27 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के हलफनामों का एनालिसिस करके यह रिपोर्ट तैयार की है। डेटा पिछला चुनाव लड़ने से पहले दायर हलफनामों से लिया गया है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है।332 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे सबसे अमीर सीएम नंबर पर हैं। उनके पास करीब 165 करोड़ रुपए की चल संपत्ति और 167 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है।हालांकि, खांडू कर्जदार मुख्यमंत्रियों की लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। उनके ऊपर 180 करोड़ रुपए से ज्यादा की देनदारी है। कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपए की संपत्ति है। इसमें 21 करोड़ रुपए की चल संपत्ति और 30 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है।सबसे कम संपत्ति वाले अन्य मुख्यमंत्रियों में जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला दूसरे नंबर पर हैं। इनके पास भी सिर्फ 55.24 लाख रुपए की चल संपत्ति ही है। तीसरे नंबर पर केरल के सीएम पिनराई विजयन हैं। उनके पास 1.18 करोड़ रुपए की संपत्ति है। इसमें 31.8 लाख रुपए की चल और 86.95 रुपए की अचल संपत्ति है।देश के 30 मुख्यमंत्रियों में से 12 यानी 40% मुख्यमंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 10 यानी 33 फीसदी पर हत्या की कोशिश, किडनैपिंग और रिश्वतखोरी जैसे गंभीर केस हैं।तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी पर सबसे ज्यादा 89 मामले दर्ज हैं। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आई है।यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब सरकार तीन बिल लाई है, जिनमें गंभीर आपराधिक आरोपों में 30 दिन की हिरासत में लिए जाने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद के लिए अयोग्य मान लिया जाएगा।एडीआर ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के हलफनामों का एनालिसिस करके यह रिपोर्ट तैयार की है। डेटा पिछला चुनाव लड़ने से पहले दायर हलफनामों से लिया गया है।

### ऑनलाइन सट्टेबाजी ...

टेक्नोलॉजीज है, जो केसी वीरेंद्र की कॉल सेंटर सेवाओं और गेमिंग व्यवसाय से संबंधित हैं।प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ईडी ने पीएमएलए-2002 के तहत छापेमारी के दौरान लगभग 12 करोड़ रुपए की नकदी बरामद की, जिसमें लगभग 1 करोड़ की विदेशी मुद्रा शामिल है। ईडी ने लगभग 6 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण, लगभग 10 किलो चांदी के सामान और चार वाहन भी जब्त किए। इसके अलावा, 17 बैंक खाते और 2 बैंक लॉकर फ्रीज कर दिए गए।ईडी को केसी वीरेंद्र के भाई केसी नागराज और उनके बेटे पृथ्वी एन राज के परिसर से कई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज भी मिले, जिन्हें कब्जे में ले लिया।जांच में पता चला है कि विधायक केसी वीरेंद्र के सहयोगी दुबई से ऑनलाइन गेमिंग वेबसाइट चलाते हैं। यह भी सामने आया है कि विधायक केसी वीरेंद्र अपने सहयोगियों के साथ गंगटोक के लिए एक व्यापारिक यात्रा पर भी गए थे, जहां वे एक कैसीनो लीज पर लेने की योजना बना रहे थे। ईडी ने कहा, छापेमारी के दौरान जब्त सामग्री से यह संकेत मिलता है कि नकद और अन्य फंड्स की जटिल व्यवस्था की गई थी।शनिवार को ईडी ने गंगटोक से ही विधायक केसी वीरेंद्र को गिरफ्तार किया। फिलहाल, मामले में आगे की जांच जारी है।

# कुकटपल्ली सहस्रा हत्याकांड सुलझा, क्रिकेट बैट चुराने के दौरान हुई थी हत्या

**हैदराबाद, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुकटपल्ली में पाँच दिन पहले हुई सहस्रा नामक लड़की की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। साइबराबाद के पुलिस आयुक्त अविनाश महंती ने बताया कि एक 14 वर्षीय लड़के ने क्रिकेट बैट चुराते समय पकड़े जाने पर सहस्रा की हत्या कर दी थी।



पुलिस आयुक्त ने 23 अगस्त को मीडिया के सामने इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि हत्या 18 अगस्त की सुबह हुई थी। जाँच में कोई बड़ा सुराग न मिलने पर पड़ोस के एक लड़के की जानकारी से पुलिस को अहम लीड मिली। लड़के ने बताया कि हत्या के दिन एक संदिग्ध व्यक्ति को उसने दीवार के पास देखा था। इसी सुराग के आधार पर पुलिस ने जाँच को आगे बढ़ाया और पड़ोस में रहने वाले 14 वर्षीय लड़के से पूछताछ की, जिसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

**ओटीटी प्लेटफॉर्म से देखकर की थी हत्या**

जाँच में यह बात सामने आई है कि आरोपी ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर क्राइम शोज देखकर हत्या की साजिश रची थी। उसने एक पेशेवर अपराधी की तरह काम किया और सबूत मिटाने की भी कोशिश की। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने एक महीने पहले ही पूरी योजना बना ली थी कि चोरी कैसे करनी है और पकड़े जाने पर क्या करना है।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि जब सहस्रा ने उसे बैट चुराते हुए देखा और चिल्लाई, तो आरोपी ने अपने साथ लाए चाकू से उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने चाकू को वहीं धोया, दीवार फांदकर अपने घर गया और खून से सने कपड़े वॉशिंग मशीन में डाल दिए। बाद में वह सामान्य व्यक्ति की तरह उसी जगह घूमने लगा ताकि किसी को शक न हो।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान, आरोपी ने पहले ठीक से जवाब नहीं दिया, लेकिन सख्ती बरतने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि परिवार की आर्थिक तंगी के कारण वह बैट चोरी करने की योजना बना रहा था। पुलिस ने आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया, जिसके बाद उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

# मून सत्र छात्रों के कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण : विवेकानंद गौड़



**हैदराबाद, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुतुबुल्लापुर के विधायक के.पी. विवेकानंद गौड़ ने कहा है कि मॉडल संयुक्त राष्ट्र (मून) सत्र छात्रों में आलोचनात्मक सोच और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने छात्रों से ऐसे शैक्षिक सत्रों में भाग लेने और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आग्रह किया।

विधायक ने गुंडला पोचमपल्ली स्थित डीआरएस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित डीआरएस 2025 मून सत्रों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये सत्र छात्रों को भविष्य में वैश्विक मुद्दों पर शोध करने, चर्चा करने और अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के समाधान खोजने के लिए तैयार करेंगे। उन्होंने छात्रों को सार्वजनिक भाषण, लेखन और कूटनीति जैसे रचनात्मक एजेंडों पर काम करने की सलाह दी। यह तीन दिवसीय मून सत्र प्रेस कोर, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), एफआईए, यूएनएचआरसी, डीआईएसईसी, यूएनईपी, डब्ल्यूईएफ, एआईपीपीएम, स्थायी संकट समितियों और नेताजी फाइल्स सेशंस जैसी विभिन्न समितियों पर केंद्रित था।इस कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक डॉ. अंजनी कुमार अग्रवाल, गर्व अग्रवाल, प्रधानाचार्य आई. वेणुगोपाल, मून की अध्यक्ष एस. मैरी तनुजा, 2025 मून सत्रों के महासचिव अद्विक रेड्डी और विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। विधायक ने छात्रों से उत्साहपूर्ण बातचीत और वैश्विक नागरिकता की नैतिकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का आग्रह किया।

# रसूलपुरा में साधर्मिक भक्ति और कल्पसूत्र पूजाओं का आयोजन



**हैदराबाद, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रसूलपुरा स्थित श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन संघ में आचार्य प. पू. भावरत्नाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-08 की प्रेरणा से साधर्मिक भक्ति और कल्पसूत्र पूजाओं का आयोजन हुआ। यह जानकारी जैन रत्न रमेश पी. तातेड़ के प्रेस प्रतिनिधि ने दी।यह आयोजन तराचंदजी मनोज अलीजर - इंदरमलजी दंतेवाड्या परिवार के निवास पर हुआ, जहाँ कल्पसूत्र का गमन हुआ। इस दौरान सभी ने कल्पसूत्र के दर्शन और भक्ति का लाभ उठाया।

इस धार्मिक आयोजन में कल्पसूत्र की पाँच पूजाएं की गईं, जिसके लाभार्थी परिवार इस प्रकार रहे:श्रीमती संघवी कमलाबाई छगनलालजी कोठारी (2 पूजा)अशोक अजित ताराचंदजी दोशी परिवार (1 पूजा) पुष्पाबेन जैन रत्न रमेश पी. तातेड़ (2 पूजा)आयोजन को सफल बनाने में संघ के अध्यक्ष संघवी निर्मल कोठारी, मंत्री सुधीर आर कोठारी और सभी ट्रस्टियों व सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।साधर्मिक भक्ति का आयोजन तातेड़ निवास, रसूलपुरा, सिकंदराबाद में हुआ। यह भक्ति जैन धर्म में आत्मीयता, एकता और साधर्मिक सेवा का प्रतीक मानी जाती है, जिससे अपार पुण्य प्राप्त होता है।इस पुण्योत्सव में रसूलपुरा जैन मंदिर के पुजारी मांगीलालजी रावल, रमेशजी रावल, प्रभाकर रावल सहित दिलीप, अजय, नागेश, पार्वती, पेरी, मल्लेश, स्वर्णा, सुनील, रूपा, तुकाराम, ओमसी, सुरेश, चकरा, लक्ष्मी, विजया, जहांगीर खान और अनवर खान की उपस्थिति रही।इस भक्ति का आयोजन पुष्पाबेन जैन रत्न रमेशजी तातेड़ सपरिवार, पूनम-रितेश, रीना-तपन, हिया, जिनय, एतांश, हरित, ऊषा सिंघी और पूजा बागरेचा द्वारा किया गया।

# भादवी अमावस्या पर नरसिंग दास आत्माराम बड़ागाँव वाले परिवार ने किया अन्न प्रसाद का आयोजन



**हैदराबाद, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नरसिंग दास आत्माराम बड़ागाँव वाले परिवार द्वारा भादवी अमावस्या के अवसर पर गोल्डन टेंपल, बंजारा हिल्स में अन्न प्रसाद का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 400 स्थानीय निवासियों को भोजन वितरित किया गया।परिवार के वरिष्ठ सदस्य मुकुंद लाल अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत दो साल पहले भादवी अमावस्या के दिन ही हुई थी। तब से हर अमावस्या को लगभग 400 लोगों को नियमित रूप से अन्न प्रसाद वितरित किया जाता है।आज के प्रसाद में लड्डू, खारी बूंदी, सांभर चावल और दही भात जैसी व्यंजन शामिल थे। इस अवसर पर परिवार के सदस्य मुकुंद लाल अग्रवाल, विष्णु गोपाल अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, नयन अग्रवाल, पलकित अग्रवाल, श्रीमती संतोष अग्रवाल, श्रीमती श्रद्धा अग्रवाल और अन्य उपस्थित थे।

# बैटल ऑफ गलवान की लद्दाख में शूटिंग शुरू, सलमान खान मुख्य हीरो

**जम्मू, 23 अगस्त (ब्यूरो)।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने लद्दाख के खूबसूरत इलाकों में अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी है। सेट से सलमान खान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, फिल्म के निर्देशक अपूर्व लाखिया ने हालिया अपडेट के जरिए प्रोडक्शन शुरू होने की पुष्टि की है। फिल्म निर्माता ने इस परियोजना को भारतीय सैनिकों के साहस और बलिदान के लिए एक भावभीनी श्रद्धांजलि बताया।

यह फिल्म 15 जून, 2020 को गलवान घाटी में हुई झड़प से प्रेरित है, जहां कर्नल बिक्कुमल्ला संतोष बाबू की कमान में भारतीय सैनिकों ने पूर्वी लद्दाख में चीनी सेना का सामना किया था। गलवान की लड़ाई में, सलमान खान कर्नल संतोष बाबू की भूमिका निभा रहे हैं, जिन्हें मरणोपरांत भारत के दूसरे सबसे बड़े युद्धकालीन वीरता पुरस्कार महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

फिल्म में राष्ट्रवाद के तत्वों, तीव्र एक्शन दृश्यों और राष्ट्र को गहराई से प्रभावित करने वाली घटनाओं की एक भावनात्मक पुनर्कथन को शामिल किए जाने की उम्मीद है। उद्योग के अंदरूनी सूत्रों का सुझाव है कि लद्दाख के लुभावने परिदृश्य एक आकर्षक पृष्ठभूमि के रूप में काम करेंगे, जो गलवान घाटी टकराव के चित्रण में यथार्थवाद और गहराई से जोड़ेंगे। फिल्म ने पहले ही दर्शकों के बीच काफी चर्चा पैदा कर दी है और इसे सलमान खान की अब तक की सबसे देशभक्ति और गहन भूमिकाओं में से एक माना जा रहा है। फिल्म की कहानी सुरेश नायर ने लिखी है, जो एयरलिफ्ट, बैंग बैंग और कहानी जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। हिमेश रेशमिया इसका संगीत तैयार कर रहे हैं। जबकि सलमान खान और अन्य सितारे फिल्म की पूरी तैयारी कर रहे हैं।

# भारत में घुसपैठ कर रहा था बांग्लादेशी पुलिस अफसर बीएसएफ ने पकड़कर बंगाल पुलिस को सौंपा

**नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)।**
बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाले बांग्लादेश की पुलिस के इरादों पर आज शाम पानी फेर दिया. दरअसल, बांग्लादेश सीमा से अवैध रूप से बांग्लादेशी पुलिस का एक अफसर भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था. नॉर्थ 24 परगनास जिले में इस अधिकारी को धर दबोचा गया. इस शख्स को बंगाल पुलिस को सौंप दिया गया है. मामले की आगे की जांच बंगाल पुलिस कर रही है. इस घटना ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या भारत के नॉर्थ-ईस्ट को अशांत करने की पड़ोसी देश बांग्लादेश कोई साजिश रच रहा है.

मोहम्मद यूनुस ने हाल ही में चीन यात्रा के दौरान कहा था कि भारत के उत्तर-पूर्वी सात राज्यों को 7 सिस्टर कहकर नवाजा था। उन्होंने कहा था कि 7 सिस्टर समुद्र तक पहुंच नहीं है, यानी वे लैंडलॉक हैं। उन्होंने दावा किया कि इसी क्षेत्र के लिए बांग्लादेश ही ओशियन का अकेला संरक्षक है। योगदान को बढ़ाने के तौर पर उन्होंने चीन से आग्रह किया कि वह बांग्लादेश को अपनी अर्थव्यवस्था का विस्तार बनाए, ताकि चीन अपनी वस्तुओं का उत्पादन, विपणन और निर्यात इस मार्ग से कर सके.

बीएसएफ के मुताबिक जैसे ही इस अधिकारी ने भारतीय सीमा में प्रवेश किया तभी उसे हकीमपुर बॉर्डर आउटपोस्ट के पास शाम 6 से 7 बजे के बीच धर दबोचा गया. यह घटना ऐसे वक्त में हुई है जब पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश के कट्टरपंथी भारत के नॉर्थ-ईस्ट को अशांत करने की धमकी देते रहे हैं. घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए यह स्पष्ट नहीं है कि इस अधिकारी की घुसपैठ का मकसद क्या था. क्या यह एक व्यक्तिगत भूल थी या फिर इसके पीछे कोई बड़े नेटवर्क या असामाजिक एजेंडा छिपा हो सकता है? यह मामला हमारी भौगोलिक सीमाओं की नाजुकता और सुरक्षा चुनौतियों को फिर से उजागर करता है.

यह घटना उस समय हुई है जब भारत-भारत बांग्लादेश सीमा पर पहले से ही तनाव अपने चरम पर है. शेख हसीना सरकार के जाने के बाद बांग्लादेश में लगातार हिन्दुओं पर हमले हो रहे हैं. साथ ही भारत के नॉर्थ-ईस्ट के लेकर मोहम्मद यूनुस इशारों-इशारों में बहुत कुछ बोल चुके हैं. पिछले कुछ महीनों में ऐसे प्रयास बढ़े हैं. बीएसएफ ने कई बार ऐसे प्रयासों को निरस्त कर दिया है और लगातार चौकसी बनाए रखी है. अब सवाल यह उठता है कि क्या यह मामला सुरक्षा व्यवस्था पर विश्वास की परीक्षा है, या फिर इसके पीछे कोई जानकार और संगठित प्रयास उठाकर आया था?

# जम्मू में धोखाधड़ी की शादी का गिरोह पकड़ा गया

## *दुल्हन समेत पांच लोग गिरफ्तार*

**जम्मू, 23 अगस्त (ब्यूरो)।** पुलिस ने शनिवार को अखनूर के चौकी चौरा में धोखाधड़ी वाले विवाह गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। पुलिस ने दुल्हन के रूप में पेश होने वाली एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने धोखाधड़ी वाले विवाह के संबंध में एक शिकायत मिलने के बाद, 11 अगस्त 2025 को अखनूर पुलिस स्टेशन ने धारा 318(4)/82(2)/61(2) बीएनएस के तहत प्राथमिकी संख्या 140/2025 दर्ज की। जांच, थाना प्रभारी अखनूर और एसडीपीओ अखनूर की कड़ी निगरानी में, आईसी पीपी चौकी चौरा, विनय कोतवाल द्वारा की गई।शिकायत के अनुसार, दीपक कुमार पुत्र बलदेव राज निवासी ढाना छपरी, चौकी चौरा ने शिकायतकर्ता रशपाल चंद पुत्र चतरू राम निवासी डोरी डागर, चौकी चौरा से केंद्र शासित प्रदेश के बाहर से शादी का प्रस्ताव लेकर संपर्क किया और रू3 लाख की मांग की। शादी संपन्न होने के बाद, दुल्हन अपने अन्य साथियों के साथ दो दिन के भीतर ही फरार हो गई, जिससे शिकायतकर्ता को धोखा मिला। जांच से पता चला कि यह गिरोह एक मैरिज ब्यूरो की आड़ में एक धोखाधड़ी गिरोह चला रहा था। यह गिरोह दुल्हन, पंडित और संबंधित औपचारिकताओं की व्यवस्था सहित हर चीज का प्रबंधन करता था। शादी के कुछ समय बाद, दुल्हन किसी न किसी बहाने शिकायतकर्ता को छोड़ देती थी। सामाजिक कलंक के कारण, कई पीड़ित ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट करने से बचते थे। हालांकि, इस मामले में, समय पर रिपोर्ट करने से एक बड़ी सफलता मिली।गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों की पहचान दीपक कुमार पुत्र बलदेव राज निवासी धाना चापरी, चौरीचौरा, विकास कुमार पुत्र नेतर प्रकाश निवासी पुंछ, अरुण कुमार पुत्र राज कुमार निवासी बिहार, इस्तखार पुत्र सलीम निवासी उत्तर प्रदेश और कुसुम लता निवासी उत्तर प्रदेश (दुल्हन) के रूप में हुई है। जांच जारी है और आगे भी गिरफ्तारियों की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि इसी तरह के चार और मामले सामने आए हैं, जिनमें से दो अखनूर और दो नगरोटा से हैं, जहां पूछताछ अभी जारी है। पूरी जांच पर एसपी ग्रामीण जम्मू और एसएसपी जम्मू की कड़ी निगरानी है। जम्मू पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे ऐसी धोखाधड़ी गतिविधियों के प्रति सतर्क रहें और ऐसी घटनाओं की तुरंत निकटतम पुलिस स्टेशन में सूचना दें। बयान में कहा गया है कि यह गिरोह मुख्य रूप से कमजोर व्यक्तियों को निशाना बनाता है, खासकर उन लोगों को जिन्हें उपयुक्त जीवनसाथी नहीं मिल पाता या जो शादी के लिए उम्र से अधिक उम्र के हैं।

## *कैबिनेट मंत्री जावेद अहमद राणा ने किया दावा*

# इस साल दरबार मूव की परंपरा बहाल की जाएगी

**जम्मू, 23 अगस्त (ब्यूरो)।** उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली जम्मू कश्मीर सरकार में कैबिनेट मंत्री जावेद अहमद राणा ने शनिवार को कहा कि इस साल ऐतिहासिक दरबार-मूव परंपरा फिर से बहाल की जाएगी। राणा ने पत्रकारों को बताया कि ष्इस साल हम दरबार मूव की परंपरा बहाल करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या शुक्रवार की कैबिनेट बैठक में श्रीनगर में सितंबर के मध्य में होने वाले आगामी विधानसभा सत्र पर चर्चा हुई, मंत्री ने कहा कि कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। कैबिनेट की चर्चाओं को हमेशा सार्वजनिक रूप से साझा नहीं किया जा सकता, लेकिन हां, ये बैठकें महत्वपूर्ण निर्णयों पर केंद्रित होती हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि 1872 में महाराजा गुलाब सिंह द्वारा शुरू की गई दरबार मूव एक अर्धवार्षिक प्रथा थी जिसके तहत सिविल सचिवालय और अन्य कार्यालय गर्मियों में श्रीनगर में और सर्दियों में जम्मू में काम करते थे।

उपराज्यपाल ने 2021 में सरकारी खजाने में लगभग 200 करोड़ रुपए की वार्षिक बचत का हवाला देते हुए इस प्रथा को समाप्त कर दिया था। हालांकि, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने लगातार इस परंपरा को बहाल करने का संकल्प लिया है। जानकारी के लिए पिछले साल दिसंबर में उन्होंने कहा था कि हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि दरबार मूव को बहाल किया जाएगा। जम्मू का अपना महत्व है और हम इसकी विशिष्टता को कम नहीं होने देंगे। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने भी इस कदम का समर्थन किया था और जम्मू की अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा था कि दरबार मूव ने होटलों, परिवहन और स्थानीय उद्योगों के लिए व्यवसाय उत्पन्न करके रोजगार और आजीविका को बढ़ावा दिया। हालांकि केवल सरकारी नौकरियां सभी की रोजगार की जरूरतों को पूरा नहीं कर सकती थीं, लेकिन इस परंपरा ने वैकल्पिक अवसर पैदा किए।

उन्होंने कहा था कि यह प्रथा मूल रूप से डोगरा महार-ाजाओं द्वारा जम्मू और कश्मीर क्षेत्रों के बीच आर्थिक संतुलन बनाए रखने के लिए शुरू की गई थी। उन्होंने आगे कहा था कि हमारी सरकार इस विरासत का सम्मान करती है और अपने लोगों की समृद्धि के लिए इसे बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जानकारी के लिए दरबार-मूव की परंपरा को आधिकारिक तौर पर वर्ष 2021 से बंद किया जा चुका है, उसके प्रति सच्चाई यह है कि यह गैर सरकारी तौर पर लगभग 500 कर्मियों के साथ फिलहाल जारी है। ये कर्मी पिछले 4 सालों से उपराज्यपाल, मुख्य सचिव और वित्त विभाग के वित्त आयुक्त, सामान्य प्रशासनिक विभाग के आयुक्त सचिव तथा पुलिस महानिदेशक के कार्यालयों में तैनात कर्मी हैं जो दोनों राजधानियों में आ-जा रहे थे।

जम्मू में मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों के साथ ही उप राज्यपाल मनोज सिन्हा का दरबार सजाने के लिए नागरिक सचिवालय से लेकर राजभवन में साज सज्जा व मरम्मत कार्य कर बार मार्च और अक्टूबर में शुरू हो जाता है। दरबार-मूव की परंपरा को बंद करने का समर्थन मात्र मुट्ठीभर उन लोगों द्वारा ही किया गया था जो एक राजनीतिक दल विशेष से जुड़े हुए हैं जबकि जम्मू का व्यापारी वर्ग इससे दुखी इसलिए है क्योंकि इतने सालों से कश्मीर से दरबार के साथ सर्दियों में जम्मू आने वाले लाखों लोगों पर उनका व्यापार निर्भर रहता था। जो अब उनसे छिन चुका है।

# किनवट में बैल पोला का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**किनवट, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** किनवट शहर में किसानों ने भारी बारिश के बीच भी, पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ बैल पोला का त्योहार मनाया। यह पर्व, जो कि दर्श पिठारी अमावस्या को मनाया जाता है, किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनके जीवन के अभिन्न अंग, बैलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर होता है।

इस साल, किसानों ने सुबह से ही अपने बैलों को तेल मालिश और स्नान कराकर सजाया। रंग-बिरंगे कपड़ों और आभूषणों से सजे बैलों को विशेष रूप से बनाई गई पूरन पोली का नैवेद्य खिलाया गया, जो उनके प्रति आभार प्रकट करने का एक तरीका था।

किनवट शहर में मुख्य पोला का आयोजन हनुमान मंदिर परिसर में किया गया था। इस कार्यक्रम के मानकरी मुकुंद नारायणराव नेमानीवार, साई दीपक नारलावार, दीपक नारलावार और गिरीश नेमानीवार ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना के बाद तोरण तोड़ा। इसके बाद, किसानों ने हर हर महादेव के जयघोष के साथ अपने बैलों के साथ मंदिर की परिक्रमा पूरी की। इस दौरान, एक से बढ़कर एक सजी हुई बैल जोड़ी को देखने के लिए शहरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। परिक्रमा के बाद, परिवार के सदस्यों ने बैलों की पूजा की और उन्हें नैवेद्य खिलाकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

कनकी गांव के किसान, चिलकुरी वेंकट रेड्डी ने बताया कि यह पर्व केवल बैलों की पूजा का दिन नहीं है, बल्कि कृषि संस्कृति का प्रतीक है, जो मानव और पशु के गहरे संबंध को दर्शाता है। यह पर्व न केवल कृषि परंपरा को जीवित रखता है, बल्कि श्रम के सम्मान और ग्रामीण संस्कृति के संरक्षण का संदेश भी देता है। किसानों ने इस त्यौहार को सामाजिक एकता और परंपरा को सहेजने का एक महत्वपूर्ण अवसर करार दिया।

# पुलिस ने 2.12 करोड़ रुपए का गांजा जब्त किया दो गिरफ्तार



**मंचेरियाल, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पुलिस ने लगभग 424.95 किलोग्राम गांजा जब्त किया और कोठागुडेम जिले के तेकुलपल्ली मंडल के वेंकटया थांडा में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया टेकुलापल्ली पुलिस स्टेशन में मीडिया से बात करते हुए येलंडु डीएसपी चंद्र भानु ने कहा कि सीसीएस और टेकुलापल्ली पुलिस ने वेंकट्या थांडा में वाहन जांच के दौरान एक ट्रक के केबिन और सीटों के नीचे छिपाए गए गांजे की खोज की ज़ब्त किया गया गांजा जिसकी कीमत 2.12 करोड़ रुपये है ओडिशा से भद्राचलम और पलोंचा होते हुए राजस्थान लाया गया था गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रभुलाल गुर्जर और शिवराज गुर्जर के रूप में हुई है जबकि दो अन्य रामबाबू और नारायण गुर्जर फरार हैं डीएसपी ने जब्ती में उनकी भूमिका के लिए टेकुलापल्ली सीआई बथुला सत्यनारायण, एसआई राजेंद्र और श्रीकांत, और सीसीएस सीआई रमाकांत और एसआई प्रवीण की सराहना की।

## उल्लास कार्यक्रम : जगतियाल में पूर्ण साक्षरता की ओर एक कदम



**जगतियाल, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कोरुटला मंडल के 15 गाँवों के प्रधानाध्यापकों और ग्रामिक्य संगम सहायकों (वीओए) के लिए, जिला परिषद बालिका उच्च विद्यालय में उल्लास (नव भारत साक्षरता कार्यक्रम) पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में पूर्ण साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करना है।मंडल विकास अधिकारी वी. रामकृष्ण ने बताया कि यह कार्यक्रम केंद्र और राज्य शिक्षा विभागों के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसका मुख्य फोकस 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल प्रदान करना है। इसके अलावा, कार्यक्रम के तहत जीवन कौशल, जैसे कि वित्तीय और डिजिटल साक्षरता, तथा स्वास्थ्य जागरूकता भी सिखाई जाएगी।इस पहल का लक्ष्य 2027 तक स्कूल से बाहर या निरक्षर वयस्कों में 100% साक्षरता हासिल करना है। उन्होंने बताया कि शिक्षार्थियों की प्रगति का आकलन करने के लिए उल्लास मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा। इसके तहत, फाउंडेशनल लिटरेसी और गणितीय साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा जैसे आकलन उपलब्ध होंगे।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला क्षेत्रीय अधिकारी के. महेश, मंडल शिक्षा अधिकारी गंगुला नरेशम और प्रधानाचार्या मनवीता ने भी भाग लिया।

## जगतियाल पुलिस ने गणेशोत्सव और अपराध नियंत्रण पर की समीक्षा बैठक



**जगतियाल, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जगतियाल जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक कुमार ने हाल ही में एक अपराध समीक्षा बैठक की, जिसमें आगामी गणेश नवरात्रि समारोहों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और जिले में अपराध नियंत्रण को और मजबूत करने पर जोर दिया गया।

एसपी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि इस महीने की 27 तारीख से शुरू होने वाले गणेश नवरात्रि समारोहों के दौरान किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि विनायक मंडपों के पास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चौकियाँ स्थापित की जाएँ। उन्होंने विसर्जन समारोह को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय करने और पर्याप्त पुलिस बल, तैराक, क्रेन और सीसीटीवी कैमरे लगाने का सुझाव दिया।

बैठक में डीजे और तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। एसपी ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे मालिकों और मंडल प्रबंधकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने सोशल मीडिया पर घृणित और भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर भी नजर रखने का निर्देश दिया और कहा कि ऐसे पोस्ट करने या उन्हें फॉरवर्ड करने वालों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे।एसपी अशोक कुमार ने लंबित मामलों में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि इन्हें जल्द से जल्द निपटाने के लिए विशेष कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए रात्रि गश्त और निगरानी प्रणाली को मजबूत करने का भी निर्देश दिया।

उन्होंने अधिकारियों से राष्ट्रीय मेगा लोक अदालत के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने को कहा, जो 13 सितंबर को आयोजित की जाएगी। इसके तहत, सभी लंबित मामलों के समाधान के लिए कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया गया। बैठक में डीएसपी और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# किनवट में संत सेना महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई



**किनवट, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वारकरी संप्रदाय के प्रमुख संत ज्ञानदेव और संत नामदेव के परिवार के सदस्य, संत सेना न्हवी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर किनवट में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। नाभिक समाज के तहसील अध्यक्ष सीताराम रचटकर ने किनवट स्थित प्रतिष्ठान में संत सेना महाराज की प्रतिमा का पूजन कर उनकी पुण्यतिथि मनाई। नाभिक समाज की शहर और तहसील शाखाओं द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने संत सेना महाराज के जीवन और उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नाभिक समाज के विभागीय सदस्य विजय पोलासवार, सुदाम सजने, अडेलु शेरलावार, माधव खेडकर, सुभाष हल्दकर, विठ्ठल यादवकर, लक्ष्मीपति डोनापेल्लीवार, गंगाधर मुकनेपेल्लीवार, शिवन्ना कलगोटुवार, नरसिंग भागरथीवार, श्रीनिवास शेरलावार, राजू हल्दकर, महेश मुलकांटे, ओम राचटकर, गंगाधर गुंजलवार, प्रथम चिलारवार, दीपक यादवकर, गणेश जकनेवार सहित अन्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम की सफलता के लिए नाभिक समाज के तहसील अध्यक्ष सीताराम रचटकर और शहर अध्यक्ष अमोल हल्दकर ने विशेष प्रयास किए।

कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण लिंगमपेल्लीवार ने किया, जिन्होंने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नाभिक समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर संत सेना महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## यदाद्री भुवनगिरी में भारी बारिश के बाद गाँवों में स्वच्छता अभियान, कलेक्टर ने किया दौरा



**यदाद्री भुवनगिरी, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारी बारिश के मद्देनजर, यदाद्री भुवनगिरी जिले के गाँवों में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

जिला कलेक्टर हनुमंत राव ने शनिवार को यादगिरी गुट्टा मंडल के मल्लापुरम गाँव का दौरा किया और ग्रामीणों को इस अभियान के महत्व के बारे में जानकारी दी।

कलेक्टर ने सीधे ग्रामीणों से बात करते हुए गाँव की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पूछा कि क्या बारिश के पानी से भरे गड्ढों में तेल के गोले डाले गए हैं और क्या मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए फॉगिंग की जा रही है। उन्होंने गाँव में बुखार के मामलों के बारे में भी जानकारी ली।

इसके अलावा, कलेक्टर ने मंडल परिषद विकास अधिकारी से इंदिराम्मा आवास योजना के तहत बने और निर्माणाधीन घरों की संख्या के बारे में पूछा। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर कोई गरीब व्यक्ति घर बनाने में असमर्थ है, तो उसका घर किसी दूसरे योग्य व्यक्ति को दिया जाना चाहिए। इस दौरान, कई संबंधित अधिकारी भी उनके साथ मौजूद थे।

## किनवट तालुका में भारी बारिश से फसलों को नुकसान, जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**किनवट, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पिछले सप्ताह नांदेड़ जिले में हुई लगातार भारी बारिश और पैनगंगा नदी में आई बाढ़ के कारण किनवट तालुका के कई गाँव बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। किसानों की कई हेक्टेयर फसलें जलमग्न हो गई हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। इस स्थिति का जायजा लेने के लिए, जिला कलेक्टर राहुल कर्डिले ने आज किनवट तहसील के भंडारवाड़ी और पिंपरी गाँवों का दौरा किया और किसानों से बातचीत की।

कलेक्टर के साथ सहायक जिला कलेक्टर और एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना के परियोजना अधिकारी जेनित चंद्र दोंतुला, तहसीलदार बालाजी फोले, तहसील कृषि अधिकारी चंद्रकांत निमोद और कृषि विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

पैनगंगा नदी के किनारे बसे गाँवों में बाढ़ के कारण कपास, सोयाबीन और अन्य फसलों को भारी क्षति पहुँची है। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि फसल नुकसान का आकलन कार्य तुरंत पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक जितना आकलन कार्य पूरा हो चुका है, उसकी भी समीक्षा की गई है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सहस्रकुंड जलप्रपात का भी निरीक्षण किया और वहाँ की स्थिति का जायजा लिया।

## बेलमपल्ली में रक्तदान शिविर का उप-कलेक्टर ने किया उद्घाटन




मंचेरियाल रिपोर्टर 23 अगस्त (कृष्णा सोलंकी)

मंचेरियाल जिले के बेल्लमपल्ली के उपजिलाधिकारी साई मनोज ने कहा कि रक्त कृत्रिम रूप से नहीं बनाया जा सकता और इसे केवल एक व्यक्ति ही एकत्रित कर सकता है इसलिए सभी को इसके महत्व को जानना आवश्यक है बेल्लमपल्ली ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया राजयोगिनी दादी प्रकाश मणिजी की 18वीं जयंती के उपलक्ष्य में देश भर से एक लाख यूनिट रक्त एकत्रित करने के अभियान के तहत बेल्लमपल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन उपजिलाधिकारी भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की राज्य कार्यकारिणी के सदस्यों और ब्लड बैंक के प्रभारी वी. मधुसूदन रेड्डी ने दीप प्रज्वलित कर कियाबाद में उन्होंने बताया कि उन्हें पहले भी रक्तदान से लाभ हुआ है और वे रक्तदान के महत्व को समझते हैं उन्होंने सुझाव दिया कि रक्तदान के बारे में कुछ लोगों की भ्रांतियाँ दूर होनी चाहिए उन्होंने कहा कि रक्तदान सभी दानों में सबसे बड़ा है और उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ संस्था और रेडक्रॉस सोसाइटी को ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विशेष रूप से बधाई दी कार्यक्रम में केंद्र व्यवस्थापक बीके पद्मा, बीके कैवल्य, चिकित्सक मधुकर नायक, ज़ुबैर, रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला प्रभारी कसारला श्रीनिवास, पर्यवेक्षक विजया, कर्मचारी रजिता, सुरेश, हरीश, लायन सदस्य एर्रा सुवर्णा आदि ने भाग लिया।

## बेरोजगार युवा सरकार से नाराज नौकरी कैलेंडर का पता नहीं !

**मंचेरियाल, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना को बेरोजगारी मुक्त राज्य बनाने का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार अपने दो साल के कार्यकाल के बाद भी नई भर्तियों को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रही है। युवाओं में इस बात को लेकर भारी असंतोष है कि सरकार ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किए गए 2 लाख नौकरियों के वादे को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है।

बेरोजगारों का आरोप है कि मौजूदा सरकार ने केवल पिछली केसीआर सरकार द्वारा घोषित की गई नौकरियों के नियुक्ति पत्र ही बांटे हैं और उन्हें अपनी उपलब्धि के तौर पर पेश कर रही है। कांग्रेस ने चुनाव के दौरान हर साल 2 जून तक जॉब कैलेंडर जारी करने और 17 सितंबर तक भर्तियाँ पूरी करने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के दो साल बाद भी कोई नया कैलेंडर या अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

**रोजगार और भत्ते के वादे अधूरे-**

बेरोजगारों को दिए गए कई अन्य वादे भी अभी तक पूरे नहीं हुए हैं:

**-बेरोजगारी भत्ता:** 4,000 रुपये का बेरोजगारी भत्ता देने की प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हुई है।

**-शिक्षा आश्वासन कार्ड:** हर छात्र के लिए 5 लाख रुपये का शिक्षा आश्वासन कार्ड अभी भी लागू नहीं हुआ है।

**-मुफ्त वाई-फाई:** मुफ्त वाई-फाई और विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के लिए 10,000 रुपये की मासिक फेलोशिप जैसे वादे भी पूरे नहीं हुए हैं।

**-शुल्क माफ़ी:** लोक सेवा आयोग में पहली बार पंजीकरण कराने वालों के लिए बाकी अधिसूचनाओं का शुल्क माफ करने का वादा भी लागू नहीं किया गया है।

विभिन्न रोजगार संघों के नेताओं का कहना है कि सरकार जानबूझकर भर्ती प्रक्रिया में देरी कर रही है। उनका आरोप है कि वित्त विभाग की अनुमति में देरी, कैडर संख्या और विभागों के पुनर्गठन जैसे मुद्दों के कारण यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। इसके अलावा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के बैकलॉग पदों पर भी कोई स्पष्टता नहीं है।

बेरोजगार युवाओं ने सरकार से तत्काल जॉब कैलेंडर जारी करने और बेरोजगारी भत्ता नीति को लागू करने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार को झूठा प्रचार बंद करना चाहिए और अपने वादों को पूरा करना चाहिए, वरना इसका असर आने वाले स्थानीय निकाय चुनावों पर भी पड़ सकता है।

## पुलों की कमी के कारण आदिवासी अपने गावों से संपर्क से कटे

**मंचेरियाल, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिले के दूरदराज के इलाकों में रहने वाली आदिवासी जनजातियों को नदियों पर पुल न होने के कारण बाहरी दुनिया से जुड़ने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है उटनूर मंडल में नरसापुर (जे) और गंगापुर के बीच वंकटुम्मा वागु पर पुल की कमी के कारण नरसापुर (जे), गंगापुर, रामजीगुडा, राजुलामाडुगु, एर्रागुट्टा, उमापतिकुंटा, भीमगुडा, कन्नापुर और आसपास के गांवों के निवासी कटे हुए रहते हैं वे लंबे समय से इस सुविधा की मांग कर रहे हैं।

इसी तरह नारनूर मंडल के बारिकराओगुडा, दन्नुगुडा, उमरी और आस-पास के गाँवों के लोगों को उटनूर और आसिफाबाद कस्बों तक पहुँचने में मुश्किल होती है क्योंकि उमरी और बारिकगुडा गाँवों के बीच नदी पर पुल नहीं है उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान जब नदी उफान पर होती है तो वे अक्सर फँस जाते हैं और मुख्यधारा से कट जाते है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

म्हारो भाग्यनगर
शुभ लाभ
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 24 अगस्त, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# अग्रवाल समाज नाचाराम मल्लापुर शाखा द्वारा अन्नप्रसाद का आयोजन





**नाचाराम, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज की नाचाराम-मल्लापुर शाखा ने भाद्रपद अमावस्या के अवसर पर मल्लापुर मेन रोड स्थित गोयल स्टील के पास एक अन्नप्रसादम कार्यक्रम का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम मानव सेवा ही माधव सेवा के आदर्श पर आधारित है, जो समाज के मासिक नियमों में से एक है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर अग्रवाल समाज नाचाराम-मल्लापुर शाखा के अध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सतनारायण अग्रवाल, मंत्री प्रवीण कुमार अग्रवाल और अमावस्या के संयोजक सुरेश जीतपुरिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में भुवनेश्वर अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, वेद प्रकाश मित्तल, सुरेश जाखनीवाल, हेमंत अग्रवाल, सुरेश कुमार पालाराम, अनिल अग्रवाल, महेश अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, विकास गुप्ता और पुनीत शर्मा सहित कई अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया।

## प्रेरणा फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम आज

**नाचाराम, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्रेरणा फाउंडेशन की संस्थापिका और संचालिका श्रीमती पूजा गुप्ता ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि श्रीमती करुणा अग्रवाल की 89वीं जयंती के अवसर पर, 24 अगस्त (रविवार) को सुबह 8:00 बजे नारायणगुड़ा स्थित मेलकोटे पार्क के पास निशुल्क पौधे वितरित किए जाएँगे।पूजा गुप्ता ने कहा कि श्रीमती करुणा अग्रवाल ही इस संस्था के संचालन की प्रेरणा स्रोत हैं।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता और खैराताबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक दानम नागेंद्र भाग लेंगे। विशेष अतिथि के तौर पर वमषि कृष्ण (एफआरओ) और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमन गौड़ भी उपस्थित रहेंगे।प्रेरणा फाउंडेशन ने सभी लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।






मारवाड़ी युवा मंच की शमशाबाद शाखा ने शनि अमावस्या के उपलक्ष्य में एक अन्नप्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शमशाबाद के गणेश मंदिर के पास संपन्न हुआ, जिसमें 501 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।शाखा के अध्यक्ष सोहनलाल सीरवी ने बताया कि यह आयोजन समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर शाखा के कई सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## सरस्वती नगर स्कूल के छात्रों को सम्मान



**हैदराबाद, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सरस्वती नगर में आयोजित संकुलम स्तरीय विज्ञान मेले में निंबोलीअड्डा स्थित श्री सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के दो छात्रों को सम्मानित किया गया। कक्षा 4 के इन दोनों छात्रों ने विज्ञान मेले में हिस्सा लिया था।

विद्यालय की ओर से सलाहकार सदस्य अमर कुमार और प्रधानाध्यापिका डॉ. श्रावंथी ने छात्रों को सम्मान स्वरूप एक पुस्तक भेंट की।

यह पुस्तक डी.आर.एस. नरेंद्र द्वारा लिखित भारत के प्रेरणादायक नायक - सौ महान हस्तियों का इतिहास थी।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सभी छात्रों को पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेने, मन लगाकर पढ़ाई करने और पुरस्कारों से प्रोत्साहित होने की सलाह दी।

## हिमालयीन ध्यानयोग द्वारा 'लाइफ मैनेजमेंट' पर पूज्य गुरुमाँ का विशेष प्रवचन

**हैदराबाद, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वर्तमान समय में जीवन की समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 'हिमालयीन ध्यानयोग' के प्रणेता सद्गुरु श्री शिवकृपानंद स्वामीजी की धर्मपत्नी पूज्य गुरुमाँ, 'लाइफ मैनेजमेंट थ्रू हिमालयीन मेडिटेशन' विषय पर एक विशेष प्रवचन देंगी।

यह कार्यक्रम 7 सितंबर 2025 को हैदराबाद के बशीर बाग, किंग कोटि रोड पर स्थित भारतीय विद्याभवन ऑडिटोरियम में दोपहर 4:30 बजे से आयोजित होगा।सद्गुरु श्री शिवकृपानंद स्वामीजी ने हिमालय में ध्यान-साधना के बाद आत्मज्ञान प्राप्त किया है और पिछले 25 वर्षों से समाज में इस ज्ञान का प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने सबसे पहले अपनी धर्मपत्नी, पूज्य गुरुमाँ, को इस ज्ञान का अनुभव करवाया था।इस कार्यक्रम में पूज्य गुरुमाँ अपनी मधुर वाणी में यह समझाएँगी कि टेक्नोलॉजी के इस युग में हमारे जीवन के अनेक प्रश्नों का समाधान कैसे पाया जा सकता है। यह प्रवचन हर आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी है, जहाँ वे जान पाएंगे कि 'हिमालयीन ध्यानयोग' कैसे हमारी दैनिक दिनचर्या को बेहतर बना सकता है।



यह एक जीवन बदलने वाला कार्यक्रम हो सकता है। इच्छुक व्यक्ति रजिस्ट्रेशन के लिए 8500369811 पर संपर्क कर सकते हैं।



आरामघर चौरस्ता स्थित श्री सर्व मनोकामना पूर्ति हनुमान मंदिर में शनि अमावस्या के पावन अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया।इस मौके पर मंदिर के संस्थापक पंडित गणेश जोशी महाराज और चेतन मूंदड़ा ने विशेष अनुष्ठान और पूजाएँ संपन्न कीं। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया और हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## विश्व मंगल गौशाला में भाद्रपद अमावस्या पर अन्न प्रसाद का आयोजन



**हैदराबाद, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विश्व मंगल गौशाला में भाद्रपद अमावस्या के पावन अवसर पर सभी गौ भक्तों ने तन, मन और धन से सेवा दी।

इस मौके पर डूंगाराम सीरवी सिकंदराबाद और दौलाराम प्रजापत ने भोजन प्रसादी का लाभ लिया, जबकि रमेश प्रजापत और जयराम सिरवी व मुकेश ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किए।

इस कार्यक्रम में गौशाला के मुख्य सचिव शांतिलाल सुथार और उदय भास्कर ने सभी गौ भक्तों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर चेनाराम सीरवी, कानाराम, चौथाराम, रतनाराम देवासी (महादेव डोर्स), बगदाराम देवासी, हनुमान राम, शोषाराम देवासी, जबराराम, हजारीमल बुद्धाराम, विजय दास, महीपाल, नारायणराम और पुणे से आए असालाराम, सुगनाराम, मांगीलाल, अनूपाराम सुथार व मदनलाल मानकराम सुथार सहित कई अन्य गौ भक्त उपस्थित थे।

माथुरवैश्य सोसाइटी (Regd. 341/2024)
SOCIAL SERVICE / HEALTH / EDUCATION
स्नेह निमंत्रण
वार्षिक उत्सव
ANNUAL GENERAL MEETING
कार्यक्रम की झलक : ईश वंदना, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, ग्रुप डांस प्रतियोगिता, आत्मरक्षा, नाटक प्रतियोगिता एवं तम्बोला। स्वादिष्ट एवं सुरुचि दोपहर का भोजन, हाई-टी व नाश्ता। मेधावी छात्रों का सम्मान।
प्रायोजक :
- पढ़ाई में सहयोगकर्ता : माथुर वैश्य समाज चैरिटेबल ट्रस्ट
- फैंसी डांस एवं नाटक सहयोगकर्ता : श्रीमती जौली गुप्ता, श्रद्धा गुप्ता
- तम्बोला सहयोगकर्ता : विमल गुप्ता-सपना गुप्ता
- विज्ञापन सहयोगकर्ता : राजीव गुप्ता-अमित गुप्ता
रात्रि भोजन।
रविवार दि: 24 अगस्त 2025
Timmings: Morning 11:00 am to Evening 9:00 pm
Venue: BALAJI CONVENTION, Rajender Nagar, Shamshabad, R.R. Dist.
निवेदक : अमित गुप्ता (अध्यक्ष) | प्रदीप गुप्ता (महामंत्री)
सोसाइटी के सभी सदस्यों से अनुरोध है की वह अपना Privilege Membership Card अवश्य लाये एवं समय पर पहुँच कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाए
Ph : 7893270189, 6305670189

PHYSIOTHERAPY
dr guptas
Physiotherapy Clinic & Sports Rehab
DR PRASHANTH DEV GUPTA ( PT ) BPT, CMT
We Treat
- Back & Neck Pain
- Sports Injuries
- Arthritis & Joint Pain
- Post-Surgery Rehab
- Stroke & Neuro Rehab
- Shoulder Pain
- Knee Pain
- Sciatica
- Fractures & Stiffness
- Muscle Weakness
Home Visits Also Available
Address : Aghapura, Canara Bank Lane, near Chote (Bal) Hanuman Temple, above Metal Exchange, Sitarampet, Mangalhat, Hyderabad, Telangana - 500012
08801712331 09966209355
Best Compliments from
VIRENDER KUMAR AGARWAL
NAVIN KUMAR AGARWAL
MUKESH KUMAR AGARWAL
RAJESH KUMAR AGARWAL
SURESH BANSAL
RAM KISHAN AGARWAL





# शुभ-लाभ परिवार के अभिभावक श्री गोपाल अग्रवाल को दी गई अश्रुपूरित विदाई, शोक संवेदनाओं का क्रम जारी

*हैदराबाद, 23 अगस्त (ब्यूरो)।*

*शुभ-लाभ परिवार के अभिभावक श्री गोपाल अग्रवाल को आज सैकड़ों नागरिकों ने अश्रुपूरित विदाई दी। स्थानीय पुराना पुल स्थित श्मशानघाट पर स्व. अग्रवाल के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ। स्वर्गीय अग्रवाल के प्रति शोक-संवेदनाएं प्रेषित करने का क्रम लगातार जारी है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियों और प्रतिष्ठित नागरिकों की शोक-संवेदनाएं हम शुभ-लाभ में प्रकाशित कर रहे हैं।*

## पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति: श्री गोपाल जी अग्रवाल का निधन

हमें यह जानकर अत्यंत दुख हुआ कि शुभ लाभ हिंदी दैनिक समाचार पत्र के सर्वेसर्वा, श्री गोपाल जी अग्रवाल, का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके जाने से पत्रकारिता जगत और उनके चाहने वालों को गहरा आघात लगा है।

किसी अपने को खोने का दर्द शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। यह एक ऐसा घाव है जो बाहर से भले ही दिखाई न दे, पर अंदर से व्यक्ति को पूरी तरह तोड़ देता है। श्री गोपाल जी अग्रवाल जैसे प्रिय व्यक्ति का हमारी जिंदगी से जाना बेहद दुखदायी है। उनके साथ बिताए गए पल और उनके द्वारा दी गई खुशियों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। उनकी स्मृति हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेगी। ॐ शांति ।

**–बंडारू दत्तात्रेय**
**पूर्व राज्यपाल**

## गोपाल अग्रवाल जी अपने जीवन में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपार योगदान दिया

बड़ी दुखद और हृदयविदारक खबर है कि हमारे प्रिय शुभ लाभ हिंदी दैनिक समाचार पत्र के सर्वेसर्वा, श्री गोपाल जी अग्रवाल, का आकस्मिक निधन हो गया है। वे हमारे बीच से इस दुनिया से अचानक विदा हो गए, और इस सदमे से हम सभी गहरे शोक में डूब गए हैं।

श्री गोपाल जी अग्रवाल का नाम हर घर में सम्मान और श्रद्धा के साथ लिया जाता है। उन्होंने अपने जीवन में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपार योगदान दिया, और अपने ईमानदार, निष्पक्ष और जागरूक पत्रकारिता के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। उनके विचार, उनकी मेहनत और समर्पण की मिसाल आज भी लोगों के मन में जीवित हैं।

उनकी इस असामयिक मृत्यु से केवल उनके परिवार ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण पत्रकारिता जगत, समाज और शुभ लाभ हिंदी दैनिक के पाठक वर्ग भी गहरे शोक में डूब गया है। उन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा और पत्रकारिता के लिए समर्पित किया, और उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा।

यह दुखद घड़ी हम सभी के लिए अत्यंत कठिन है, और हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि स्वर्गीय श्री गोपाल जी अग्रवाल की आत्मा को शांति प्रदान करें। उनके परिवारजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। हम उनके अधूरे सपनों और स्वप्नों को पूरा करने का संकल्प लेते हैं।

उनकी आत्मा को शांति मिले, और उनकी यादें सदैव हमारे हृदयों में जीवित रहें।

**– अनिरुद्ध गुप्ता,**
**अध्यक्ष अग्रवाल समाज तेलंगाना**

## गोपाल जी ने समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता का दीप जलाया

शुभ लाभ हिंदी दैनिक समाचार पत्र के आदरणीय सर्वेसर्वा श्री गोपाल जी अग्रवाल का आकस्मिक निधन की खबर सुनकर हर हृदय व्यथित और स्तब्ध रह गया है।

श्री गोपाल जी अग्रवाल का नाम एक मिसाल के रूप में लिया जाता रहा है, जिन्होंने अपने जीवन में पत्रकारिता के क्षेत्र में अद्भुत कार्य किया।

उन्होंने सदैव सत्य और निष्पक्षता का मार्ग अपनाया, और समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता का दीप जलाया। उनके प्रयास, उनके संस्कार और उनका समर्पण समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत रहेंगे।

उनकी असामयिक मृत्यु ने हम सभी को गहरे शोक में डाल दिया है। उनके बिना यह समाचार पत्र, उनका यह परिवार और उनका समाज, एक अनसुलझी कसक और भारी दुःख के साथ महसूस कर रहा है।

उनके जाने से एक युग का अंत हो गया है, जिसने सदैव समाज के हित में कार्य किया। यह समय उनके परिवार और प्रियजनों के लिए अत्यंत कठिन है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि स्वर्गीय श्री गोपाल जी अग्रवाल को स्वर्ग में स्थान मिले, और उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उनके इस संसार से जाने का दुख हमें सदैव याद रहेगा, और उनके आदर्श हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहेंगे।

इस दुखद घड़ी में हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह सबको साहस और धैर्य प्रदान करें। उनके सद्गुण और उनकी स्मृतियों को सदैव जीवित रखेंगे।

**–प्रमोद केडिया,**
**चेयरमैन, अग्रसेन बैंक**

## मीडिया जगत का एक उज्जवल सितारा बुझ गया



हमारे प्रिय शुभ लाभ हिंदी दैनिक के मार्गदर्शक श्री गोपाल जी अग्रवाल का असामयिक निधनकी खबर सुनकर सम्पूर्ण परिवार, मित्र, सहयोगी और शुभचिंतक सभी स्तब्ध और शोकाकुल हैं। श्री गोपाल जी अग्रवाल ने अपने जीवन में पत्रकारिता के क्षेत्र में अद्भुत समर्पण और ईमानदारी का परिचय दिया। उन्होंने सत्य के मार्ग पर चलकर समाज में जागरूकता फैलाने का अपना कर्तव्य निभाया। उनका व्यक्तित्व, उनका अनुभव और उनके विचार सदैव हमारे लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे। उनके निधन ने न केवल एक महान व्यक्तित्व को हमसे छीन लिया है, बल्कि हमारे समाज और मीडिया जगत का एक उज्जवल सितारा भी बुझ गया है। उनकी अनुपस्थिति में यह संसार अधूरा सा प्रतीत होता है। उनकी यादें और उनकी शिक्षाएँ हमें आगे बढ़ने का संबल देंगी। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि स्वर्गीय श्री गोपाल जी अग्रवाल को स्वर्ग में स्थान मिले और उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उनके परिवारजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। हम उनके प्रति अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं।

**–सीए नवीन कुमार अग्रवाल,**
**वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अग्रसेन बैंक**

## शोक संदेश

श्री गोपाल जी अग्रवाल (शुभ लाभ हिंदी दैनिक समाचार पत्र) के आकस्मिक निधन पर हमें गहरा दुख है।इस दुःख की घड़ी में हम शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करते हैं।ईश्वर दिवंगत आत्मा को सद्गति और मुक्ति प्रदान करे। हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर परिवार के सदस्यों को इस कठिन समय का सामना करने के लिए साहस, संबल और शक्ति प्रदान करे।समय के साथ यह दर्द कम हो और आपको अपने प्रियजन की यादों में शांति और सुकून मिले।

**– राम प्रकाश गोयल,**
**गोयल फार्मा, सुल्तान बाजार**

## हिंदी पत्रकारिता के लिए अपूरणीय क्षति

डेली शुभ लाभ, हैदराबाद के सम्पादक श्री गोपाल अग्रवाल जी के असामयिक निधन पर स्तब्ध हूं। उनका जाना न केवल व्यापार जगत के लिए अपितु हिंदी पत्रकारिता के लिए अपूरणीय क्षति है। एक सफल व्यवसायी होते हुए भी गोपाल जी ने हिंदी समाचार पत्र की शुरुआत करके हिंदी पत्रकारिता को नया आयाम दिया। मुझे आज भी याद है जब हम 5 लोगों ने मिलकर शुभ लाभ समाचार पत्र का पहला संस्करण प्रकाशित किया था। इसके लिए गोपाल जी ने बालानगर स्थित अपने ऑफिस का चैंबर हमें सौंप दिया था और स्वयं ग्राउंड फ्लोर पर स्थित ऑफिस में बैठने लगे। उन्होंने बहुत ही मेहनत और लगन से इस समाचार पत्र को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इतना ही नहीं, सूत्रधार साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था, हैदराबाद द्वारा आयोजित समस्त कार्यक्रमों की रिपोर्ट को शुभ लाभ में प्रमुखता से प्रकाशित करके मेरा उत्साहवर्धन किया।

मैं दिवंगत आत्मा के प्रति मेरी ओर से एवं समस्त सूत्रधार साहित्यिक परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि वे उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें।

**–सरिता सुराणा**
**पूर्व फीचर एडिटर**
**डेली शुभ लाभ, हैदराबाद**

## हमने एक सच्चे दोस्त और मानवता के मूल्यों को समझने वाले हमदर्द को खो दिया

उद्योगपति गोपाल जी अग्रवाल के निधन के समाचार से वैश्य समाज, व्यापार, उद्योग और धार्मिक-सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर छा गई है।

पूना के चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने इसे समाज के साथ-साथ अपनी व्यक्तिगत क्षति बताया। मुंबई के घनश्याम दास मोदी और अनूप गोयल ने कहा कि समाज ने एक ऐसे धनी व्यक्ति को खो दिया है, जो सामाजिक और धार्मिक कार्यों को आगे बढ़ाने में सक्रिय थे, जिसकी क्षतिपूर्ति होना मुश्किल है।

बेंगलुरु के उद्योगपति राजकुमार और संजीव सेठ अग्रवाल ने उन्हें एक सच्चा इंसान बताया। चेन्नई से श्री ब्रह्मऋषि गुरुवानंद स्वामी के नजदीकी और श्री ब्रह्मऋषि आश्रम के एकमात्र महामंत्री तथा भवानी ट्रेडर्स के मालिक प्रताप जैन भटेरा, गोविंद अग्रवाल और विक्रम अग्रवाल ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज हमने एक सच्चे दोस्त और मानवता के मूल्यों को समझने वाले हमदर्द को खो दिया है।

इसके अलावा, भिवानी (हरियाणा) से अजय गुप्ता, बिन्नू तंवर, मीनू अग्रवाल और पत्रकार राम मेहर शर्मा ने भी शोक व्यक्त किया है। गुरुग्राम से पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सुधीर गोयल, दिल्ली से राजीव गुप्ता और जयपुर से प्रमोद पालीवाल ने भी अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

**–बिन्नू तंवर**

## श्री गोपाल जी अग्रवाल के निधन पर गहरा शोक

बेगम बाजार रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से, हम श्री गोपाल जी अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करते हैं।

गोपाल जी अग्रवाल सिर्फ एक व्यक्ति नहीं थे, बल्कि एक प्रेरणा थे जिन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा, व्यापार और धार्मिक कार्यों के लिए समर्पित किया। उनका निधन पूरे वैश्य समाज, उद्योग जगत और उन सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जो उनके नेक कार्यों से जुड़े थे।

हम परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उन्हें सद्गति एवं मोक्ष प्रदान करें। इस दुख की घड़ी में, हम उनके परिवार और मित्रों को यह हृदय विदारक पीड़ा सहने की शक्ति और साहस देने की कामना करते हैं। इस दुःख के समय में हम सब आपके साथ हैं।

**– राजगोपाल व्यास**
**अध्यक्ष, बेगम बाजार रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन हैदराबाद**

## पत्रकारिता और व्यापार जगत को गोपाल जी अग्रवाल के निधन से गहरा आघात

जाने-माने उद्योगपति और शुभ लाभ हिंदी दैनिक समाचार पत्र से जुड़े श्री गोपाल जी अग्रवाल के आकस्मिक निधन से उनके चाहने वालों और मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

डॉ. अजय अग्रवाल ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका इस समय जाना पत्रकारिता के क्षेत्र में एक बड़ा शून्य पैदा कर गया है। उन्होंने कहा कि गोपाल जी अपने निर्भीक, निडर और निष्पक्ष कार्यशैली के लिए जाने जाते थे। अपने मधुर और मिलनसार स्वभाव से उन्होंने सबका दिल जीत लिया था।

डॉ. अग्रवाल ने आगे कहा कि गोपाल जी एक मृदुभाषी, सज्जन और आत्मीय व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने न सिर्फ एक सफल व्यवसायी के रूप में अपनी पहचान बनाई, बल्कि वह एक बहुत ही धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति भी थे।

उन्होंने प्रार्थना करते हुए कहा, भगवान उनकी आत्मा को शांति और अपने चरणों में स्थान दें, और उनके परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी कमी हमेशा महसूस होती रहेगी। ॐ शांति ।

**– डॉ. अजय अग्रवाल**

## श्री गोपाल जी अग्रवाल के निधन का समाचार सुनकर हमें गहरा दुख हुआ

श्री गोपाल जी अग्रवाल के निधन का समाचार सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है। मेरी प्रार्थनाएं आपके और आपके परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और आपको इस अपार दुख को सहने की शक्ति दे। ॐ शांति ।

**– रामदेव नागला**

## श्री गोपाल अग्रवाल का जाना एक युग का अंत है

पत्रकारिता जगत के सशक्त हस्ताक्षर और लोकप्रिय दैनिक शुभ लाभ हिंदी समाचार पत्र के संस्थापक श्री गोपाल जी अग्रवाल का आकस्मिक निधन हिंदी साहित्य और पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

श्री अग्रवाल जी ने हैदराबाद जैसे बहुभाषी शहर में हिंदी की प्रतिष्ठा और गरिमा को बढ़ाने के लिए अथक प्रयास किए। उन्होंने 'शुभ लाभ डेली' की स्थापना कर यह साबित किया कि हिंदी पत्रकारिता न केवल जीवंत है, बल्कि समाज को नई ऊर्जा और दिशा देने में भी सक्षम है। उनका यह समाचार पत्र बहुत ही कम समय में लोकप्रियता की ऊँचाइयों तक पहुँच गया और आज डेली हिंदी मिलाप जैसे स्थापित पत्र के समकक्ष खड़ा है।

उनकी पत्रकारिता की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि उन्होंने अखबार को केवल खबरों का माध्यम नहीं बनाया, बल्कि उसे समाज, साहित्य और संस्कृति की धड़कन बना दिया। 'शुभ लाभ डेली' में अनेक साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं के समाचारों को प्रमुखता से स्थान देकर उन्होंने समाज को जोड़ने और संवेदनशील बनाने का कार्य किया। तेलुगु और अंग्रेजी समाचार पत्रों की गहरी समझ रखने वाले श्री अग्रवाल ने हिंदी पत्रकारिता को एक नया आयाम दिया। उनका यह योगदान पत्रकारिता जगत और हिंदी भाषा प्रेमियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा।हैदराबाद की कई प्रतिष्ठित संस्थाओं-हिंदी लेखक संघ, गीत चाँदनी, सीता युद्धवीर पुस्तकालय एवं शोध संस्थान, गोलकोंडा दर्पण, बच्चन अकादमी और कबीर चिंतन के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।वरिष्ठ गीतकार श्री चंपालाल बैद, संपादक व कवि गोविंद अक्षय, कवि संतोष कुमार मिश्रा 'माधुर्य', कवि डॉ. प्रभासचंद्र सिंह 'चंदर', कवयित्री डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, कवयित्री रत्नकला मिश्र, और कवि ठाकुर दिनेश सिंह ने कहा है कि श्री गोपाल अग्रवाल का जाना एक युग का अंत है। उनकी सादगी, सौम्यता और हिंदी सेवा के प्रति उनकी लगन को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। साहित्यिक जगत, पत्रकारिता परिवार और हिंदी समाज उन्हें हमेशा श्रद्धा और कृतज्ञता के साथ याद करेगा। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति ।

**–कवि गोविंद अक्षय**
**हैदराबाद**

## अपना एक महत्वपूर्ण और व्यक्तिगत साथी खो दिया

हमें यह जानकर अत्यंत दुख हुआ कि भाग्यनगर (हैदराबाद) के प्रसिद्ध समाजसेवी, उद्योगपति और शुभ लाभ दैनिक समाचार पत्र के अभिभावक, हमारे सामाजिक मित्र श्री गोपाल अग्रवाल जी (गोपी भाई) का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से मन अत्यंत व्यथित है।अग्रवाल समाज में किसी भी व्यक्ति को जब भी कोई तकलीफ होती थी, तो वह हमेशा आगे बढ़कर उनकी मदद करते थे। समाज के किसी भी कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहयोग देने में वह हमेशा आगे रहते थे। हिंदी समाचार पत्र 'शुभ लाभ' को ऊंचाइयों तक पहुँचाने में गोपी भाई का महत्वपूर्ण योगदान था। उनके निधन से मैंने अपना एक महत्वपूर्ण और व्यक्तिगत साथी खो दिया है।हम परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि वह दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिजनों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

**–मुकुंद लाल अग्रवाल**
**हैदराबाद**

## श्री गोपाल जी अग्रवाल को हार्दिक श्रद्धांजलि

सिमलावाला परिवार, भाग्यनगर (हैदराबाद, तेलंगाना) ने प्रसिद्ध समाजसेवी, उद्योगपति और शुभ लाभ दैनिक समाचार पत्र के अभिभावक, श्री गोपाल अग्रवाल जी (गोपी भाई) के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि गोपी भाई के निधन की खबर सुनकर मन अत्यंत व्यथित है।

इस दुख की घड़ी में, सिमलावाला परिवार ने परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति दें।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF DOB**
I, KASHAVVA HIREMATH Mother of No.15420454P NK/DVR (MT) SOMAYYA HIREMATH, Resident of Vill:Honnidibba, PO:Hoolikatti (KTR), Teh:Kittur, Dist:Belagavi, Karnataka-591112 have changed my Date of Birth from 01-07-1956 to 01-01-1958 vide Affidavit dt:23-08-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, KASHAVVA HIREMATH Mother of No.15420454P NK/DVR (MT) SOMAYYA HIREMATH, Resident of Vill:Honnidibba, PO:Hoolikatti (KTR), Teh:Kittur, Dist:Belagavi, Karnataka-591112 have changed my name from KASHAWWA to KASHAVVA HIREMATH vide affidavit dt-23-08-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, IRULAYI M Mother of No.2624340L Sep DURAIPANDI M, Resident of Vill:Illuppaikulam, PO:Karendal, Teh:Tiruchuli, Dist:Virudhunagar, Tamilnadu-626129 have changed my name and DOB from IRULAYEE, DOB:14-06-1962 to IRULAYI M, DOB:19-7-1972 vide affidavit dt:23-08-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF DOB**
I, MARIMUTHU R father of No.2624340L Sep DURAIPANDI M, Resident of Vill:Illupaikulam, PO:Karendal, Teh:Tiruchuli Dist:Virudhunagar, Tamilnadu-626129 have changed my DOB from 20-05-1962 to 07-12-1968 vide affidavit dt:23-08-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, SASUPALLI BHAVANI is legal wife of No JC-773299M, Rank- NB SUB, Name- VENKATARAMANA LAVETI, Residing at 1-526, Tulugu Veedhi, Vill & Po- Polaki, Dist -Srikakulam, A.P., PIN-532429. I have to change my Name - BHAVANI SASUPALLI to SASUPALLI BHAVANI for all purpose vide affidavit dated: 20/08/2025.

**CHANGE OF NAME**
I, SASUPALLI BHAVANI is legal wife of No JC-773299M, Rank- NB SUB, Name- VENKATARAMANA LAVETI, Residing at 1-526, Tulugu Veedhi, Vill & Po- Polaki, Dist -Srikakulam, A.P., PIN-532429. I have to change my Name - BHAVANI SASUPALLI to SASUPALLI BHAVANI for all purpose vide affidavit dated: 20/08/2025.

**CHANGE OF NAME**
I, JAYASHREE BHAGOJI is legal wife of No 15179317P, Rank- HAV, Name- RAMESH PARAPPA BHAGOJI, Residing at H.No-252, Vill & Po-Khanagoan, Teh-Gokak, Dist -Belgaum, Karnataka, I have to change my Name - JAYASHREE to JAYASHREE BHAGOJI for all purpose vide affidavit dated: 22/08/2025.

# बालाजी नगर की श्री आईजी गौशाला में अमावस्या पर भक्तों ने की गौ सेवा



**हैदराबाद, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बालाजी नगर स्थित श्री आईजी गौशाला में अमावस्या के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने अपने परिवार के साथ गौ सेवा की। सुबह से ही भक्तों ने गौशाला पहुँचकर गायों को चारा, कुट्टी, घास, फल, गुड़, चना और सब्जियाँ अर्पित कीं।

गौशाला के प्रांगण में बने राधा-कृष्ण और माताजी मंदिर में भी भक्तों ने दर्शन और पूजा-अर्चना की। इस मौके पर भजन गायक रमेश सोनी (बिलाड़ा, राजस्थान), अचलाराम हाम्बड़, मोहनलाल भायल, गीरधारीलाल प्रजापत और बबलू ने भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस पुण्य कार्य में गौशाला के अध्यक्ष मंगलाराम पंवार, सचिव हुकमाराम सानपुर, सह-सचिव ढगलाराम सेपटा, कोषाध्यक्ष नारायणलाल परिहार और भगाराम मुलेवा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

इनमें सीरवी समाज महासभा तेलंगाना प्रदेश के सचिव सोहनलाल हाम्बड़, रामलाल, अर्जुनलाल बर्फा, बाबूलाल मुलेवा, ओमप्रकाश पंवार, पवन हाम्बड़, किशनलाल पंवार, चेनाराम परिहार, चंद्र प्रकाश गेहलोत, कानाराम, बाबूलाल लचेटा, भंवरलाल बर्फ़ा, प्रकाश हाम्बड़, कालुराम काग चितल, घनश्याम पटेल, डायाराम पटेल, विकास शर्मा, किशोर शर्मा, आनंद शर्मा, सुरेश सैणचा, मोतीलाल, नारायणलाल बर्फा, रमेश, जगदीश सीरवी और कैलाश सानपुरा शामिल थे।

महिला मंडल से मैना पंवार, मांगीबाई मुलेवा और तुलसी मुलेवा ने भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी की।इसके अलावा, श्री सालासर बालाजी भक्त मंडल हैदराबाद द्वारा महाप्रसादी का भी आयोजन किया गया, जिसका भक्तों ने बड़ी संख्या में लाभ लिया।

# एनकेएस ग्रुप ऑफ कंपनीज ने 30 साल पूरे होने पर सुंदरकांड का आयोजन किया



**हैदराबाद, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

एनकेएस ग्रुप ऑफ कंपनीज ने 23 अगस्त 2025 (शनिवार) को शनि अमावस्या के शुभ अवसर पर और अपनी स्थापना के 30 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, वानस्थलीपुरम स्थित नरसिम्हाराव नगर कॉलोनी के अपने कार्यालय में एक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया।

सुबह 11:45 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में सुखेंद्र महाराज शास्त्री और उनकी भजन मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। पूजा का आरंभ गणेश जी और बालाजी भगवान की विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसके बाद हवन और आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर एनकेएस ग्रुप के चेयरमैन एन.के. सिंह, मालती देवी, निदेशक नंद किशोर सिंह, निदेशक अमरजीत सिंह, नेहा सिंह, सूर्यांश, गायत्री, लक्षजीत सहित कार्यालय के स्टाफ सदस्य पी. सुरेश, राजेंद्र तिवारी, पवन चैतन्य और कई अन्य भक्तगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया।

# राधे राधे ग्रुप द्वारा अन्नप्रसाद का आयोजन



**हैदराबाद, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राधे राधे ग्रुप ने भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या तिथि के पावन अवसर पर, (शनिवार) को, नित्य अन्नप्रसाद (नाश्ता) सेवा का आयोजन किया। यह सेवा नामपल्ली के पब्लिक गार्डन पिलर-1265 के पासा और बेगम बाजार (पुल की माता) के पास, गौशाला के समीप सुबह 7:01 बजे शुरू हुई।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से रानी दादी सती जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित किया गया था। इस पुण्य कार्य में कई परिवारों ने सहयोग दिया:

श्रीमती अनीता पित्ती (पत्नी श्री अनिलकुमार जी पित्ती)

श्री कन्हैयालालजी रामनिवासजी पित्ती परिवार ने श्रीमती तृप्ति जी अग्रवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा प्रदान की।

इस अवसर पर श्रीमती मधु जी अग्रवाल, श्रीमती तृप्ति जी अग्रवाल, श्रीमती सुची जी गुप्ता और श्रीमती अनीता जी नथानी परिवार ने भी सेवा में योगदान दिया।इस नेक कार्य में गुरुजी रमाकांत गोस्वामी, सतीश गुप्ता, आशा अग्रवाल, रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, महेश अग्रवाल, ई-जगन, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, प्रीतिका अग्रवाल, संजय गोयल, किरण गोयल, भगत राम गोयल, नंदकिशोर अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुरेश सिंघल, उषा सिंघल, सुरेश डालमिया, सतवंतीजीजी बड़ेगांववाले, जयप्रकाश बड़ेगांववाले, धर्मेंद्र गोयल, अनीता नथानी, श्याम सुंदर अग्रवाल, तृप्ति अग्रवाल, मधु अग्रवाल, सुची गुप्ता और राधे राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय हाईलाइफ प्रदर्शनी 29 से





**हैदराबाद, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत की सबसे बड़ी फैशन और लाइफस्टाइल प्रदर्शनी कळ-ङळषश एक बार फिर हैदराबाद में वापसी कर रही है। यह प्रदर्शनी 29, 30 और 31 अगस्त, 2025 को नोवोटेल, हाईटेक सिटी में आयोजित होगी, जहाँ उत्सवों के लिए खास संग्रह पेश किया जाएगा।

इस प्रदर्शनी में फैशन, ज्वेलरी, डिजाइनर वियर, और लाइफस्टाइल उत्पादों का उत्कृष्ट संग्रह देखने को मिलेगा। हाइलाईफ अपने बेहतरीन फैशन ब्रांड्स, शीर्ष डिजाइनरों और कलात्मक संग्रह के लिए जानी जाती है, जो इसे खरीदारी के शौकीनों के लिए एक खास जगह बनाती है।

प्रदर्शनी की भव्य तारीखों की घोषणा के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर अभिनेत्री रीतिका चक्रवर्ती, उर्मिला चौहान (अभिनेत्री और मिस इंडिया तेलंगाना 2023), निरुपमा, और अन्य फैशन प्रेमी उपस्थित थे। इन सभी ने मिलकर कळ-ङळषश प्रदर्शनी का पोस्टर जारी किया और तारीखों की घोषणा की।

यह प्रदर्शनी अपने आकर्षक संग्रह के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें उत्सवों, शादियों और दैनिक जीवन से जुड़े कपड़े, डिजाइनर परिधान, एक्सेसरीज, ज्वेलरी, लग्जरी उत्पाद और घर की सजावट की चीजें शामिल होंगी।




# चेन्नूर में एसबीआइ बैंक में बड़ा घोटाला, मुख्य आरोपी कैशियर फरार

**चेन्नूर, 23 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

चेन्नूर नगर के पुराने बस स्टैंड इलाके में स्थित एसबीआई बैंक में एक बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। इस घोटाले में 12 करोड़ 61 लाख के सोने के आभूषण और 1 करोड़ 10 लाख की नकदी का गबन हुआ है। इस बड़े घोटाले का मुख्य आरोपी बैंक का कैशियर रविंदर है, जो घटना के बाद से फरार है।

नगर सीआई देवेंद्र राव ने बताया कि यह खुलासा बैंक के उच्च अधिकारियों की ऑडिट रिपोर्ट के बाद हुआ। रिपोर्ट में कुल 13 करोड़ 71 लाख के घोटाले की बात सामने आई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि इस घोटाले का मास्टरमाइंड जयपुर मंडल के सेटुपेल्ली गाँव का रहने वाला कैशियर रविंदर (-1) है। उसकी तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं।

पुलिस ने बैंक ग्राहकों को आश्वासन दिया है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और किसी भी ग्राहक को वित्तीय नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

मंचेरियाल एसबीआई के क्षेत्रीय व्यापार प्रबंधक रितेश कुमार गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 21 अगस्त 2025 की सुबह शाखा खुलने पर नकदी और ग्राहकों द्वारा गोल्ड लोन के लिए जमा किए गए कुछ आभूषण गायब मिले। इसके अलावा, कैश इंचार्ज का मोबाइल भी बंद पाया गया।

उन्होंने कहा कि बैंक की लिखित शिकायत के आधार पर चेन्नूर नगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर (संख्या 219/2025) दर्ज की गई है। गुप्ता ने ग्राहकों को आश्वस्त किया कि बैंक उनकी जमा राशि और आभूषणों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा और उन्हें कोई वित्तीय हानि नहीं होगी।















श्री गणेशाय नम : | जय श्री कृष्णा | श्री आईमाताय नम : | श्री हनुमंते नम : | श्री खेतलाजी नम :




# श्री आईमाताजी का 610 वाँ अवतरण समारोह एवं

## सीरवी समाज जीडिमेटला हैदराबाद तेलंगाना का





# बाईसवाँ (22) वार्षिक सम्मेलन

**शुभ स्थल : श्री आई माता मंदिर (बड़ेर), जीडिमेटला, हैदराबाद. फोन : 23191111**

:कार्यक्रम विवरण:

**रविवार, 24 अगस्त 2025**
**रात्रि 9 बजे से भजन जागरण**



: भजन गायकार :
रमेश सोनी एंड पार्टी
बिलाड़ा, राज.

: बोलियां :
भजन संध्या के दरम्यान मध्यरात्री

### :निवेदन:

सभी स्वजातिय भाई-बहनो व भक्तो से निवेदन है कि सपरिवार पधारकर भजन, कार्यक्रम एवं भोजन-प्रसादी का लाभ लेवे

: विशेष निवेदन : सभी स्वजातिय बन्धुओ से निवेदन है कि सोमवार, 25 अगस्त 2025 को अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर कार्यक्रम का लाभ लेवे

## : निवेदक : कार्यकारिणी समिति-सीरवी समाज जीडिमेटला-हैदराबाद (तेलंगाना)

:कार्यक्रम विवरण:

**सोमवार, 25 अगस्त 2025**

प्रातः 8 बजे से श्री आईमाँ की आरती व उच्च बोली लेने वालों द्वारा पूजा-अर्चना व स्वागत | प्रातः 10 बजे धर्मसभा, समाज के बाल-कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम

----- : मुख्यअतिथि : -----



के.पी. विवेकानन्द गौड़, विधायक कुतबुलापुर | श्रीशैलम गौड़, पूर्व विधायक

मुख्यअतिथियो का स्वागत एवं उद्बोधन: सुबह 11:30 बजे

: सम्मानित अतिथि :
श्रीमान सुरेश रेड्डी, कॉर्पोरेटर, 130 डिविजन, सुभाषनगर
श्रीमान विजय शेखर गौड़, कॉर्पोरेटर 127 डिविजन, रंगारेड्डीनगर
श्रीमान रंगा राव, पूर्व कॉर्पोरेटर

**महाप्रसादी प्रातः 11.15 बजे से**



: अध्यक्ष : मांगीलाल काग | : उपाध्यक्ष-1 : अर्जुनलाल बर्फा | : उपाध्यक्ष-2 : केराराम सिन्दड़ा | : सचिव : नारायणलाल वरपा | : सहसचिव : प्रेम पंवार | : कोषाध्यक्ष : भंवरलाल काग

: कार्यकारिणी सदस्य :



शेषाराम पंवार, लाबुराम चोयल, मांगीलाल सोलंकी, उदाराम काग, मोहनलाल काग, राजुराम लचेटा, ताराराम बर्फा, मांगीलाल मुलैवा, मुलाराम पंवार, भैराराम काग, देवाराम मुलैवा, भुराराम काग, भुण्डाराम बर्फा, मुकेश भायल



: कार्यकारिणी सदस्य : देवाराम बर्फा, बुदाराम काग, नारायणलाल सैंणचा, शेषाराम परिहारिया, ओमप्रकाश राठौड़
: मनोनित सदस्य : रावतराम बर्फा, मंगलराम पंवार, चुतराराम सोनपुरा
: सलाहकार : बाबुलाल चोयल, सोहनलाल परिहार, दुर्गाराम मुलैवा
पुजारी पंडित बलराम

**: अध्यक्ष : मांगीलाल काग 9676147019 : सचिव : नारायणलाल वरपा 9440885229**

### सीरवी समाज जीडिमेट्ला हैदराबाद नव-निर्वाचित कार्यकारिणी समिति

संरक्षक : बाबुलाल चोयल, चेनाराम चोयल, मांगीलाल काग,
अध्यक्ष : रावतराम बर्फा
उपाध्यक्ष : सोहनलाल परिहार, दुर्गाराम मुलेवा
सचिव : प्रेम पंवार, सह-सचिव : मंगलराम पंवार
कोषाध्यक्ष : भंवरलाल काग
कार्यकारिणी सदस्य :
मोहनलाल मुलेवा, सोहनलाल हाम्बड़, जयरामलाल परिहार, चंदनाराम चोयल, उदाराम काग, शेषाराम पंवार, मोहनलाल गेहलोत, चन्द्रप्रकाश बर्फा, रतनाराम भायल, खींवाराम काग, राजेश मुलेवा, घेवरराम पंवार, मुलाराम पंवार, भुण्डाराम बर्फा, अन्नाराम काग, जीवाराम हाम्बड़, केनाराम मुलेवा, मांगीलाल सोलंकी, लुम्बाराम मुलेवा
मनोनित सदस्य :
कानाराम बर्फा, देवाराम बर्फा, मोहनलाल काग, राजूराम लचेटा, शेषाराम परिहारिया
सलाहकार : महेन्द्र देवड़ा, संतोष चोयल, अर्जुनलाल बर्फा, शंकरलाल बर्फा, भीमाराम काग

-------: शुभकामनाओ सहित :-------

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भंवरलाल काग<br>श्री माताजी ज्वैलर्स<br>गाँधी नगर, हैदराबाद | मोहनलाल चौधरी<br>पॉन ब्रोकर्स<br>ग्रीन होटल गली, चिन्तल | सुखदेव काग<br>भवानी ज्वैलर्स<br>ग्रीन होटल गली, चिन्तल | गुणेशराम चोयल<br>दीपक हार्डवेयर<br>ग्रीन होटल गली, चिन्तल | मोहनलाल गेहलोत<br>ओम फायबर प्रोड्क्ट्स<br>चिन्तल | जयराम चौधरी<br>जगदम्बा ज्वैलर्स<br>हसमतपेट, बोईनपल्ली | CA शिल्पा चौधरी<br>CHARTERED ACCOUTANTS<br>हसमतपेट, बोईनपल्ली |
| मांगीलाल गेहलोत<br>प्रकाश हार्डवेयर<br>हसमतपेट, बोईनपल्ली | कानाराम बर्फा<br>A.M. ज्वैलर्स<br>सुचित्रा | सुरेश चौधरी<br>लक्ष्मी सेनीटीरी अंड पैन्ट्स<br>सुचित्रा | भुण्डाराम बर्फा<br>हरीओम ज्वैलर्स<br>सुचित्रा | राजुराम लचेटा<br>गणपत ज्वैलर्स<br>सुभाष नगर | उदाराम काग<br>जय केसरिया फैन्सी स्टोर<br>चिन्तल | थानाराम पंवार<br>आई माता ज्वैलर्स<br>सुचित्रा |
| चुन्नीलाल परिहार<br>जय हनुमान हार्डवेयर<br>चिन्तल | पाबुराम<br>पाबुराम ज्वैलर्स<br>चिन्तल | मोहनलाल मुलेवा<br>साई बाबा ज्वैलर्स<br>चिन्तल | जीवाराम मुलेवा<br>महालक्ष्मी ज्वैलर्स<br>चिन्तल | ढगलाराम पंवार<br>गणेश ज्वैलर्स<br>चिन्तल | सोहनलाल परिहार<br>पदमा ट्रेडर्स<br>चिन्तल | सुकाराम<br>गंगा ज्वैलर्स<br>चिन्तल |
| प्रकाश पंवार<br>शिवशक्ति ज्वैलर्स<br>सुराराम | प्रकाश देवड़ा<br>पवन ट्रेडर्स<br>सुराराम | चेनाराम चोयल<br>विकास प्लायवुड अंड हार्डेवेयर<br>बापुजी नगर | मांगीलाल सोलंकी<br>श्री गणेश हार्डवेयर अंड प्लायवुड<br>बापुजी नगर | प्रकाश हाम्बड़<br>विकास ग्लास हाऊस<br>बापुजी नगर | नारायणलाल सैणचा<br>लक्ष्मी इलेक्ट्रिकल्स<br>हसमतपेट | मुलाराम पंवार<br>साईबाबा ज्वैलर्स<br>जगतगिरीगुट्टा |
| शेषाराम पंवार<br>धनलक्ष्मी ज्वैलर्स<br>जगतगिरीगुट्टा | नेमाराम सैणचा<br>एन.आर. ज्वैलर्स<br>जगतगिरीगुट्टा | चुतराराम सोनपरा<br>बालाजी ज्वैलर्स<br>जगतगिरीगुट्टा | लुम्बाराम मुलेवा<br>महालक्ष्मी ट्रेडर्स<br>बोईनपल्ली मार्केट यार्ड | रावतराम बर्फा<br>हनुमान ज्वैलर्स<br>मेड़चल | शेषाराम परिहारिया<br>जगदम्बा ज्वैलर्स<br>मेड़चल | मोहनलाल<br>दुर्गा ज्वैलर्स<br>मेड़चल |
| नारायणलाल खण्डाला<br>हनुमान ट्रेडर्स<br>मेड़चल | राजेश मुलेवा<br>जयलक्ष्मी हार्डवेयर<br>मेड़चल | मोहनलाल<br>ग्रीन जैम लाईटिंग<br>कानाजीगुडा | मुकेश भायल<br>मंगलदीप हार्डवेयर<br>कानाजीगुडा | केनाराम मुलेवा<br>धनलक्ष्मी इलेक्ट्रिकल्स<br>कानाजीगुडा | ताराराम बर्फा<br>श्री राम एजेन्सी<br>शापुरनगर | चन्द्रप्रकाश<br>प्रवीण ज्वैलर्स<br>अपुरुपा कॉलोनी |
| | | | मोहनलाल मुलेवा<br>सीरवी ब्रदर्स<br>सुचित्रा रोड, जीडिमेटला | | | |

AA MAA ADS

---

|| श्री गणेशाय नमः ||   || श्री आई मात्रे नमः ||   Regd. No. 1365/2009   || श्री हनुमते नमः ||



## सीरवी समाज शमशाबाद हैदराबाद-तेलंगाना

वि.सं. 2082, भादवा सुदी बीज

श्री आई माताजी के 610 वें अवतरण दिवस एवं सीरवी समाज शमशाबाद का ग्यारहवां वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर सभी बन्धुओं को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएँ

**भादवा सुदी एकम रविवार, दि. 24-8-2025**

माताजी की पूजा अर्चना एवं आरती......सायं 7-15 बजे
भोजन प्रसादी..........................सायं 7-30 बजे से
महिला मंडल द्वारा हरजस....................8-00 बजे से
विशाल जागरण (सम्पूर्ण रात्रि)........रात्रि 9-15 बजे से
बोलिया : रात्री 10-30 बजे से
भजन गायक कलाकार : श्री हेमराज ईड़वा, श्री नेतराम तिवारी (रामदेव साउन्ड सिस्टम, हैदराबाद)

**भादवा सुदी बीज सोमवार, दि. 25-8-2025**

महा आरती...........................................प्रातः 9-15 बजे
(बोली दाताओं द्वारा माताजी की विशेष पूजा, अर्चना एवं आरती होगी)
सांस्कृतिक कार्यक्रम..........10-30 बजे से बच्चों एवं महिलाओं द्वारा
धर्म सभा...........................................11-30 बजे से
अतिथियों का स्वागत, बोली दाताओं का स्वागत,
कोषाध्यक्ष महोदय द्वारा वर्ष भर के आय-व्यय का लेखा जोखा का विवरण दिया जायेगा
अध्यक्ष द्वारा आम सभा को संबोधित किया जायेगा
सचिव महोदय द्वारा आम सभा का स्वागत भाषण संबोधित करना
महाप्रसादी...........................................दोपहर 1-15 बजे से
मुख्य अतिथि : श्री प्रभुरामजी (शमशाबाद एयरपोर्ट में कमांडेंट)



|| शुभ स्थल ||
श्री आई माताजी मन्दिर (बडेर)
पेद्दाशापुर ताण्डा, शमशाबाद, हैदराबाद

सीरवी समाज के समस्त स्वजातीय धर्म प्रेमी बंधुओं से विनम्र निवेदन है कि आप सहपरिवार एवं अपने इष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित है। सभी भाई बन्धु अपना कीमती समय देकर इस महोत्सव की शोभा बढ़ाएँ।

| | | |
|---|---|---|
| हरजीराम काग<br>मुख्य संरक्षक<br>9440487031 | आशाराम गेहलोत<br>अध्यक्ष<br>9110757880 | भोलाराम पंवार<br>सचिव<br>7672066635 |

केसाराम काग, शिक्षा समिति अध्यक्ष | भीकाराम काग, शिक्षा समिति सचिव | पारी देवी काग, महिला मंडल अध्यक्षा | भारती परिहारिया, महिला मंडल सचिव

नोट : दि. 25 अगस्त 2025 को भादवा सुदी बीज महोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए शमशाबाद बडेर के सभी स्वजातीय बंधुओं अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। सम्पूर्ण कार्यक्रम का लाईव प्रसारण सीरवी समाज सम्पूर्ण भारत डॉट काम पर किया जाएगा।

AAI MAA ADS

---

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की समाज बन्धुओं को हार्दिक बधाई



## श्रीमती गौरी देवी काग

पंचायत समिति सदस्य, रायपुर
अध्यक्ष, विकास एवं उत्पादन समिति, रायपुर
जिला संयोजक, बेटी बचाओं - बेटी पढ़ाओं
सलाहकार, सीरवी समाज शमशाबाद बड़ेर

**हेमा ज्वैलर्स, राजेन्द्रनगर, हैदराबाद**



भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की समाज बन्धुओं को हार्दिक बधाई

**गोविंदराम हाम्बड़**
**तेजाराम हाम्बड़**
समाज सेवी, गौभक्त
आई माँ ट्रेडिंग, गंडीमैसम्मा



भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ



## हीराराम खण्डाला

सह-सचिव, सीरवी समाज
तेलंगाना पारसीगुट्टा

**बालाजी ट्रेडर्स**

Distributor : Godrej SHEENLAC

उस्मानशाही, गौलीगुड़ा, हैदराबाद

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की समाज बन्धुओं को हार्दिक बधाई

Jagdish Sirvi
9347945230
AAIMAA ADS
4-198/16, HR Complex, Opp Nayara Petrol Pump, Dommara Pochampally, Gandimaisamma X Road, Medchal, Hyderabad - 500 043. T.S.
E-mail : jagdishsirvi2014@gmail.com
Hindi Milap
Swantantra Vaartha
Subhlabh
Hindi Daily

---

|| श्री गणेशाय नमः ||   || श्री आई माताय नमः ||   || श्री भेरुजी नमः ||



## सीरवी विकास मण्डल नाचारम मल्लापुर बडेर

# नवम वार्षिक सम्मेलन एवं

## श्री आईमाताजी का 610 वां अवतरण दिवस

शुभ स्थल : सीरवी विकास मण्डल नाचारम मल्लापुर बडेर

-: मांगलिक कार्यक्रम :-

**रविवार, दि. 24-8-2025**
सायं 4-00 बजे 7-00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम
रात्रि 7-15 बजे से 10 बजे तक भजन संध्या
श्री आई माता भजन मंडली द्वारा

**सोमवार, दि. 25-8-2025**
प्रातः 10-15 बजे महा आरती
अध्यक्ष व सचिव द्वारा सम्बोधन व कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय विवरण
प्रातः 11-30 बजे से महाप्रसादी

नोट : समाज बन्धुओं से निवेदन है कि 25 अगस्त को अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सपरिवार पधारकर दर्शन, महा आरती व महा प्रसादी का लाभ लेवें

**निवेदक : सीरवी विकास मण्डल नाचारम मल्लापुर बडेर**

| अध्यक्ष | सचिव | महिला अध्यक्षा | महिला सचिव |
|---|---|---|---|
| तुलसाराम सिन्दर्डा | ओकाराम पंवार | पार्वती देवी पंवार | कविता देवी चोयल |
| 9618097445 | 9642009233 | | |

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.